e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

वर्ष 11, अंक 121

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

शनिवार

04.05.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

जीवन में हमेशा आशावादी रहेंगे, तभी आप लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### अमित शाह के एडिटेड वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस का एक्शन, अरुण रेड्डी गिरफ्तार

**नई दिल्ली** : अमित शाह के डीप फेक वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस ने पहली गिरफ्तारी की है। अरुण रेड्डी को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है और कल उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक अरुण रेड्डी स्पिरिट ऑफ कांग्रेस के नाम से सोशल मीडिया पर अकाउंट चला रहा था और अमित शाह के एडिटेड वीडियो को पोस्ट किया था। जानकारी के मुताबिक अरुण रेड्डी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का सोशल मीडिया नेशनल कॉर्डिनेटर है। रेड्डी पर अपने मोबाइल से सबूत मिटाने का भी आरोप है ऐसे में उसके मोबाइल फोन को भी फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जा रहा है।

### पाकिस्तान में भीषण बस दुर्घटना, 20 की मौत, कई गंभीर रूप से घायल

**नई दिल्ली** : उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में शुक्रवार को एक यात्री बस के पहाड़ी रास्ते से फिसलकर गहरी खाई में गिर जाने से कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए. इस घटना में घायल सभी लोगों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जहां उनका फिलहाल इलाज चल रहा है. एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र के डायमर जिले में काराकोरम राजमार्ग पर करीब साढ़े पांच बजे हुई. बस रावलपिंडी से हुंजा जा रही थी.अधिकारी ने बताया कि चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया जिससे वाहन पलट गया और सिंधु नदी के किनारे जा गिरा.घटना के वक्त बस में 43 यात्री सवार थे. उन्होंने बताया कि घायलों को चिलास अस्पताल में ले जाया गया है.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 40° |
| न्यूनतम | 26° |

रांची में पीएम मोदी ने भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के साथ किया रोड शो, उमड़ी भीड़

# झारखंड भाजपा की देन : पीएम मोदी

### चाईबासा में प्रधानमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा व अर्जुन मुंडा के लिए मांगा वोट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार की शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रांची एयरपोर्ट पर पहुंचे। यहां बड़ी संख्या में भाजपा के नेता, सांसद व विधायक उपस्थित थे। ढोल मांदर के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत किया गया। यहां से शुरू हुए रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री ने बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।उनकी एक झलक पाने को लेकर सड़कों के दोनों तरफ और इमारतों पर लोग बेताब थे। प्रधानमंत्री खुली जीप में सवार थे। उनके साथ रांची लोकसभा सांसद संजय सेठ व भाजपा विधायक अमर बाउरी थे। प्रधानमंत्री का काफिला हरमू रोड के भारत माता चौक से न्यू मार्केट रातू रोड होते हुए राजभवन पहुंचा। यहां राज्यपाल ने स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने यहां रात्रि विश्राम किया। पीएम शनिवार को पलामू और लोहरदगा में जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पूर्व पीएम नरेंद्र मोदी चाईबासा पहुंचे. यहां उन्होंने सिंहभूम लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार गीता कोड़ा और खूंटी से अर्जुन मुंडा के लिए लोगों से वोट करने की अपील की.पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि बीजेपी के कारण ही झारखंड राज्य का निर्माण हुआ. उन्होंने कहा कि कुछ नेता ये कहते थे कि उनकी लाश पर झारखंड का निर्माण होगा. लेकिन ये बीजेपी की ताकत थी कि झारखंड राज्य का निर्माण हुआ. पीएम ने कहा कि आयुष्मान भारत और मुद्रा योजना की शुरुआत झारखंड से शुरू हुई है.

### झारखंड में प्राकृतिक संसाधनों को लूटा जा रहा है

पीएम मोदी ने कहा कि झारखंड में बालू समेत प्राकृतिक संसाधनों को लूटा जा रहा है. छुटभैये नेता भी इसे लूटने में लगे हुए हैं. पीएम ने कहा कि आदिवासियों की जमीन लूटने के बाद. झामुमो और कांग्रेस हमारी देश के सेना की जमीन पर भी आंखे गड़ा कर रखीं हैं. वे लगातार झारखंड में घोटाला कर रहे हैं. पीएम ने कहा कि कांग्रेस झारखंड मुक्ति मोर्चा ने मिलकर झारखंड के मान सम्मान को क्षति पहुंचाई है. कांग्रेस और जेएमएम में लूट की रेस चल रही है. उन्होंने कहा कि यहां कांग्रेसी सांसद के ठिकान से 300 करोड़ रुपए नकद बरामद हुए. बैंकों से नोट गिनने वाली मशीन लगानी पड़ी.



**कांग्रेस संविधान में बदलाव कर के ओबीसी,आदिवासी और पिछड़ों का हक छीन लेगी:** पीएम ने कहा कि कांग्रेस संविधान में बदलाव कर के ओबीसी, आदिवासी और पिछड़े का हक छीन लेंगे और मुसलमानों को दे देंगे. पीएम मोदी ने कहा कि कर्नाटक में रातों रात एक फतवा निकाला गया, जिसमें ये कहा गया कि कर्नाटक में जिसने भी मुसलमान हैं वह सब ओबीसी हैं. इसके बाद उन्हें ओबीसी आरक्षण दे दिया गया और पूरा देश देखता रह गया. पीएम मोदी ने कहा कि ये मेरी गारंटी है कि उनके रहते कोई भी संविधान को हाथ भी नहीं लगा सकता.

**जमशेदपुर :** झामुमो उम्मीदवार समीर मोहंती के नामांकन में शामिल हुए सीएम

# झारखंड की सभी 14 सीटें जीतेगी इंडिया गठबंधन : चंपाई सोरेन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार बहरागोड़ा के विधायक समीर मोहंती ने शुक्रवार को नामांकन दाखिल किया। नामांकन में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, झामुमो के जिला अध्यक्ष सह घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन मौजूद रहे। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि वह झारखंड में भाजपा को एक भी सीट नहीं जीतने देंगे. उन्होंने कहा कि भाजपा झूठ और जुमले की पार्टी है. भाजपा ने साल 2014 का चुनाव जीतने के बाद कहा था कि देश से महंगाई खत्म करेंगे। काला धन वापस लाएंगे। पेट्रोल सस्ता कर देंगे। लेकिन ऐसा नहीं किया। सीएम चंपई सोरेन ने कहा कि भाजपा तानाशाही कर रही है। संविधान बदलना चाहती है। इसलिए संविधान को बचाने के लिए सभी को कमर कसना होगा।

भाजपा महंगाई खत्म नहीं कर सकती है। महंगाई दिनों दिन बढ़ रही है। रसोई गैस के दाम आसमान पर पहुंच गया। पेट्रोल भी सस्ता होने की बजाय दाम बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सिर्फ पूंजीपतियों के लिए सियासत कर रही है। किसान परेशान हैं। किसान के बेटे को नौकरी नहीं मिल रही है। मजदूर भी परेशान है।

भाजपा की केंद्र सरकार ने श्रम कानून शिथिल कर दिया है। उन्होंने सांसद विद्युत वरण महतो पर भी निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सांसद ने राखा माइंस, केंदडीह और सूरदा माइंस अब तक नहीं खुलवाई है। इससे मजदूरों को रोजगार नहीं मिल रहा है। नामांकन सभा को संबोधित करते हुए जमशेदपुर पश्चिम के विधायक स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने सभी से अपील की कि वह इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार समीर मोहंती को जिताएं। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा को समझ गई है। जनता धर्मनिरपेक्ष पार्टियों को मजबूत करेगी।नामांकन सभा में झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, वरिष्ठ नेता महुआ माजी समेत अन्य नेता मौजूद रहे। झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार समीर मोहंती ने घर से निकलने के पहले अपनी मां का पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

दिल का हाल सुने दिल वाला....

रोग नहीं, रोकथाम जरूरी

हार्ट अटैक कभी बोल कर नहीं आता ! सीने के दर्द को गैस न समझे।

यदि आपकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है, थकान, घबराहट, सीने में दर्द, साँस फूलना, चक्कर, उच्च रक्तचाप या मधुमेह हो तो एक बार हृदय विशेषज्ञों से मिलने में हर्ज़ ही क्या है?

78083 68888 | www.asarfihospital.com

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद






**संक्षिप्त खबरें**

### ठगी पीड़ित जमा कर्ता परिवार के प्रत्याशी पवन तिग्गा ने विभिन्न क्षेत्रों का किया दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को ठगी पीड़ित जमा कर्ता परिवार के समर्थित पीड़ित लोहरदगा लोक सभा प्रत्याशी श्री पवन तिग्गा मांडर विधान सभा क्षेत्र में तूफानी दौरा श्री बालक उरांव की अगुवाई में की गई। जिसमें मदरसा, महुआ टोली, तेतर टोली, बेतलांगी सॉस। लोहरदगा विधान सभा क्षेत्र के टुकू डोबा चीरी का दौरा किया गया। भरी संख्या में नन बैंकिंग से पीड़ित भुक्त भोगी निवेशकों एजेंट पहुंचे और अपनी डूबी धन वापसी के लिए अपनी एकता का परिचय देते हुए कहा हमलोग ठगी पीड़ित जमा कर्ता परिवार के प्रत्याशी श्री पवन तिग्गा को ही क्रम संख्या 11 फूलगोभी छाप में भोट देंगे और हर गांव में नन बैंकिंग कंपनियों से पीड़ित लोगो तक पहुंचेंगे और प्रचार प्रसार करेंगे। साथ में जिला अध्यक्ष मुकेश सिंह कोषाध्यक्ष सुकरू उरांव, शशि, नंदन भगत, सोमरा उरांव, माधो उरांव, जयराम उरांव,र जेंद्र यादव उपस्थित हुए।

## पुत्र ने अपने सगे पिता के देशी हथियार से गोली मार कर किया हत्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार थाना के क्षेत्र के अति सुदूरवर्ती इलाके के डगरा पंचायत के रत्नाग गाँव की 50 वर्षीय कृष्णा सिंह के अपने ही पुत्र सरोज कुमार सिंह ने भरठीया बन्दूक से गोली मारकर हत्या कर दिया। घटना बीते रात करीब 8 बजे की बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने के तत्पश्चात थाना प्रभारी श्री अमित कुमार द्विवेदी ने अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर मामला की जानकारी लिया। घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि कृष्णा सिंह की हत्या उसके पुत्र सरोज कुमार सिंह के द्वारा ही किया गया है। उन्होंने ने बताया कि घटना आपसी विवाद बताया जा रहा है, पुलिस ने शव की कब्जे मे लेकर अत्यंत परीक्षण के लिए सदर अस्पताल मेदिनीनगर भेज गया है। आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पायी है। मृतक के पत्नी के कुछ दिन पूर्व मे ही देहांत हो गयी है। समाचार लिखें जाने तक थाना मे लिखित आवेदन नहीं दिया गया।

## मतदाता जागरूकता रैली का किया गया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** राष्ट्रीय सेवा योजना मां नगीना शाही महिला महाविद्यालय नगर उंटारी के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली महाविद्यालय परिसर से चलकर गोद लिए हुए गांव नरखोरिया कला में समापन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य 13 मई 2024 को पलामू संसदीय क्षेत्र में होने वाले आम चुनाव को एक एक मतदाता सुबह सात बजे से लेकर शाम पांच बजे तक अपने मत का प्रयोग करें।कोई मतदाता छुटे नहीं। एन एस एस स्वयंसेवक श्रेया कुमारी, निशा कुमारी ने मतदाता जागरूकता हेतु स्लोगन का उद्घोष कर रहें थे। पहले मतदान करें फिर अन्य कार्य करें। मतदान प्रतिशत हर हाल में बढे। कोई मतदाता छुटे नहीं। उक्त अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य कमलेश कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. महमूद आलम, प्रो.मीरा कुमारी, प्रो.माधुरी कुमारी, प्रो.अनीता कुमारी सहित एन एस एस स्वयंसेवकों, अन्य छात्र-छात्राएं शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

## बीईओ ने शहर के दो बूथों का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया



**हुसैनाबाद, पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र के सभी बूथों पर विधि व्यवस्था को लेकर स्थानीय पदाधिकारी सक्रिय हैं। मतदाताओं की सुविधा व निर्भीक होकर मतदान करने की तैयारी जोरों पर है।इसी क्रम में हुसैनाबाद आईओ सह बीईईओ नरेश राम ने शहर के बूथ संख्या 116 कन्या मध्य विद्यालय व बूथ संख्या 125 प्लस टू बालिका उवि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में बिजली,पंखा, रैम्प,मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, शौचालय ,पीने का पानी आदि व्यवस्था का भौतिक सत्यापन किया गया। जिसमे उक्त सारी व्यवस्था उपलब्ध पाया गया।उन्होंने मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की।सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होने की बात कही। मौजूद लोगों को मतदाताओं को जागरूक करने की अपील की। मौके पर प्लस टू बालिका उवि के प्रधानाध्यापक प्रेम प्रकाश सिंह, कन्या मवि के प्रभारी प्रधानाध्यापिका नीलम कुमारी, संकुल साधन सेवी विनय कुमार सिंह, सहायक अध्यापक अविनाश कुमार सिन्हा, दिग्विजय कुमार सिंह, अजय कुमार, विनय कुमार आदि मौजूद थे।

**चैनपुर ब्लॉक मेन गेट से सटे गड्ढे दे रहे हादसे को आमंत्रण**

## ब्लॉक मेन गेट के दोनों तरफ गड्ढा का खुदाई कर निगम कर्मी लगभग 20 दिनों से दुर्घटना को कर रहें हैं नजर अंदाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर ब्लॉक का मेन गेट के दोनो तरफ़ नगर निगम द्वारा गड्ढा का खुदाई किया गया हैं जिससे की आने जाने वाले को काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं बता दें कि दोनों तरफ की गड्ढा सड़क से सटा हुआ हैं और सड़क शाहपुर रंका मुख्य मार्ग को जोड़ती हैं जिसके कारण बड़ा छोटा वाहन प्रतिदिन दिन हजारों की संख्या में आवागमन करती हैं, आवागमन के दौरान खतरा हमेशा बनी रहती हैं। लेकिन नगर निगम करीब 20 दिनों से गड्ढा का खुदाई कर छोड़ दिया हैं जबकि इसी रास्ते से प्रतिदिन प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल पदाधिकारी का वाहन गुजरती हैं लेकिन खतरा को टालने का प्रयास किसी अधिकारी ने इसमें अभी तक रुचि नहीं दिखाई। अगर गड्ढा को भरा नहीं गया इसी प्रकार छोड़ दिया गया तो कभी भी दुर्घटना घट सकती हैं।इस संबंध में नगर निगम के कर्मी छोटेलाल गुप्ता से जानकारी लिया तो उन्होंने कहा कि गर्मी को देखते हुए पानी सप्लाई में दिक्कत नहीं आए इसके लिए ब्लॉक के मेन गेट के दोनों तरफ़ पानी सप्लाई चाभी होने के कारण गड्ढा का खुदाई किया गया हैं लेकिन जल्द ही इस पर काम कर लिया जाएगा।

## पुण्यतिथी पर याद किए गए समाजसेवी ललित किशोर सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** पलामू जिला के चर्चित बराही धाम परिसर में समाजसेवी ललित किशोर सिंह की तृतीय पुण्यतिथि समारोहपूर्व मनाई गई। इस मौके पर उनके प्रतिमा पर लोगों ने माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया, मौके पर लोगों ने स्वर्गीय ललित किशोर सिंह के कृत्यों को दुहराया। ललित किशोर सिंह शुरु से सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे, उनकी सोच थी की बराही गांव के लोगों शिक्षा के साथ हर क्षेत्र में अपना नाम कमाए। उन्होंने अपने पुत्रों को ऊंच शिक्षा देकर गांव में तीन रत्न खड़ा कर गए है, उनके छोटे पूत्र रंधीर कुमार सिंह ने अपने पिता और अपनी जन्मभूमि बराही धाम में 105 फिट दक्षिणमुखी हनुमान जी का प्रतिमा स्थापित कर एक नया कीर्तिमान इस गांव में स्थापित कर दिया है, जो आज झारखंड, बिहार के लिऐ गौरव की बात है, आज इनकी कमी पूरे क्षेत्र के हर समुदाय को खल रही है, इस अवसर पर उनके बड़े पूत्र अजित सिंह उर्फ बब्लू सिंह ने अपने पिता की पुण्यतिथी की संवेदना व्यक्त की, इस श्रद्धांजलि सभा में स्वर्गीय ललित किशोर सिंह की पत्नी, के अलावा कमला सिंह, निर्भय सिंह, भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक सिंह, मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, किसान नेता अयोध्या सिंह टिकैत, मिंटू सिंह, राजा सिंह , चुनचुन सिंह, जीतेंद्र रावत, विकास कुमार, अखिलेश कुमार, धाम के पूजारी दिलीप मिश्रा अजित चौबे, समेत काफ़ी संख्या लोग शमिल थे।

## आप सुरक्षित, तो आपका पूरा परिवार सुरक्षित : आरआर अम्बस्ठा



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 3 मई 2024 को हिंडाल्को के बिमरला बॉक्साइट माइंस में हीट वेब (लू लगने) पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोहरदगा क्लस्टर हेड राजेश रंजन अम्बस्ठा, सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार की अगुवाई में माइंस परिसर में ट्रक ड्राइवर, लोडर, मशीन ऑपरेटर एवं खान कर्मी के साथ यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाप्रबंधक राजेश रंजन अम्बस्ठा ने सुरक्षा के साथ कार्य करने, सदैव काम पर जूता टोली पहनने एवं वर्तमान में हीट वेब से बचने का उपायों आदि पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि आप सुरक्षित,तो आपका पूरा परिवार सुरक्षित रहेंगे। इस अवसर पर सभी उपस्थित चालक, लोडर, ऑपरेटर एवं सुरक्षा कर्मी के बीच हीट वेब से बचाव हेतु ग्लूकोज, ओआरएस पाउडर एवं गुड़ को वितरण किया गया। खान प्रबंधक जितेंद्र कुमार ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम को वर्तमान के गर्मी में निरंतर आयोजित करने को बात कही।कार्यक्रम में सहायक प्रबंधक चंद्रकांत दुबे, अनुज सिंह, सुजीत झा, प्रज्जवल साहू, नागेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अभय भारती, कृष्णा शर्मा, उमेश कुमार, अंकित तिवारी, अर्जुन यादव, विनोद सिंह समेत कर्मी मौजूद रहे।

## तोलरा विष्णु मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाने को लेकर किया गया भिक्षाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर, पलामू :** प्रखंड क्षेत्र के तोलरा गांव में आगामी 23मई से 25मई तक विष्णु मंदिर परिसर में भव्य वार्षिकोत्सव मनाने को लेकर विष्णु मंदिर संचालन कमिटी तोलरा के ग्रामीणों के बीच आज से भिक्षाटन के लिए द्वार द्वार घुम रहा है। कमेटी के अध्यक्ष सच्चिदानंद तिवारी सचिव गोखूल तिवारी कोषाध्यक्ष धनंजय तिवारी संजय तिवारी भाजपा नेता अमरेश तिवारी ने आज वार्षिकोत्सव समारोह मनाने के लिए तोलरा के सेवानिवृत रेंजर तुलसी तिवारी के हाथो 11000 लेकर शुरुआत किया। दानदाता तुलसी तिवारी मंदिर निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान निभाए हैं इसके लिए तोलरा के वयोवृद्ध छठु तिवारी सम्मानित भी कर चुके हैं। मौके पर तुलसी तिवारी ने कहा भगवान विष्णु जगत के पालनहार हैं और मैं खुशनसीब हूं की भगवान की सेवा में आंशिक सहयोग करने का सौभाग्य मिला। कमेटी के सभी लोगों को साधुवाद देते हुए सभी को उपदेश दिए की भगवान विष्णु की सेवा में आपसब तत्पर रहें। जगत के पालनहार भगवान की सेवा से बड़ा दूसरा कोई कार्य नहीं जिसमें मंगल हीं मंगल हो। मौके पर पत्रकार राम निवास तिवारी जगन्नाथ तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## दिया दिखाने के क्रम घर में लगी आग लाखों की सम्पति जल कर हुआ राख



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** पलामू जिले के नौड़ीहा बाजार थाना क्षेत्र के अति सुदूरवर्ती पंचायत करकट्टा पंचायत के हरनी गाँव निवासी विनोद यादव नामक व्यक्ति की मंगलवार के संध्या मे बिनोद यादव के परिजनों के द्वारा घर मे संझौत दिखाने के क्रम मे आग लग गइ। करकट्टा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि श्री जनेश्वर राम शिक्षक ने दूरभाष के माध्यम से बताया कि करीब 5 किविंटल अनाज गेहूँ, महुआ, अरहर, के अलावा दो जोड़ा लकड़ी के दरवाजा, होंडा डीजल, मोटर, कपड़ा व चौकी समेत अन्य समाग्री जलकर नष्ट हो गई। पीड़ित परिजन के सहायता के लिए बीस सूत्रीय सदस्य नितीश एवं मुखिया प्रतिनिधि ने नौड़ीहा बाजार थाना व प्रखंड कार्यालय नौड़ीहा बाजार को लिखित आवेदन दिया गया है। पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि ने आवेदन सौपा। भुक्तभोगी बिनोद यादव को सहायता राशि दिलाने की भरोषा दिलाया।

## डीआरडीए कर्मी के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुए उपविकास आयुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** गढ़वा डीआरडीए कार्यालय में कार्य रत लेखापाल सह बंशीधर नगर निवासी प्रवीण कुमार के श्राद्ध कार्य में उप विकास आयुक्त पशुपति नाथ मिश्र शामिल होने बंशीधर नगर पहुचे। मृतक के परिजनों को सांत्वना बंधाया।उन्होंने मृतक पत्नि कंचन गुप्ता को ढांढस बंधाते हुये कहा की विभाग सभी तरह के आपके परिवार को सहयोग करने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा की घटना से सभी कर्मी शोकाकुल है। जिसकी भरपाई करना काफी मुश्किल है।उन्होंने परिवार में एक नौकरी देने का आश्वासन भी दिया। परिजनों ने उनसे मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने में मदद करने की मांग किया।बताते चलें कि पिछले दिनों डीआरडीए कार्यालय में नियुक्त लेखापाल प्रवीण कुमार का हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया था। मौके पर डीआरडीए के नजीर कुमार गौरव, रंजित कुमार, प्रमोद कुमार, ज्ञानेश्वर शुक्ला, प्रवीण गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, कन्हैया गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

## शरारती तत्वों ने किसान की फसल जलाई



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गेंहूं फसल में आग लगने से फसल जल कर हुआ राख किसान को हुआ आर्थिक नुकसान असमाजिक तत्वों के शरारती से किसान का मेहनत पर फिरा पानी। सेन्हा थान क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत उरु ग्राम निवासी स्व0 रघुनाथ महतो का पुत्र गांसा महतो के गेंहू खेत में असमाजिक तत्वों द्वारा आग लगा दिया गया। जिससे किसान का फसल जल कर राख हो गया। वही इस घटना में किसान को लगभग 30 से 40 हजार का आर्थिक नुकसान होने की बात बताई जा रही है। विदित हो कि किसान के गेहूं फसल में आग लगने से नुकसान के साथ परिवार का भरण पोषण करने का समस्या उतपन्न हो गई है। किसान गांसा महतो ने जानकारी देते हुए कहा कि लगभग 60 डिसमिल में गेंहूं का फसल लगाया था जो फसल तैयार हो गया था लेकिन असमाजिक तत्वों द्वारा गुरुवार को दोपहर में आग लगा दिया गया। वही बताते हुए कहा कि आग लगने की सूचना ग्रामीणों द्वारा मिला जब तक खेत पंहुचते तब तक गेंहू जल कर राख हो चुका था। साथ ही कहा कि गेंहू जलने से परिवार का भरण पोषण की समस्या उतपन्न हो गई है। तथा जानकारी के अनुसार बता दें कि छोटा किसान कर्ज लेकर फसल की बुआई कर तैयार हुई फसल को बेच कर कर्ज उतारने के साथ परिवार का भरण पोषण करते है।

## मानशिक संतुलन खो वृद्ध ने किया आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र के डांडू पंचायत ग्राम निवासी स्वर्गीय सानिया उराँव का 55 वर्षीय पुत्र करमा उराँव अपने ही घर के बरामदा में फांसी का फंदा बना लकड़ी का बैरेन्डी से झूल कर आत्महत्या कर लिया वही घटना रात्रि लगभग 11 बजे की बताई जा रही है। आत्महत्या करने का घटना की सूचना प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर को मिलते ही उनके निर्देश पर सेन्हा थाना के एस आई मनोज कुमार ए एस आई असरफी बहेलिया दलबल के साथ मृतक के घर पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज पुलिस जांच में जुट गई। मृतक के पुत्र दीपक उराँव ने घटना की जानकारी पुलिस को देते हुए बताया कि मेरा पिता शराब का सेवन करते थे। तथा जब भी वे शराब पीते थे तो उनका मानशिक स्थिति खराब हो जाता था। जिसे बताते हुए कहा कि रात्रि लगभग 11 बजे हम सभी परिवार खाना खाने के बाद सो रहे थे तभी दरवाजा खोल कर घर से बाहर बरामदा में निकल बाहर से कुंडी बंद कर आत्महत्या घटना को अंजाम दे दिए। जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा प्राप्त हुआ और उनलोगे के द्वारा दरवाजे की कुंडी खोला गया। इस संदर्भ में एस आई मनोज कुमार ने बताया कि थाना प्रभारी के निर्देशानुसार शव को मृतक के घर से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज सभी बिंदु पर पुलिस द्वारा जांच आरम्भ कर दिया गया है।

## 10 वीं कक्षा के पंचायत टॉप टेन छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** प्रखंड के पतरा खूर्द पंचायत में शहीद धीरज यादव युथ क्लब एवं अपना पंचायत - पतरा खूर्द समुह के द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह - 2024 का आयोजन किया गया जिसमें जैक मैट्रिक परीक्षा - 2024 के परिणामफल में पतरा खुर्द ग्राम पंचायत के टेन टॉप विद्यार्थियों को पंचायत जनप्रतिनिधियों एवं अपग्रेडेड हाई स्कूल के परिवार द्वारा मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र और महापुरुष की जीवनी देकर सम्मानित किया गया । परीक्षा में सफल पंचायत टॉपर सह स्कूल टॉपर संचिता कुमारी (92.4प्रतिशत) प्रथम, संदीप कुमार शर्मा (89.0प्रतिशत) द्वितीय, आयुष कुमार यादव (88.6प्रतिशत) तृतीय, नजिया प्रवीण (88.0प्रतिशत) चतुर्थ, शशिकांत यादव (87.8प्रतिशत) पंचम्, आकाश यादव (86.6प्रतिशत) षष्टम्, राहुल कुमार (86.4प्रतिशत) सप्तम्, विकाश कुमार यादव (86.4प्रतिशत) अष्टम्, छोटी कुमारी ( 85.6) नवम् और चंचल कुमारी (85.4प्रतिशत) दसम् स्थान प्राप्त किया जो पुरस्कार पाकर काफी गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। वही आयोजनकर्ताओं ने अतिथियों, अभिभावकों और शिक्षकों को भी कवि विनोद सागर द्वारा संपादित अरण्य वाणी मासिक पत्रिका और अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित महापुरुष की जीवनी स्वागत और भेंट के रूप में प्रदान किया। मुख्य अतिथि हुसैनाबाद दक्षिणी क्षेत्र के पूर्व जिप सदस्य मदन पासवान ने कहा कि इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों में उमंग, जोश और जुनून की भाव भावना सकारात्मक रूप से संचारित होता है। मौके पर वार्ड सदस्य वर्मा पासवान, मुखिया पति कुंदन पासवान, सोनल पासवान, कृष्ण राम, मोती कुमार, मृत्युंजय यादव, शिक्षक सुरेंद्र कुमार सिंह, जितेन्द्र पाल, मनोज यादव एवं धीरेन्द्र यादव के साथ साथ इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की मौत, गुस्साए भीड़ ने 3 ट्रकों में लगाई आग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर भंडरिया मुख्य मार्ग पर सवारी गाड़ी अंहारी ढोढ़ा के पास सवारी लेकर डाल्टनगंज से रामगढ़ की और जा रहीं थी जाने के क्रम में अंहारी ढोंढा के पास नावाडीह तरफ़ से आ रहे हाइवा ने अनियंत्रित होकर सवारी गाड़ी में धक्का मारने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई और हाइवा धक्का मारते हुए चैनपुर की तरफ़ जा रही थी, सवारियों ने सूझ बूझ दिखाते हुए गाड़ी को पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार रामगढ़ निवासी फारूक अंसारी के 35 वर्षीय पुत्र फिरोज अंसारी का धक्का लगने से मौके पर ही मौत हो गई। सवारी गाड़ी में बैठे तीन चार यात्री भी घायल हो गया। जिसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा दिया गया। मौके पर युवक का शव को देखकर उग्र हो गया भीड़ और तीन चार हाइवा में आग लगा दिया गया। जिसके कारण गाड़ी धू धू कर जल गई। खबर लिखे जाने तक चैनपुर पुलिस मौके पर नही पहुंची थी।

**संक्षिप्त खबरें**

## प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे

**रांची :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंचे। उनके रांची आगमन से पहले रांची स्थित बीजेपी के प्रदेश कार्यालय को पूरी तरह से सजा दिया गया था। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के पुख्ते इंतजाम किए गए थे। भाजपा कार्यलय में भी सुरक्षा के लिए पुलिस जवानों को तैनात कर दिया गया था। सुबह से भाजपा कार्यकर्ताओं को उत्साह देखने को मिल रहा था। यहां पूरी सुरक्षा की बागडोर एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा डीसी राहुल कुमार सिन्हा और सिटी ए पी संभाल रखें थे। सीसीटीवी से भी हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही थी। रोड शो को लेकर सारे कट्स को बैरीकेडिंग कर दी गई थी। एक जगह पर भगवान राम की मूर्ति लगाई गई जहां एक तरह भगवान हनुमान और दुसरी ओर प्रधानमंत्री को दिखाया गया है। वहीं सड़कों के दोनों ओर लोगों की भीड़ थी सभी प्रधानमंत्री के फोटो ले रहे थे।

## श्री काली पूजा स्वागत समिति ने प्रधानमंत्री का किया स्वागत

**रांची।** श्री काली पूजा स्वागत समिति हरमू रोड के तत्वावधान में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भव्य स्वागत समिति के अध्यक्ष प्रेम वर्मा एवं वरिष्ठ समाजसेवी सह भाजपा नेता राजीव रंजन मिश्रा के द्वारा किया गया । समिति के द्वारा हजारो की संख्या में जनता ने माननीय प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत पुष्प वर्षा कर , आरती उतार कर , शंक बजाकर किया गया ।स्वागत करने में मुकेश मुक्ता , सत्येंद्र वर्मा , रविन्द्र वर्मा , नीरज प्रजापति , राजू सिंह , बबलू उरांव , प्रकाश तिर्की , सुनील महतो , रवि वर्मा , सुनील सिंह सहित दर्जनों समिति के सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे ।



# केवल डेटा पर नहीं, बीएलओ के कार्यों की समीक्षा करें पदाधिकारी : के. रवि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** हर मतदाता तक पहुंचते हुए वोटर गाईड एवं वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण सुनिश्चित कराएं। विगत के मतदान में किन कारणों से मतदान कम हुए थे, उसका निराकरण करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने का कार्य करें। पदाधिकारी केवल डेटा पर नहीं, मौके पर जाकर बीएलओ के कार्यों की समीक्षा करें। यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कही। वह शुक्रवार को निर्वाचन सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पांचवें और छठे चरण के मतदान से संबंधित जिले खूँटी, सरायकेला-खरसावां, राँची, पश्चिमी सिंहभूम, गढ़वा, गुमला, पलामू, सिमडेगा और लोहरदगा में चल रहे स्वीप कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि टारगेटेड स्वीप एक्टिविटी से मतदाताओं को जागरूक करने से वोटिंग प्रतिशत बढ़ेगा। पदाधिकारी मतदाता सहभागिता के लिए कोई कसर नहीं छोड़ें। पदाधिकारी कम मतदान वाले मतदान केन्द्रों का भौतिक निरीक्षण करें और संबंधित क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करते हुए मतदान के लिए प्रेरित करना सुनिश्चित कराएं। साथ ही बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के मेंबर्स को मतदाताओं को प्रेरित करते हुए मतदान केंद्र तक लाने की जिम्मेवारी सौंपे।




वहीं इंटर पर्सनल कम्युनिकेशन से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें। ऐसी पहल से मतदान प्रतिशत बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों को इस तरह तैयार करें कि लगे वह मतदाताओं को मतदान के लिए पुकार रहा हो। उन्होंने कहा कि कम मतदान वाले क्षेत्रों में प्रत्येक घरों तक पहुँच बनाते हुए लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। कोई भी मतदाता मतदान करने से नहीं छूटे।

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा कि पदाधिकारी मतदाताओं से पारस्परिक संपर्क कर कम मतदान वाले मतदान केंद्रों के लिए इनोवेटिव आईडिया के साथ सभी मतदाताओं तक पहुँचे। बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के मेंबर्स को मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए मतदान केंद्र तक लाने की जिमेवारी सौंपे। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता, उप निदेशक जनसम्पर्क आनंद सहित संबंधित जिलों के स्वीप से संबंधित पदाधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग में उपस्थित थे।

# कॉम अतुल सीपीआई की बौद्धिक संपदा थे, जिसकी भरपाई कई दशकों तक नहीं हों सकती : भाकपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड प्रभारी कॉम अतुल कुमार अनजान के असामयिक निधन से झारखंड पार्टी में शोक की लहर है। पार्टी ने तीन दिनों तक शोक ,पार्टी का झंडा सम्मान में झुकाया गया। कॉम अतुल सीपीआई के बौद्धिक संपदा थे ।जिसकी भरपाई अगले कई दशक तक नहीं हो सकता है।सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव सह अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय महा सचिव प्रखर वक्ता कई भाषाओं के जानकर हर दिल अजीज कॉम अतुल कुमार अनजान के असामयिक निधन पर राज्य सचिव महेन्द्र पाठक और राज्य कार्यकारणी के सदस्य अजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कहा है की कामरेड अतुल कुमार अनजान सीपीआई के बौद्धिक संपत्ति थे।निर्भीक और बेबाक टिप्पणी करने वाले नेता थे।संघर्ष की राह उन्हें विरासत में मिली थी।उनके पिताजी डॉ ए पी सिंह विख्यात स्वतंत्रता सेनानी थे ।हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के कई आंदोलनों में बढ़ चढ़ कर भाग लिया और कई वर्षो तक जेल में रहे ।20 साल की उम्र में नेशनल कॉलेज के प्रेसिडेंट और 60 के दशक सीपीआई के मेंबर बने एआईएसएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान में राष्ट्रीय सचिव एवम अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव ।कई आंदोलनों में सक्रिय भूमिका खासकर उत्तर प्रदेश में प्रसिद्ध पुलिस पीएसी रिवॉल्ट एक्ट में लगमग 5 वर्ष तक जेल में रहना ।स्वामीनाथन कमीशन में किसानों के उत्थान के सुझाव ,किसानों को मानसिक पेंशन, एमएसपी की गारंटी ,बिना ब्याज के किसानों को ऋण मिले,झारखंड से विशेष लगाव था कई रैलियों और आम चुनावों में उनके ओजस्वी भाषण अभी हाल में जंतर मंतर पर इंडिया घटक दलों के द्वारा एचईसी के मसले पर दिए गए धरना में शामिल होकर एचईसी बचाने के लिए संघर्ष के तेज करने के लिए कदम उठाने के लिए एक जुट होकर संघर्ष के लिए कहा था।

# वामदलों ने श्रमिक नेताओं को हिरासत में लिए जाने की निंदा की




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाकपा और माकपा ने रांची पुलिस के जरिये सीटू के कार्यकारी अध्यक्ष और हटिया मजदूर युनियन के नेता भवन सिंह और एचईसी बचाओ मजदूर संघर्ष समिति के दिलीप सिंह को हिरासत में लेकर धुर्वा थाने में बैठाए रखने की कड़ी निंदा की है। साथ ही दोनों श्रमिक नेताओं को अविलंब रिहा करने की मांग की है। माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव और भाकपा के राज्य कार्यकारणी के सदस्य अजय सिंह ने कहा कि पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई एहतियात के तौर पर पर की गई है लेकिन एचईसी के मजदूरों के जरिये प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान किसी प्रकार के विरोध कार्रवाई का कोई आह्वान भी नहीं किया गया था। नेताओं ने कहा कि एचईसी के अनुशासित मजदूर इस बात से अवगत हैं कि आम निर्वाचन की प्रक्रिया चल रही है और पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू है। ऐसे में एचईसी के मजदूर चुनाव की प्रक्रिया में कोई बाधा खड़ा करना नहीं चाहते हैं लेकिन एचईसी के मुद्दे पर अलग-थलग पड़ी भाजपा घबराई हुई है और उसने ही रांची पुलिस पर दबाव बनाकर श्रमिक नेताओं को गिरफ्तार कराया है।

# हरियाणा ने मिजोरम को 2-1 से हराकर लगातार दूसरी जीत हासिल की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-2025 (चरण 1) के चौथे दिन हॉकी हरियाणा और हॉकी बंगाल ने अपने-अपने मैच जीते, शुक्रवार को झारखंड के रांची में मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेला गया।




**हॉकी हरियाणा ने हॉकी मिजोरम को पीछे छोड़ा:** दिन के शुरुआती मैच में हॉकी हरियाणा ने हॉकी मिजोरम को 2-1 से हराकर लगातार दूसरी जीत हासिल की। हॉकी हरियाणा की कप्तान नीलम (28%) ने दूसरे क्वार्टर के अंत में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी, क्योंकि मध्यांतर तक स्कोर 1-0 था। हॉकी मिजोरम के लिए वनलालरिनहलुई (39) ने अपने विरोधियों पर बराबरी करने और दबाव बनाने के लिए एक फील्ड गोल किया। हालाँकि, तीसरे क्वार्टर के अंत में पिंकी (43%) के निर्णायक फील्ड गोल का मतलब था कि हॉकी हरियाणा मैच 2-1 से जीत जाएगा क्योंकि कोई और गोल नहीं हुआ।

**हॉकी महाराष्ट्र ने हॉकी बंगाल को हराया :** दिन के दूसरे मुकाबले में हॉकी महाराष्ट्र ने हॉकी बंगाल को 2-1 से हराया। खेल का पहला गोल दूसरे क्वार्टर के अंत में पेनल्टी कॉर्नर में हुआ।

## स्कूल में रिलेशंस ने चलाया पक्षी बचाओ अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के कांके रोड स्थित डीएवी गांधीनगर स्कूल में रिलेशंस की ओर से शुक्रवार को भीषण गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षियों के रक्षा के लिए पक्षी बचाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान बच्चों से पक्षियों सहित अन्य बेजुबान प्राणियों को दाना पानी देने की अपील की गई। मौके पर बच्चो के बीच पक्षियों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए सिकोरे बांटे गए । साथ ही यह संकल्प दिलाया गया कि सब अपने अपने घरों पर सिकोरे रख कर पक्षियों को दाना पानी देकर उनकी रक्षा करेंगे। मुख्य रूप से डीएवी गांधीनगर स्कूल के प्राचार्य एस के सिन्हा, समाजसेवी डॉ अनिल कुमार, शिक्षाविद् डॉ सिद्धार्थ प्रकाश, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी सहित स्कूल के कई शिक्षक शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित थे।

# राज्य में पांचवें चरण के नामांकन के अंतिम दिन 26 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को राज्य में कुल 41 नॉमिनेशन हुए जबकि गांडेय उपचुनाव के लिए छह प्रत्याशियों ने नामांकन किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने शुक्रवार को प्रेस को संबोधित हुए बताया कि झारखंड में पांचवें चरण के नॉमिनेशन के अंतिम दिन 26 प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया। रवि कुमार ने बताया कि अब तक पांचवें चरण में कुल 172 नामांकन फॉर्म जमा हुए, जिसमें 68 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें चतरा से 31, हजारीबाग से 19 और कोडरमा से 18 प्रत्याशी मैदान में उतरे हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पांचवें चरण के स्करूटनी की तिथि चार मई है और नाम वापसी की अंतिम तारीख छह मई है। छह मई के बाद ही पांचवें चरण में कितने प्रत्याशी हैं, वो साफ हो पाएगा। छठे चरण के लिए शुक्रवार को झारखंड से 15 प्रत्याशियों ने नामांकन किए। गिरिडीह से तीन, धनबाद से चार, रांची से चार और जमशेदपुर से चार प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किए। अब तक छठे चरण में गिरिडीह में आठ, धनबाद में 12, रांची में 10 व जमशेदपुर में 11 प्रत्याशियों ने नामांकन किया जबकि गांडेय उपचुनाव के लिए अब तक 13 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। नामांकन के अंतिम दिन छह प्रत्याशियों ने फॉर्म भरा।




# अक्षय तृतीया दस मई को, नए उद्योग और व्यवसाय के लिए बहुत शुभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** इस वर्ष अक्षय तृतीया दस मई को है। यह दिन नए उद्योग और व्यवसाय के लिए बहुत शुभ है। कुछ नया शुरू करने के लिए यह दिन सबसे अच्छे दिनों में से एक माना जाता है। इस दिन सोना, चांदी, वाहन, घर-जमीन और घर के सामान आदि की खरीदारी परिवार में समृद्धि और सौभाग्य लाता है। पंडित मनोज पांडेय का कहना है कि ऋषिकेश पंचांग के अनुसार, अक्षय तृतीया 10 मई को सुबह 5:31 से प्रारंभ हो रहा है, जो अगले दिन सुबह 4:37 बजे तक रहेगा। मकान, वाहन, जमीन और स्वर्ण सामग्री की खरीदारी के लिए यह बहुत ही उत्तम दिन है। उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया में किसी भी प्रकार का शुभ कार्य किया जा सकता है। इस दिन किसी पवित्र नदी में स्नान और दान का महत्व है। अक्षय तृतीया सनातन और जैन धर्म का महत्वपूर्ण त्योहार है। इसे आखा तीज के नाम से भी जाना जाता है, जो धर्मग्रंथों के अनुसार एक शुभ दिन है। इस दिन सभी मांगलिक कार्य किए जाते हैं। यह सौभाग्य, सुख और समृद्धि का त्योहार माना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु, गणेश और देवी लक्ष्मी की पूजा का विधान है। यह दिन पूर्वजों को सम्मान देने और उनका आशीर्वाद लेने का भी दिन है।




# अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद ने कांग्रेस प्रत्याशी को सौंपा छह सूत्री मांग पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय शुक्रवार को कांके प्रखंड अंतर्गत चौड़ी बस्ती मैदान में अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के तत्वावधान में आयोजित आदिवासी युवा सम्मेलन में शामिल हुए। इस अवसर पर अपने संबोधन में सहाय ने कहा कि आदिवासियों के मान-सम्मान और उनके हितों के संरक्षण के प्रति कांग्रेस पार्टी हमेशा तत्पर रही है। आगे भी आदिवासियों को समुचित सम्मान देने की दिशा में वह सतत प्रयासरत रहेंगे। आदिवासी युवा सम्मेलन में काफी संख्या में विभिन्न आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधिगण शामिल हुए। आदिवासी युवा सम्मेलन के माध्यम से रांची संसदीय सीट के लिए कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के नाम छह सूत्री मांग पत्र भी सौंपा गया। मांग पत्र में मुख्य रूप से सरना कोड लागू करने, संविधान में बदलाव रोकने, आदिवासियों के सामाजिक व धार्मिक जमीनों की सुरक्षा करने, आदिवासी अगुवा नेता जब अपनी जमीन बचाने जाते हैं तो थाना पुलिस नहीं सुनती, उल्टा झूठा केस कर दिया जाता है, इस पर रोक लगाने, आदिवासी संगठनों के अगुवा को समुचित मान-सम्मान देने, चुनाव जीतने पर आदिवासी समाज से हर क्षेत्र के लिए एक-एक सांसद प्रतिनिधि या सलाहकार बनाने की मांग की गई। इस अवसर पर आदिवासी लोहरा समाज के अभय भुटकुवर,अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के रांची जिला अध्यक्ष कुदरशी मुंडा, उपाध्यक्ष कजरू मुंडा, केंद्रीय सरना समिति के सचिव राजू मुंडा, नारायण उरांव, लक्ष्मण उरांव, लाला महली, शिवटहल नायक, केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष शिवा कच्छप, बोड़ेया पंचायत के सरपंच अमर तिर्की, सरना समिति कांके के पूर्व अध्यक्ष चमन तिर्की, नगड़ी की सीता कच्छप सहित काफी संख्या में आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधिगण मौजूद थे।

## प्रदेश भाजपा ने मनाया रघुवर का जन्मदिन

**रांची :** ओडिशा के राज्यपाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का जन्मदिन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय कुमार जायसवाल के नेतृत्व में केक काटकर मनाया गया। पहाड़ी बाबा मंदिर में शुक्रवार को उनकी लंबी आयु और बेहतर स्वास्थ्य की कामना के साथ पूजा-अर्चना कराई गई। पुजारी माखन पंडित ने पूजा-अर्चना की। पहाड़ी मंदिर प्रांगण में छोटे-छोटे बच्चों और जरूरतमंदों के बीच फल एवं मिठाइयां का भी वितरण किया गया। इस मौके पर शुभम कुमार जायसवाल, तरुण कुमार जायसवाल, अविनाश राय, संजीव पाठक, प्रिंस कुमार, विवेक कुमार सहित युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रांची जिले के प्रखण्डों में ड्राई डे घोषित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 सी के प्रावधानों के तहत रांची जिले के बुण्डू, तमाड़, चान्हो, माण्डर, बेड़ो, इटकी एवं लापुंग प्रखण्ड में 11.05.2024 के अपराह्न 5:00 बजे से मतदान समाप्ति तक के लिए ड्राई डे (शुष्क दिवस) घोषित किया गया है। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा आदेश जारी किया गया है। इसके तहत स्प्रिटयुक्त, नशीला शराब या समान प्रकृति के अन्य पदार्थ किसी होटल, भोजनालय, शराबखाने, दुकान या किसी अन्य स्थानों, निजी या सार्वजनिक पर बेचे, दिए या वितरित नहीं किए जा सकेंगे। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के चतुर्थ चरण के मतदान में 13.05.2024 को खूंटी एवं लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में मतदान होने हैं। 11-खूँटी (अ0ज0जा0) लोकसभा क्षेत्र के लिए तमाड़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बुण्डू एवं तमाड़ प्रखण्ड के मतदान केन्द्र हैं, जबकि 12-लोहरदगा (अ0ज0जा0) लोकसभा क्षेत्र के लिए माण्डर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चान्हो, माण्डर, बेड़ो एवं लापुंग प्रखण्ड के मतदान केन्द्र हैं। जहाँ चतुर्थ चरण के तहत 13.05.2024 को पूर्वाहन 7:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक मतदान होना है। जिसे देखते हुए बुण्डू, तमाड़, चान्हो, माण्डर, बेड़ो, इटकी एवं लापुंग प्रखण्डों में 11.05.2024 के अपराह्न 5:00 बजे से मतदान समाप्ति तक के लिए ड्राई डे (शुष्क दिवस) घोषित किया गया है। आपको बतायें कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 सी के प्रावधानों के तहत मतदान समाप्ति के 48 घंटा पूर्व से ड्राई डे (शुष्क दिवस) लागू किए जाने का प्रावधान है।



# अब झारखंड पीएम का झूठ नहीं सुनना चाहती है : कांग्रेस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रधानमंत्री के झारखंड दौरे पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि चाईबासा की जनता प्रधानमंत्री को नकारने का काम किया। रैली की भीड यह साबित कर दिया कि अब झारखंड प्रधानमंत्री का झूठ नहीं सुनना चाहती है।

उन्होंने कहा कि फिर से 2014 और 2019 वाला झूठ प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को चाईबासा में बोला। आदिवासियों के प्रति झूठा प्रेम जताया लेकिन मणिपुर के आदिवासी भाइयों एवं बहनों की चित्तकार पर प्रधानमंत्री क्यू खामोश रहे यह नहीं बताया।

उन्होंने प्रधानमंत्री के आरक्षण पर दिये गये बयानों पर कहा कि प्रधानमंत्री अगर आरक्षण पर इतना गंभीर हैं तो प्रधानमंत्री यह बतायें क्या आप दलित, आदिवासी और ओबीसी के लिए आरक्षण के 50 प्रतिशत सीमा को हटाएंगे, हमने ऐसा करने की गारंटी दे दी है। प्रधानमंत्री ने आदिवासियों भाईयों एवं बहनों को डॉक्टर और इंजीनियर बनने की सलाह तो दे दिये हैं लेकिन उनकी अस्मिता से जुड़ी सरना धर्म कोड की बात प्रधानमंत्री नहीं की है क्योंकि उन्हें झूठ बोलकर नकली प्रेम प्रदर्शित करना था। उन्होंने प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री भ्रष्टाचारियों एवं बलात्कारियों के साथ मंच साझा करते है और यह कहते है कि इनको जीताने से हम मजबूत होंगे तो यह समझा जा सकता है कि प्रधानमंत्री का अपार समर्थन दुराचारियों और भ्रष्टाचारियों के साथ है और बहुत ही साफगोई से विपक्ष के ऊपर लगाते हैं और तमाम भ्रष्टाचारियों को प्रधानमंत्री स्वंय सम्मानित करते हैं। उन्होंने कहा कि यही है मोदी की गारंटी।




# झामुमो ने ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए घोषित किए पांच उम्मीदवारों के नाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए पांच उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। इनमें सरसकना विधानसभा क्षेत्र से अंजनी सोरेन, रायरंगपुर विधानसभा क्षेत्र से सुनाराम टूडू, बंगरीपोशी विधानसभा क्षेत्र से विष्णु सिंह, मोरदा विधानसभा क्षेत्र से कृष्णा चंद्र दास और उदला विधानसभा क्षेत्र से चक्रधर सिंह शामिल हैं। झामुमो के अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर शुक्रवार को उम्मीदवारों की घोषणा की गयी है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व झामुमो ने 30 अप्रैल की रात लोकसभा चुनाव को लेकर ओडिशा राज्य के मयुरभंज लोकसभा क्षेत्र से अंजनी सोरेन को उम्मीदवार बनाया था। इसके वाबजूद उन्हें विधानसभा सीट से भी टिकट दिया गया है। अंजनी सोरेन झामुमो के अध्यक्ष शिबू सोरेन की बेटी हैं।

झारखण्ड मुक्ति मोर्चा

## इंटर आर्टर्स में पिपरवार महाविद्यालय कारो का परिणाम रहा शत प्रतिशत

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** इंटर आर्टर्स परीक्षा मे पिपरवार महाविद्यालय कारो के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।कॉलेज से इस बार 29 विद्यार्थियों शामिल हुए,जिसमे चार विद्यार्थी प्रथम और 25 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उर्तीण हुए।छात्रा उर्मिला कुमारी 73.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉपर बनी।वहीं छात्रा मंजु कुमारी 62.6 प्रतिशत,शोभा कुमारी 62.4 प्रतिशत और अंजना कुमारी 61 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।बच्चो के इस शानदार प्रदर्शन पर कॉलेज की प्राचार्य रीता कुमारी, सचिव बसंत नारायण महतो,अध्यक्ष रामचन्द्र उंराव, कोषाध्यक्ष टिकेश्वर महतो सहित कॉलेज के शिक्षको ने सफल बच्चो को बधाई दी है।

## शहरी एवं ग्रामीण मतदाताओं के बीच वितरित की जा रही है मतदाता सूचना पर्ची एवं मतदाता मार्गदर्शिका



**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** स्वीप के तहत जिला अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम की थीम से अवगत कराते हुए सभी को मताधिकार का प्रयोग करने को लेकर जागरूक किया। खूंटी जिला अन्तर्गत सभी बूथों पर मतदाता सूचना पर्ची एवं मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण किया जा रहा है। बीएलओ घर - घर पहुंचकर मतदाताओं को मतदान तिथि 13 मई को अपने मतदान केंद्र पहुंचने के लिए जागरूक कर रही हैं। साथ ही सुबह 7 से शाम पांच, इस बार दिन भर मतदान के संदेश दे रही हैं। इसके अलावा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य कैंप लगाकर जागरूकता अभियान के दौरान ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि जिला अंतर्गत लोकतंत्र के महापर्व में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित हो तथा सशक्त लोकतंत्र के उद्देश्यों की पूर्ति हो। **जले के अस्पतालों में ली गई मतदाता प्रतिज्ञा** हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## अतुल अंजान के निधन पर कोयलांचल के लोगो ने किया दुःख प्रकट



**पिपरवारपिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेशनल सेक्रेटरी अतुल कुमार अंजान का शुक्रवार की सुबह निधन हो गया है। 61 साल की उम्र में लखनऊ में उन्होंने आखिरी सांस ली।वह कुछ दिनों से बीमार थे।उनके निधन पर पिपरवार और खलारी कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगो ने दुःख प्रकट किया है।स्थानीय लोगो ने कहा कि अतुल कुमार अंजान गरीब, किसान और देश की जनता के हक और अधिकार के लिए काफी संघर्ष किया है।उनके संघर्ष और योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता है।उनके निधन पर अरविन्द शर्मा, मोहम्मद रहमतुल्लाह, धनेश्वर गंझु, मोहम्मद अब्दुल्लाह, सेवक गंझु, मनोज राम, सोमर गंझु सहित कई लोगो का नाम शामिल है।

## न शौचालय न किचन सेड खुले में जाते है बच्चे शौच

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खलारी में एक प्रारंभिक विद्यालय ऐसा भी है जहां आज खुले में सौच व मध्याह्न भोजन पकाया जाता है. इसका जीता-जागता उदाहरण खलारी पश्चमी पंचायत के भूतनगर स्थित नवसृजित प्राथमिक विद्यालय बरटोला का है . विवशता चाहे जो भी हो पर अभी तक न शौचालय है ना ही किचन शेड का निर्माण किया जा सका है.सरकारी स्कूलों में स्वच्छता अभियान को झटका लग रहा है. बच्चे खुले में शौच को जा रहे हैं .स्कूल के बच्चीयों ने बताया कि शौचालय नही रहने से काफी दिक्कत होती है .बताया कि स्कूल के अगल बगल दीवार के ओड़ में या घर जाकर शौच करना पड़ता है.जबकि सरकार जिले को नहीं देश को खुले में शौच मुक्त करना चाहती है. यह स्थिति तब है जब स्वच्छता अभियान और सबको शिक्षा के लिए सरकार और उसके अधिकारी लगातार सक्रियता बनाए हुए हैं.वही किचन शेड के अभाव में माता समिति की महिलाओं को स्कूल के बरामदे में मध्यान भोजन बनाने में परेशानी होती है. धूप और बरसात में मध्यान भोजन बनाना मुश्किल.बताते चलें कि यह विद्यालय सड़क किनारे अवस्थित है.जिसके कारण उड़ने वाली धूल मिट्टी से मध्यान्ह भोजन दूषित हो रहा है तथा धूल मिट्टी से प्रभावित मध्यान्ह भोजन विद्यार्थियों को खाना पड़ रहा है. पाइप लाइन से जलापूर्ति नहीं होती है.स्कूल की बाउंड्री नहीं है न ही मेन गेट है इसलिए पढ़ाई का माहौल नहीं बन पाता है. मानो पूरी समस्या से घिरा हुआ है यह विद्यालय.इस विद्यालय में कक्षा एक से पांच तक पढायी होती है जहाँ पचास बच्चे पढ़ते है. विभाग को जाकारी दी गयी है प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सर्बरी नाथ चौरसिया ने बताया कि विद्यालय में शौचालय व किचन शेड निर्माण के लिये विभाग को पत्र दिया गया है. बताया कि फिर रिमांड विभाग को करते है. जीप सदस्य शाल्या परवीन ने कहा कि इस विद्यालय में शौचालय, किचन शेड तथा कमरा निर्माण के लिये ग्राम सभा से पास कराकर जिला परिषद कार्यालय भेजा गया था. बताया कि जिला परिषद से डीएम्फटी फंड से निर्माण कराने को लेकर टेंडर भी निकाला गया था. पर आज तक काम नही हुआ. कहा कि चुनाव बाद विभाग से पता कर काम करवाने का प्रयास करेंगे।

# रांची : चतरा सीमांत के चेकनाका मे पिपरवार पुलिस कर रही है वाहनो की जांच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में स्थानीय पिपरवार पुलिस पुरी तरह से सर्तक है।पिपरवार के सीमांत क्षेत्रों में पुलिस के द्वारा बैरियर लगाकर व चेकनाका बनाकर वाहनों की जांच और हर आने जाने वालों की तलाशी ली जा रही है।जानकारी के अनुसार चतरा-रांची और चतरा हजारीबाग के सीमांत क्षेत्र पर पिपरवार पुलिस के द्वारा बैरियर लगाकर चैकनाका बनाया गया है,जिसमें प्रत्येक दिन वाहनों की जांच और आने-जाने वाले लोगों की तलाशी ली जा रही है।चतरा पुलिस अधीक्षक विकास पाण्डेय के निर्देश पर पिपरवार थाना



प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा के नेतृत्व में यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें दो पहिया वाहनो के साथ चार पहिया वाहनों की तलाशी ली जा रही है,साथ ही वाहनो से संबंधित कागजात की जांच की जा रही है।इस चेकनाका में 24 घंटे पुलिस पदाधिकारी और जवान तैनात देखे जा रहे है।पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर पिपरवार पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और सीमांत क्षेत्रों में बैरियर व चेकनाका लगाकर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।अभियान के माध्यम से शरारती तत्व एवं मनचलो पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है।उन्होंने थाना क्षेत्र के सभी लोगों से मोटर वाहन एक्ट का पालन करते हुए वाहन चलाने के वक्त सीट बेल्ट लगाने,दो पहिया वाहन चलाने के दौरान हेलमेन्ट का उपयोग करने, नशा का सेवन नहीं करने, क्षमता से अधिक लोगो के वाहन में नहीं बैठने, नाबालिक से वाहन नहीं चलाने,वाहन से संबंधित दस्तावेज साथ मे रखने की अपील की है।उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।साथ ही कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगी।

## पिपरवार क्षेत्र में भीषण गर्मी ने मचाई तबाही,40 डिग्री पार पहुंचा कोयलांचल का तापमान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल में पड़ रही प्रचंड गर्मी से क्षेत्र के लोग काफी परेशान हैं।पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में लगातार गर्मी का तापमान बढ़ता ही जा रहा है।गुरुवार को यहां 40 डिग्री तापमान मापा गया।गर्मी ने लोगों को घरों से बाहर निकलना मुश्किल कर दिया है।इधर भीषण भरी गर्मी से हर कोई परेशान है।सीसीएल के कार्यों पर भी गर्मी का असर देखा जा रहा है।कोयला खदान में काम करने वाले मजदूर उमस भरी गर्मी और लु का सामना कर पूरी सावधानी के साथ कार्य स्थल पहुंच रहे हैं।चौक चौराहा पर पूरी तरह से सन्नाटा पसरा देखा जा रहा है,जिसके कारण व्यवसाय पर बुरा असर पड़ा है।इसके बावजूद भी सार्वजनिक स्थान एवं चौक चौराहों पर पानी पिआऊ केन्द्र नहीं बनाया गया है,जिससे क्षेत्र के स्थानीय राय रेलवे स्टेशन एवं बचरा बस स्टेण्ड से उतरकर अपने गंतव्य की ओर जाने वाले राहगीरों समेत यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।कई लोगो ने पिपरवार क्षेत्र में सीसीएल प्रबंधन,स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि एवं पिपरवार पुलिस प्रशासन से कोयलांचल क्षेत्र मे पियाउ केंद्र की व्यवस्था कराने की मांग की है।

## कल्याणपुर मस्जिद के पास अधूरे पुल निर्माण से बड़ी लोगों की परेशानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर मस्जिद के समीप अधूरे पुल निर्माण से इन दिनों स्थानीय ग्रामीणों सहित राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।पुल का निर्माण कार्य पूरा नहीं होने से लोगों को आवागमन करने में परेशानी हो रही है।वहीं पुल के बगल से बनाया गया डायवर्सन भी इन दिनों संक्रीण होने से आए दिन दुर्घटना की सूचना मिल रही है।इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बहेरा से लेकर कल्याणपुर तक सड़क का निर्माण कराया जा रहा है।सड़क निर्माण के बीच कल्याणपुर मस्जिद के समीप एक पुल का निर्माण भी कराया जाना है।सड़क निर्माण कंपनी के द्वारा उक्त पुल को करीब तीन साल पहले तोड़ दिया गया है और उसके बगल से डायवर्सन बनाकर रास्ता निकाला गया है।लेकिन तीन साल बीत जाने के बावजूद अभी तक पुल का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है,जबकि संक्रीण डायवर्सन से आने जाने के दौरान कई बार दुर्घटना भी हो चुकी है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य पिछले पांच साल से अधिक समय से चल रहा

## प्रेक्षक के निर्देशन में की गई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** खूँटी (अ0ज0जा0) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र% 2024 से निर्वाचन हेतु उम्मीदवारों के निर्वाचन व्यय लेखा पंजी की समाहरणालय, खूँटी के विकास भवन स्थित सभागार मे व्यय प्रेक्षक एस0 आर0 नेडुमारन एवं सहायक व्यय प्रेक्षकों के निर्देशन में की गयी। उक्त जांच में उम्मीदवार (1) अर्जुन मुण्डा, भारतीय जनता पार्टी, (2) कालीचरण मुण्डा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, (3) सावित्री देवी, बहुजन समाज पार्टी (4) अर्पणा हंस, झारखण्ड पार्टी, (5) बबीता कच्छप, भारत आदिवासी पार्टी (6) पास्टर संजय कुमार तिर्की, निर्दलीय, (7) बसंत कुमार लोंगा, निर्दलीय द्वारा स्वयं अथवा अपने निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से निर्वाचन व्यय से संबंधित लेखा पंजी की जाँच हेतु उपस्थित हुए। इस दौरान जारी दिशा - निर्देशों के संबंध में सभी को अवगत कराया गया।

## बुढ़मू पुलिस की अवैध बालू माफियाओ पर कार्रवाई जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची /बुढ़मू :** शुक्रवार 3 मई को अवैध बालू लदा 5 ट्रेक्टर को किया जप्त। अवैध बालू के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है, इसी कड़ी मे शुक्रवार को बुढ़मू थाना प्रभारी रामजी कुमार को गुप्त सुचना मिली की चकमे टोंगरी के झाड़ियों मे अवैध बालू लदा 5 ट्रेक्टर को छुपा कर खड़ा किया गया था, जिसकी सूचना बुढ़मू थाना प्रभारी रामजी कुमार को दी गई, सूचना पाकर स्थानीय पुलिस पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए झाड़ियों मे छुपा कर रखा गया 5 ट्रेक्टर को जप्त कर अग्रिम कार्रवाई कर रही है, थाना प्रभारी रामजी कुमार ने कहा की किसी भी हाल मे अवैध परिवहन नहीं करने दी जायगी। अवैध बालू परिवहन पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जायगी. विदित हो की पिछले एक सप्ताह से अवैध बालू परिवहन पर पुलिस लगातर कार्रवाई करते हुए कई वाहनों को जप्त की है , साथ ही दर्जनों तस्करो को जेल भेज दिया है। इधर बुढ़मू पुलिस की इस करवाई से अवैध बालू तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

# बचरा चार नम्बर चौक मे कार और बाईक मे हुई टक्कर, एक युवक हुआ घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नम्बर चौक स्थित शिव मन्दिर के पास शुक्रवार की सुबह एक कार और बाईक मे जोरदार टक्कर हो गई।इस घटना मे बाईक सवार एक युवक घायल हो गया।घायल युवक की पहचान सीसीएल कर्मचारी माधो महतों के पुत्र कृष्णा महतो के रूप मे की गई है।घायल युवक कृष्णा महतो किरीगढ़ा गांव रहने वाला बताया गया है,उनके पिता माधो महतो सीसीएल कर्मचारी है और बचरा एक नम्बर स्थित कर्मशाला मे पदस्थापित है।घटना के संबंध मे बताया गया कि युवक कृष्णा महतो अपनी बाईक से बचरा चार नम्बर चौक किसी काम से आया हुआ था,इसी बीच बचरा शिव मंदिर के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार एक कार ने टक्कर मार दी।घटना के बाद युवक बाइक से सड़क पर गिर गया,जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे बचरा



क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक को रांची रेफर कर दिया गया।इधर घटना की सूचना पाकर पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।साथ ही कार और बाईक को जब्त कर आगे की कारवाई शुरू कर दी है।स्थानीय लोगो ने बताया कि जब से बचरा की सड़को को बनाया गया है,तब से दो पहिया और चार पहिया वाहनो की रफ्तार काफी बढ़ गई है।ग्रामीणो ने बचरा के सड़को पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है।लोगो ने कहा कि सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबधंन द्वारा बचरा मे काफी अच्छी और बेहतर सड़क बनायी गई है,लेकिन कहीं पर ब्रेकर नही दिया गया है,जिसके कारण वाहनो की रफतार काफी तेज गति से होती है।ग्रामीणो ने कहा कि यदि इस काम को जल्द नही किया गया तो आने वाले दिनो मे कभी भी बढ़ी दुर्घटना हो सकती है।

## कोयलांचल के राय सप्ताहिक बाजार की स्थिति हुई बदहाल, लोग परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के निकटवर्ती गांव खलारी प्रखंड क्षेत्र के राय साप्ताहिक बाजार हाट का अस्तित्व इन दोनों खतरे में पड़ गया है। साप्ताहिक हाट बाजार में कूड़ा, कचरा और गंदगी का अंबार लगने से यहां के लोगों के अलावा दुकानदार और ग्राहकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्वच्छ भारत मिशन अभियान यहां पुरी तरह से फैल साबित हो रहा है।राय साप्ताहिक बाजार की यह बदहाल स्थिति पिछले कई वर्षों से देखी जा रही है,लेकिन इस पर अभी तक किसी के द्वारा कोई पहल नहीं की गई है।मिली जानकारी के मुताबिक कोयलांचल क्षेत्र के राय साप्ताहिक हाट बाजार में पिछले कई वर्षो से प्रत्येक मंगलवार को साप्ताहिक बाजार लगता है,जहां कई गांव के व्यापारी और दुकानदार यहां आकर अपनी दुकान लगाते हैं।वहीं राय, बचरा सहित दूर दराज के लोग भी यहां आकर सामानों की खरीदारी करते हैं।साप्ताहिक हाट बाजार में लगे शेड पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है।जिसके कारण बारिश के समय व्यापारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।इसके अलावा पूरे हाट बाजार में कूड़े कचरे और गंदगी का अंबार लगा हुआ है,जिसके कारण बदबू से यहां रहने वाले लोगों के अलावा व्यापारी और ग्राहकों को काफी परेशानी हो रही है।

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला**
**(समाज कल्याण) जिला बाल संरक्षण ईकाई**

**-: आम सूचना :-**

बाल कल्याण समिति, गुमला के निदेश के आलोक में।



| | |
|---|---|
| नाम | – आफिया प्रवीण |
| उम्र | – 4 वर्ष |
| वजन | – 15 किलोग्राम |
| लम्बाई | – 3'7" |
| लिंग | – बालिका |
| पिता | – आरिफ अंसारी |
| माता | – स्व0 मुस्कान |

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बालिका आफिया प्रवीण , पिता– आरिफ अंसारी, माता– स्व0 मुस्कान, उम्र– 4 वर्ष, वजन– 15 किलोग्राम, रंग– साफ, पता– रहमत नगर, पंचायत– लखिया, थाना– सिसई, जिला– गुमला का निवासी है। बालिका को बाल कल्याण समिति, विलासपुर छत्तीसगढ़ द्वारा दिनांक– 30.09.2023 को बाल कल्याण समिति, गुमला को स्थानांतरण किया गया। स्थानांतरित तिथि से अब तक बालिका के जैविक पिता/ विधिक संरक्षक की जानकारी नहीं है। उक्त बालिका के जैविक पिता अथवा विधिक संरक्षक को ज्ञात हो तो कृप्या विज्ञापन प्रकाशन होने की तिथि से 60 दिनों के अन्दर कार्यालय, बाल कल्याण समिति, गुमला, एवं जिला बाल संरक्षण ईकाई, गुमला में दस्तावेज के साथ दावा प्रस्तुत करें।

दावा प्रस्तुत करने के लिए दिये गए समय सीमा के समाप्ति के पश्चात बच्ची पर किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा एवं दत्तक ग्रहण मार्गदर्शिका 2015 के नियम 6 के उपनियम 12 के अंर्तगत बच्ची को दत्तक ग्रहण हेतू बाल कल्याण समिति, गुमला द्वारा कानूनी रूप से मुक्त किया जा सकेगा।

सम्पर्क करें :–
मोबाईल न0 :– 08825206317, 08210499054, 09304803573 ।
प्रकाशन :– कार्यालय, जिला बाल संरक्षण इकाई, गुमला।

PR 324350 Women, Child Development & Social Security (24-25)_D

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी
गुमला

## राजाडेरा हाई स्कूल मे मैट्रिक एवं इंटर मे टॉप किए छात्र /छात्राओं को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** आज राजाडेरा स्कूल में मैट्रिक एवं इंटर के छात्र/छात्राओं को सामान समारोह के मुख्य अथिति जिलाध्यक्ष आजसू पार्टी–वीणा देवी, विशिष्ट अतिथि केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव, केंद्रीय सचिव जीतेन्द्र सिंह, सिरका मुखिया रोशन मुंडा थे। मुख्य अतिथि बीणा देवी ने झारखंड 10 टॉपर साइंस फैसिलिटी अंबिका कुमारी को सम्मानित करते हुए कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ते रहे जहां भी सहयोग की आवश्यकता होगी हर संभव छात्र-छात्राओं के साथ खड़े रहेंगे। अंबिका कुमारी ने साइंस फैसिलिटी में झारखंड के 10 टॉप में दसवां स्थान प्राप्त किए हैं वहीं



पारसनाथ उराँव ने मैट्रिक के सफल विद्यार्थियों को भी सम्मानित करते हुए कहा ज़िंदगी मे कामयाब होने के लिए रोज पोसिटिव माइंड सेट के पढ़ाई करिये और आगे बढ़िए इसके साथ ही सभी छात्र /छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में महावीर महतो,रिजवान अंसारी, अभिजीत कुमार, मुनेश्वर महतो, सुरेश महतो का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस मौके पर सैकड़ों छात्र/ छात्राओं ने कार्यक्रम में शामिल हुए।

## रांची लोकसभा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं से की औपचारिक मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** रांची लोकसभा के लोकप्रिय कांग्रेस के प्रत्याशी सुश्री यशस्विनी सहाय ने गुरुवार को सिल्ली प्रखंड के तीन पंचायत दोवाडू, बढ़ा चांगडू, पतराहातु स्थान - पतराहातु बाजार टाड़ में कांग्रेस एवं सहयोगी दलों के कार्यकर्ता से औपचारिक मुलाकात की। साथ ही 6 मई 2024 को नामांकन दाखिल कार्यक्रम में सिल्ली से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपिल की है। इसके बाद दुर्गा मन्दिर बंता में कार्यकर्ताओं द्वारा यशस्विनी सहाय जी का जोरदार स्वागत किया गया। अंत में सिल्ली धर्मशाला में लक्ष्मी नारायण मन्दिर में रांची लोकसभा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय जी ने माथा टेका एवं पूजा अर्चना की साथ ही पत्रकारों के बीच प्रेस वार्ता की। इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, सिल्ली के पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश, सिल्ली विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी दिनेश प्रसाद साहु, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, कार्यकारी अध्यक्ष



निशाकर महतो, उपाध्यक्ष मनीराम दास, अल्पसंख्यक जिला सचिव मंजूर मोमिन, अल्पसंख्यक सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष शहबुद्दीन अंसारी, सिल्ली एस टी अध्यक्ष श्रीप्रसाद बड़ाईक, युवा कांग्रेस सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष रोहित मुंडा, पिनाकी बनर्जी, दीपक कर, मो. कलाम, चैतन मुंडा, घासीराम पातर, बिंदेश्वर महतो, सुरेश गोन्झु, रामेश्वर महतो, भागीरथ महतो, सदानंद सोनार, इत्यादि साथ ही सिल्ली झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो, झामुमो सिल्ली विधानसभा प्रभारी रामानंद बेदिया, बानेश्वर महतो, इत्यादि इंडिया गठबंधन के साथी गण उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## बूढ़ा बाबा है तोरी भोरोषा, पीठे आछे जोड़ा कांटा देखबी तामाशा के गीत पर भोक्ताओं ने दिखाई करतब

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड के सुदूरवर्ती जोड़सा गांव में वार्षिक चड़क पूजा के दूसरे दिन हर साल की भांति इस साल भी शुक्रवार की दोपहर चड़क मेला का आयोजन किया गया। इसके लिए आयोजक कमेटी ने मंदिर परिसर में दो भोक्ता खूंटा गाड़े थे। चिलचिलाती धूप होने के कारण भोक्ता ने शाम 6 बजे पीठ में लोहे का हुक लगाकर 35 फीट ऊपर लकड़ी के सहारे घूमते हुए बाबा भोलेनाथ के प्रति आस्था दिखाई। इस दौरान चड़क मेला देखने के लिए जुटे भीड़ को भोक्ता ने कई तरह करतब दिखाते हुए मंत्रमुग्ध कर दिया। बूढ़ा बाबा है तोरी भोरोषा, पीठे आछे जोड़ा कांटा देखबी तामाशा के गीत पर भोक्ता ने ढोल नगाड़ों के थाप पर खूब थिरके। जो दर्शकों के लिए आकर्षक का केंद्र बना रहा। दूसरी ओर देर शाम पश्चिम मेदनीपुर जिले से आये टीम द्वारा झुमुर संगीत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसे देखने के लिए आसपास के गांवों से काफी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी थी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कमेटी के श्यामपद सिंह, प्रो पंचानन दास, प्रवीर कुंभकार, देवेंद्र कुंभकार, अक्षय कुंभकार, ग्राम प्रधान नवीन सिंह समेत अन्य कई लोगों ने सराहनीय योगदान दे रहें हैं।

## महागठबंधन प्रत्याशी समीर कुमार मोहंती के नामांकन में शामिल हुए सैकड़ों कार्यकर्ता

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन प्रत्याशी समीर कुमार मोहंती के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शुक्रवार को पटमदा व बोड़ाम प्रखंड के विभिन्न गावों के हजारों कार्यकर्ता व समर्थक 175 चार पहिया वाहनों में सवार होकर जमशेदपुर के लिए रवाना हुए। इसके पहले पटमदा के बेलटांड़ चौक पर महागठबंधन के सभी कार्यकर्ता एकत्रित हुए थे। पटमदा के विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने बताया कि पटमदा से प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो के नेतृत्व में 110 व बोड़ाम प्रखंड से प्रखंड सचिव छुटुलाल हांसदा के नेतृत्व में 65 चार पहिया वाहनों में सवार होकर कार्यकर्ता रैली की शक्ल में जमशेदपुर के लिए रवाना हुए। उन्होंने बताया कि नामांकन रैली में जिस तरह लोगों में उत्साह देखी गई इससे साफ है कि महागठबंधन प्रत्याशी समीर कुमार मोहंती भारी मतों से चुनाव जीतेंगे। मौके पर चंद्रशेखर टुडु, सुभाष कर्मकार, कालीपद महतो, भक्तरंजन सिंह, जितुलाल मुर्मू, आनंद महतो, मथन महतो, जामिनी प्रमाणिक, दयाल महतो, संजय सिंह, राजू कर्मकार व सिजेन हेम्ब्रम आदि शामिल थे।

## नाबालिग के साथ यौन शोषण करने के फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नाबालिग से यौन शोषण करने के मामले में दो साल से फरार चल रहे बगान टोला निवासी सागर टुडू के घर परसुडीह पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया। पुलिस सागर टुडू के घर पहुंची और ढोल नगाड़ों के साथ घर के बाहर इश्तेहार चिपकाया। मामले को लेकर अनुसंधानकर्ता अरुण कुमार ने बताया कि साल 2022 में नाबालिग पीड़िता ने सागर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में बताया था कि सागर ने शादी का झांसा देकर उसके साथ यौन शोषण किया है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से ही वह फरार चल रहा है। अगर सागर कोर्ट में प्रस्तुत नहीं होता है तो पुलिस उसके घर की कुर्की करेगी।

## जेवियर स्कूल गम्हारिया में मजदूर दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जेवियर स्कूल गम्हरिया में मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय के सहायक कर्मचारियों के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य फादर सेबेस्टियन पुथनपुरा एसजे और ब्रदर अमलराज के द्वारा सहायक कर्मचारियों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अपने संबोधन में ब्रदर अमलराज ने कहा कि उनकी मेहनत, ईमानदारी एवं निष्ठा का कोई मोल नहीं है। विद्यालय के प्राचार्य फादर सेबेस्टियन ने सभी कर्मचारियों को शुभकामना देते हुए कहा कि उनके योगदान की जितनी भी सराहना की जाए कम है। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के स्टाफ क्लब सदस्यों का अहम योगदान रहा।



## करीम सिटी कॉलेज में आयोजित हुआ सत्यजीत राय स्मृति व्याख्यान

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय सिनेमा के प्रसिद्ध निर्माता निर्देशक सत्यजित राय के जन्मदिन के अवसर पर करीम सिटी कॉलेज में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम करीम सिटी कॉलेज मास कम्युनिकेशन विभाग, नई दिल्ली फिल्म फाउंडेशन, सृजन संवाद तथा साहित्य कला फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में करीम सिटी कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार चंदन पांडे शामिल हुए। सभा की अध्यक्षता डॉ अशोक कुमार झा (प्राचार्य एलबीएसएम कॉलेज) ने की। नई दिल्ली फिल्म फाउंडेशन के जनरल सेक्रेटरी आशीष कुमार सिंह द्वारा सत्यजीत राय स्मृति व्याख्यान ऑनलाइन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर करीम सिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ, अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देखकर स्वागत किया तथा स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए कहा कि आज का कार्यक्रम सत्यजीत राय पर केंद्रित है और हम झारखंड वालों के लिए वे बड़े ही सम्मानित हैं। उन्होंने 1955 में पथेर पांचाली फिल्म जिस उपन्यासकार के उपन्यास पर बनाया वे बिभूति भूषण बंदोपाध्याय हमारे झारखंड के घाटशिला क्षेत्र से संबंधित थे। इस अवसर पर डॉ विजय शर्मा द्वारा संपादित पुस्तक सत्यजीत राय का अपूर्व संसार का लोकार्पण मुख्य अतिथि तथा अन्य अतिथियों के शुभ हाथों संपन्न हुआ। पुस्तक की संपादिका विजय शर्मा ने सभा को संबोधित किया और अपनी पुस्तक के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक में 41 साहित्यकारों के लेख हैं जिनमें 16 साहित्यकार जमशेदपुर के हैं।



# कदमा के डॉली साहू दहेज हत्याकांड में अभियुक्त पति सोनू सिंह को जमशेदपुर कोर्ट ने सुनाई 7 साल की सजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कदमा के डॉली साहू दहेज हत्याकांड में अभियुक्त पति सोनू सिंह को जमशेदपुर कोर्ट ने 7 साल के कारावास और दस हजार जुर्माने की सजा सुनाई है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंजू कुमारी ने धारा 304बी के तहत दहेज हत्याकांड का दोषी पाते हुए सात साल के कारावास और 498ए के तहत दहेज प्रताड़ना का दोषी पाते हुए तीन साल के कारावास और दस हजार जुर्माने की सजा सुनाई है।



**सितंबर 2020 में मृतका का फांसी लटका शव ससुराल में पाया गया था, चोट के थे निशान**

मृतका डॉली साहू का फांसी लटका शव 24 सितंबर 2020 को कदमा थाना क्षेत्र के अनिल सुर पथ स्थित ससुराल में पाया गया था। शव पर काफी चोट के निशान थे फिर भी पुलिस दहेज हत्या का केस नहीं करके अस्वाभाविक मौत का केस कर रही थी। छत्तीसगढ के रहनेवाले मृतका के पिता अनिल साहू ने अपनी बेटी की दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि 2019 में बेटी की शादी के बाद से ही उसे पति और ससुराल वाले दहेज के लिए मानसिक और शारीरिक रुप से प्रताड़ित करते थे। उनलोगों ने दो लाख रुपये की मांग की थी। अनिल साहू ने बताया कि उनका दामाद शराब पीकर अक्सर बेटी के साथ मारपीट करता था। साहू ने बताया कि उसके भाई ने दामाद को खर्चे के लिए पैसे भी दिए थे और ससुराल वालों को डॉली के पिता के खराब आर्थिक हालात की जानकारी भी दी थी फिर भी वे लोग डिमांड करते रहे और बेटी के साथ प्रताड़ना जारी रही।आरोपी पति सोनू सिंह घटना के बाद से फरार था लेकिन कदमा पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही थी। पुलिस की उदासीनता को देखते हुए अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने जमशेदपुर न्यायालय में शिकायतवाद दायर किया जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर कदमा थाने में दहेज प्रताड़ना और दहेज हत्या का मामला दर्ज हुआ। आगे चलकर आरोपी पति ऑटो चालक सोनू सिंह की गिरफ्तारी हुई। इस मामले में ससुरालवालों के खिलाफ अनुसंधान जारी है।

**तीन साल से ज्यादा समय तक चले इस केस में गवाहों के बयान**

घटनास्थल पर मिले साक्ष्यों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने पति सोनू सिंह को पिछले दिनों दोषी पाया और आज यह फैसला सुनाया। सूचक सह मृतका के पिताअनिल साहू की तरफ से अपर लोक अभियोजक राकेश कुमार, अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू और सहयोगी अधिवक्ता बबिता जैन ने न्यायालय के समक्ष अपना पक्ष रखा।छत्तीसगढ के रहनेवाले मृतका के पिता अनिल साहू और परिजनों ने न्यायालय के प्रति आभार जताया है।इस मामले में मीडिया के रोल के प्रति भी उन्होंने कृतज्ञता जाहिर की जिस वजह से मामला हाईलाइट हुआ और न्याय मिलने में मदद मिली।

# कर्ज में डूबे कदमा के सिद्धार्थ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कदमा थाना अंतर्गत रामनगर रोड नंबर 2 स्थित मित्तल टावर निवासी सिद्धार्थ चौधरी (40) ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह सिद्धार्थ का शव फ्लैट के बालकनी में पंखे से लटका पाया गया। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इधर सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध नें मृतक के पिता ओमप्रकाश चौधरी के बयान पर अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज कराया गया है। पिता ने शिकायत में बताया है कि गुरुवार लगभग 8 बजे बिष्टुपुर स्थित कंपनी के कार्यालय से निकलकर सिद्धार्थ घर पहुंचा। जिसके बाद खाना खाकर बालकनी में चला गया। साथ ही मैं पत्नी के साथ कमरे में सोने चला गया। वहीं शुक्रवार की सुबह लगभग 4.30 बजे पत्नी मीरा चौधरी जब बालकनी में बैठने गई तो उसने बेटे को पंखे के हुक के सहारे तार से फंदे पर लटके हुए पाया। इस दौरान उसके चिखने की आवाज सुनकर में भी वहां पहुंचा। जिसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी। वहीं आत्महत्या करने से पहले मृतक सिद्धार्थ चौधरी ने अपने सुसाइड नोट में इसके लिए खुद को जिम्मेदार ठहराया है। साथ ही इसमें किसी का दोष नहीं होने की बात भी कही है। सुसाइड नोट में उसने किससे कितना कर्जा लिया है, वह भी लिखा है। जिसमें उसने अखिलेश सिंह से 4.40 लाख रुपए, अजित कुमार से 2.50 लाख रुपए और प्रांति मुखर्जी से 2 लाख रुपए कर्ज लेने की बात भी कबूली है। इसी तरह उसने चरणजीत कौर भाटिया से अपने 6 लाख रुपए वापस लेने की बात भी कही है। अंत में उसने आत्महत्या का जिम्मेदार खुद को बताया है।

## ओड़िसा के राज्यपाल के जन्मदिन पर बधाई देने राजभवन पहुंचे शहर के भाजपाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** ओड़िसा के राज्यपाल रघुवर दास के जन्मदिन के अवसर पर ओड़िसा के राजभवन मे सूर्य मंदिर समिति के प्रतिनिधियों ने उनसे मुलाकात कर उन्हें अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर महाप्रभु जगन्नाथ से उनके दीर्घायु होने की कामना की। प्रतिनिधियों में सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह राजा, शैलेश गुप्ता, शशिकांत सिंह, मीडिया प्रभारी प्रमोद मिश्रा, मंत्री बंटी अग्रवाल, कंचन दत्ता, वरिष्ठ सदस्य कमलेश सिंह, दिनेश कुमार, पवन अग्रवाल, संजीव सिंह, गुंजन यादव आदि शामिल थे। वहीं राज्यपाल रघुवर दास ने सभी लोगों को शुभकामना के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि आप लोगों का प्यार एवं स्नेह से अभिभूत हूं।

## ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस ट्रेन में टीटीई को मिले दो बच्चे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** योगनगरी ऋषिकेश से पुरी जाने वाली उत्कल एक्सप्रेस ट्रेन में गुरुवार रात ट्रेन के टीटीई को दो बच्चे मिले। जब ट्रेन में टीटीई ने बच्चों से उनके अभिभावकों के बारे में पूछताछ की तो बच्चों ने अभिभावकों के साथ नहीं होने की बात कहीं। ट्रेन के टीटीई को संदेह होने पर दोनों बच्चों को चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन पर उतारकर आरपीएफ के हवाले कर दिया गया। इस संबंध में टीटीई संतोष कुमार ने बताया कि ट्रेन में चेकिंग के दौरान राउरकेला स्टेशन जब ट्रेन पहुंची तो दोनों बच्चों को बैग लटकाए हालत में ट्रेन में भटकते हुए पाया। वहीं बच्चों से जब उसके मां-पिता के बारे में व गंतव्य स्थान के बारे में पूछा जाने लगा तो दोनों बच्चे सही तरीके से जवाब नहीं दे पा रहे थे। इसे देखते हुए चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन पर दोनों बच्चों को उतारकर आरपीएफ के हवाले कर देने का निर्णय लिया गया। वहीं चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन पर दोनों बच्चों में एक ने अपना नाम सूर्या कैवटी व दूसरे ने छोटू कैवटी बताया। दोनों बच्चों की उम्र लगभग दस से बारह साल के बीच है। दोनों खूद को भाई बता रहे हैं। चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन पर दोनों बच्चों ने बताया कि उन्हें इलाहाबाद जाना है। इसे लेकर ही वे गलती से ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस में सवार हो गए। बच्चों ने बताया कि उनके अभिभावक नहीं है और वे दोनों ईलाहाबाद के गंगा नदी के किनारे जाना चाहते हैं।

## घाघीडीह सेंट्रल जेल में पानी की समस्या




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** लगातार बढ़ती गर्मी के कारण घाघीडीह सेंट्रल जेल में भी पानी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। घाघीडीह सेंट्रल जेल परिसर में लगे नया एवं पुराना बोरिंग फेल हो जाने के कारण पानी की बहुत ज्यादा किल्लत हो रही है। जिसके कारण लगभग 2000 से ज्यादा बंदी पानी की कमी से प्रभावित है। घाघीडीह सेंट्रल जेल के पदाधिकारी के आग्रह पर बागबेड़ा पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता के प्रयास से जुस्को के 12000 लीटर वाली पानी टैंकर से घाघीडीह सेंट्रल जेल परिसर में बंदियों के बीच पीने का पानी दिया गया है। शुक्रवार को घाघीडीह जेल परिसर में पीने का पानी पहुंचते ही बंदियों के चेहरे खिल उठे।

## सरकारी शराब दुकान में कर्मचारी बेच रहा था नकली माल, भेजे गए जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर आबकारी विभाग को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जहां गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए विभाग ने साकची के सरकारी शराब दुकान के एक कर्मचारी के सोनारी आदर्श नगर स्थित आवास में छापेमारी की एवं बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त किया गया है। साथ ही कारोबारी अनिरुद्ध सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है। अनिरुद्ध सिंह साकची कालीमाटी रोड स्थित सरकारी शराब दुकान में कार्यरत था और अपने आवास में नकली अवैध शराब बनाने के बाद बॉटलिंग कर उसे अलग- अलग इलाकों मे बेचा करता था। सहायक उत्पाद आयुक्त रामलीला रब्बानी ने बताया कि अनिरुद्ध के दोनों बेटे भी इसी कारोबार में पूर्व से जेल में बंद हैं और अनिरुद्ध भी यही कार्य करता था। गुप्त सूचना विभाग को मिली थी। इसके पास से तकरीबन एक लाख का शराब बरामद किया गया है। फिलहाल विभाग ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



## श्री श्री शनिदेव पूजा समिति ने मनाया 18 वां स्थापना दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** श्री श्री शनिदेव पूजा समिति की ओर से गम्हरिया डीवीसी मोड़ के समीप स्थित शनि मंदिर का 18वां स्थापना दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस दौरान सर्वप्रथम भगवान शनिदेव महाराज का ध्वजारोहण कर विधि विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस पूजनोत्सव में श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है। इस मौके पर दोपहर में भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। तत्पश्चात संध्या में भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आमंत्रित ज्ञानदेव भजन मंडली के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर भक्तों को भाव विभोर किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एसिया उपाध्यक्ष डॉ. सुधीर सिंह ने कहा कि ईश्वर की आराधना से मन को शांति मिलती है। उन्होंने शनि मंदिर के परिचालन में अहम भूमिका निभाने वाले कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शनिदेव पूजा समिति के अध्यक्ष राजू चौधरी, महासचिव महेंद्र प्रसाद बांसवाला, कोषाध्यक्ष तरुण तिवारी उर्फ मुन्ना, बुबई दास, शैलेश तिवारी, अमरेश गोस्वामी, संजय वर्मा, अंकित तिवारी, गोविंद शर्मा, आशुतोष प्रधान समेत सभी सदस्यों का योगदान रहा।



# करीम सिटी कॉलेज में मजदूर दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मजदूर दिवस के अवसर पर हिंदी विभाग, करीम सिटी कॉलेज के तत्वावधान में एक संगोष्ठी आयोजित हुई जिसका शीर्षक था- हिंदी कहानी में श्रमजीवन÷। इसकी अध्यक्षता हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. एससी गुप्ता ने की तथा हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ फिरोज आलम ने विषय प्रवेश कराते हुए श्रमजीवन की वास्तविकता का शाब्दिक चित्रण सभा के समक्ष प्रस्तुत किया जिसके तहत हिंदी में लिखी गई श्रमजीवन पर आधारित अनेकों कहानियों की चर्चा की। शिक्षक के अलावा छात्र-छात्राओं ने भी इस संगोष्ठी में अपने विचार रखे। हिंदी प्रतिष्ठा के जिन छात्र-छात्राओं ने अपने विचार रखें उनमें राहुल मंडल, प्रतिभा त्रिपाठी, निशा भट्टाचार्य तथा खुशबू कुमारी के नाम प्रमुख हैं।अंत में डॉ गुप्ता ने अध्यक्षीय भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने प्रेमचंद से लेकर समकालीन कहानीकारों की चर्चा करते हुए श्रमजीवन से संबंधित विभिन्न प्रश्नों तथा चुनौतियों को रेखांकित किया। इस संदर्भ में उन्होंने विशेष रूप से प्रेमचंद द्वारा रचित कहानी सवा सेर गेहूं तथा भीष्म साहनी की कहानी गंगा की जाया की चर्चा की।अंत में प्रतिभा त्रिपाठी ने सभी छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया।




## बिष्टुपुर तुलसी भवन में लाइफस्टाइल पहचान मेला का समापन आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहर की सामाजिक संस्था जेसीआई जमशेदपुर पहचान की महिलाओं द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु बिष्टुपुर तुलसी भवन में चल रहे तीन दिवसीय लाइफस्टाइल पहचान मेला (प्रदर्शनी सह बिक्री) के दूसरे दिन शुक्रवार को भी काफी भीड़ रही। इस मेला का समापन शनिवार 4 मई को होगा। मेला शनिवार को भी सुबह 10 से रात 8.30 बजे तक खुला रहेगा। इस प्रदर्शनी मेला में कुर्ती, साड़ी, गिफ्ट आइटम, चादर, बांदरवाल, लड्डू गोपाल की पोशाक, हाथ के बने हुए मंगोड़ी, पापड़, अचार, पेंटिंग आदि के स्टॉल लगाये गये हैं। जिसमें सही दाम पर एक ही छत के नीचे अनेक समान लोगों को मिल रहे हैं। मेला में जमशेदपुर, रांची, कोलकाता, मुंबई आदि शहरों से भी महिलाएं स्टॉल लगाने के लिए आयी हुई हैं। मेला का उदघाटन गुरूवार को समाजसेविका सुमन नागेलिया द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया था। इसे सफल बनाने में संस्थापक अध्यक्ष कविता धूत, अध्यक्ष बीना देबुका, सचिव मोनिका बाकरेवाल, कोषाध्यक्ष पूजा मोदी,, नीमा मोदी, संगीता गुप्ता सीमा अग्रवाल, रिया अग्रवाल, अंजू मोदी, संगीता गुप्ता, सोनिया मोदी, किरण अग्रवाल, शिल्पी मूनका, सोनल केजरीवाल, कृतिका गोयल, पायल सोंथालिया, चंदानी अग्रवाल, नूपुर कांवटिया सहित संस्था की सभी महिलाएं लगी हुई हैं।



# 1200 मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** सरायकेला विधानसभा- 51 के पार्टी संख्या 1 से 300 तक के मतदान दलों के 1200 मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न हुआ। इसमें पीठासीन पदाधिकारी, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान पदाधिकारियों का प्रशिक्षण एन आर प्लस टू उच्च विद्यालय सरायकेला में संपन्न हुआ। सभी पीठासीन पदाधिकारियों को डमी एनवेलप एवं डमी प्रपत्रों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत मतदान अभिकर्ता की नियुक्ति फार्म 10, मतदान अभिकर्ता का प्रवेश पास, नेत्रहीन आशक्त निर्वाचक के साथी द्वारा घोषणा, नियम 49 एमए के तहत निर्वाचक द्वारा घोषणा पत्र का फॉर्म, एएसडी लिस्ट में दर्ज नाम के संबंध में निर्वाचक द्वारा घोषणा पत्र, निर्वाचन द्वारा आयु के संबंध में घोषणा प्रारूप, घोषणा पत्र देने के बाद मतदान करने वाले मतदाताओं की सूची, पीठासीन पदाधिकारी की घोषणा भाग 1 से भाग 4, पीठासीन अधिकारी की डायरी, आगंतुक पत्र, पीठासीन अधिकारी का रिपोर्ट भाग 1 से 5, मतदाता रजिस्टर 17 ए, मतदाता पर्ची, फार्म 17सी आदि को भरने की पूरी जानकारी दी गई। आज भी उन मतदान कर्मियों को पुनः ईवीएम हैंड्स ऑन कराया गया जिनको किसी प्रकार की शंका रह गई थी।



## सिंहभूम लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में प्रतिनियुक्त पुलिस ऑब्जर्वर ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** 10-सिंहभूम लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु प्रतिनियुक्त पुलिस प्रेक्षक संजय दयानन्द देव खराट ने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर अनुमंडल कार्यालय सरायकेला के सभागार में सम्बन्धित पदाधिकारियों के साथ शुक्रवार को बैठक की।बैठक के दौरान उन्होंने विभिन्न आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा करते हुए मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, पोलिंग पार्टी का डिस्पैच, पोलिंग पार्टी तथा पुलिस पार्टी का डिप्लोमेंट तथा उनकी आवासन व्यवस्था, ईवीएम डिस्पैच सेंटर की तैयारी, फ़्लाइंग स्क्वार्ड टीम तथा स्टेटिक्स सर्विलांस टीम की गतिविधियां, आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन सम्बन्धित मामले तथा उस पर विधिसम्मत कार्रवाई , सोशल मीडिया पर निगरानी, जिला नियंत्रण कक्ष तथा जीपीएस ट्रैकिंग वाहनों की उपलब्धता इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की।बैठक के दौरान उन्होंने एसएसटी/एफएसटी टीम की नियमित निगरानी, वरीय पदाधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण सहित कई अन्य निर्देश दिए। सुगम मतदान हेतु सभी पोलिंग पार्टी तथा पुलिस पार्टी के साथ बैठक कर निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों की जानकारी देते हुए लोगों के साथ सहयोगात्मक व्यवहार रखते हुए निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।बैठक में मुख्य रुप से सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी - सह- अनुमंडल पदाधिकारी, सरायकेला सुनील कुमार प्रजापति, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सरायकेला संतोष कुमार मिश्रा, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी गौतम प्रसाद साहू तथा विभिन्न कोषांग के वरीय/नोडल पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## हांसदा स्टार जमशेदपुर ने जीत दर्ज कर जेएसए क्वालीफायर्स में फाइनल में बनाई जगह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जेएसए क्वालीफायर्स ग्रुप ए सेमीफाइनल में एक रोमांचक मुकाबले में हांसदा स्टार जमशेदपुर ने जगुआर 11 पर 3-1 से जीत दर्ज की, जिससे समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। टिनप्लेट ग्राउंड में शाम 4 बजे खेले गए इस मैच में अमर सिंह टुडू ने शानदार प्रदर्शन किया, जिन्होंने 64वें, 67वें और 70+3 मिनट में तीन सनसनीखेज गोल करके अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाया।इस बीच आर्मरी ग्राउंड में स्माइल क्लब कुटीमकाली ने ग्रुप बी सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए दोपहर के मुकाबले में एबीएमसी एफसी कांकीडीह को 4-0 से हराया।फाइनल मुकाबले के लिए मंच तैयार हो चुका है, हांसदा स्टार जमशेदपुर 5 मई को शाम 4 बजे टिनप्लेट ग्राउंड कॉम्प्लेक्स में एबीएमसी एफसी कांकीडीह के साथ वर्चस्व की लड़ाई में भिड़ेगा। फुटबॉल के दीवाने एक रोमांचक नजारे की उम्मीद कर सकते हैं।

# उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पहुंचे पत्थलगड़ा, भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपिल की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** चतरा लोकसभा क्षेत्र के पत्थलगड़ा के पावन धरती पर सभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा हमारे माननीय प्रधानमंत्री मोदी ने यह कहा है कि अगर 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प साकार करना है तो चतरा लोकसभा क्षेत्र से स्थानीय लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को भारी मतों से विजयी बनाकर 2047 तक विकसित भारत संकल्प में अपना अहम योगदान देना है। वहीं उन्होंने कहा कि आज सभी जनता हाथ उठाकर यह संकल्प लें कि कालीचरण सिंह को पांच लाख मतों से विजयी बनाकर संसद भवन भेजने का काम करें जिससे प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत किया जा सके। वहीं उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने जो 60 साल में नहीं किया, वह मोदी ने 10 वर्षों में कर दिखाया है। इतना ही नहीं भ्रष्टाचार मुक्त भारत ही नहीं, झारखंड में भी डबल इंजन की सरकार बनाने की अपील किया। वहीं भाजपा की सरकार बनने के बाद झारखंड भी भ्रष्टाचार मुक्त होने की बात बताई। प्रखंड के प्रसिद्ध लालू मैदान में सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने आगे कहा कि विपक्ष कहता है कि लोकतंत्र खतरे में है, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है। सिर्फ विपक्ष का नींद हराम हो गया है उसकी पार्टी खतरे में है, जिससे उसका मनोबल गिरता चला जा रहा है। वहीं राहुल गांधी कहते हैं की अगर हमारी सरकार बनी तो धारा 370 वापस ले आएंगे, हम आप सबको विश्वास दिलाते हैं की राहुल गांधी अपने जीवन में भी धारा 370 को वापस नहीं ला सकते हैं। उन्होंने कहा की कांग्रेस ने कश्मीर का एक हिस्सा पाकिस्तान को सौंप दिया था उस पाकिस्तान वाले कब्जे के कश्मीर क्षेत्र में तिरंगा फहराने के लिए चार सौ पार की आवश्यकता है। साथ ही गरीबों को मुफ्त में अनाज, बिजली, पानी और मकान मिलता रहे इसके लिए भी मोदी सरकार को 400 पर की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि अगर मोदी नहीं होते तो सर्जिकल स्ट्राइक नहीं होता। आज यहां से संकल्प लेकर जाएं की राम के चरणों में इतना कमल चढ़ाया जाए जिससे झारखंड सहित भारत कांग्रेस मुक्त हो जाए। उन्होंने आगे कहा कि अगर धारा 370 हटा है तो हर बूथ पर 370 वोट अधिक चाहिए। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह, पूर्व मंत्री रणधीर कुमार सिंह, विधायक किशुन कुमार दास, जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, अशोक शर्मा, उज्जवल दास, सुजीत भारती, बालेश्वर कुशवाहा सहित सहित अन्य वक्ताओं ने सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सतीश कुमार व संचालन बासुदेव दांगी ने किया।

## जेएसएलपीएस के जिला प्रबंधक की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापुर :** प्रखंड के गजवा मध्य विद्यालय के प्रांगन में शुक्रवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे चतरा कोषांग से आये हुये जेएसएलपीएस के जिला प्रबंधक अनिल डुंगडुंग शामिल थे। मौके पर कम वोटिंग वाले मतदान केन्द्र गजवा मध्य विद्यालय मे बुथ के मतदाताओ को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान का महत्ता, अधिकार, कर्तव्य को बताया गया। साथ ही मतदाता का एक - एक मत को लेकर विशेष जानकारी दिया गया ।बताया गया कि आगामी 20 मई को निडर व निर्भिक होकर देश की सुदृढ शासन की स्थापना के लिए आप परिवार के साथ अपने अपने बुथो पर पहुंचकर मतदान करे। जहां आप सबो को हर सुविधा प्रशासन द्वारा बहाल किया गया है। इस मौके पर बीपीएम अभिषेक कुमार, सुरजकान्त कुमार, दिलीप कुमार, राकेश कुमार, समूह की दीदी सहित कई मतदाता मौजूद थे।

## अंचल कोर्ट का हुआ आयोजन, कुछ का निष्पादन कुछ लंबित



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड परिसर अंचल कार्यालय में शुक्रवार को अंचल कोर्ट का आयोजन किया गया। अंचल कोर्ट अंचला अधिकारी राकेश सहाय के नेतृत्व में संपन्न हुआ। जहां करीब चार गांव का मामला आया जिसमें मंझगांवा, नयाखाप, बारीसाखी, द्वारी सहित अन्य गांव के भूमि से संबंधित मामले की सुनवाई की गई। कई मामलों में अंचल अधिकारी ने सुनवाई के लिए अगली तिथि का नि।जबकि कई मामलों का निष्पादन ऑन द स्पॉट कर दिया। मौके पर अंचल निरीक्षक प्रमोद कुमार सिन्हा, राजस्व कर्मचारी पप्पू यादव सहित ग्रामीण थे।

## कम्युनिस्ट पार्टी प्रभारी अतुल कुमार अंजान का आकस्मिक निधन

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत अखिल भारतीय किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने शोक मनाया। बताते चलें कि अखिल भारतीय किसान मोर्चा महासभा के सचिव एवं झारखंड कम्युनिस्ट पार्टी प्रभारी अतुल कुमार अंजान का निधन 2 मई को आकस्मिक निधन हो गया। जिससे पार्टी को अप्रिय छती हुई है। यह किसान मजदूर के चहेता थे। गिद्धौर अंचल मंत्री मुकुट धारी दांगी कम्युनिस्ट पार्टी के राम लखन दांगी दीनदयाल दांगी दिनेश्वर दांगी प्रनाथ दांगी महेंद्र दांगी इन सभी लोगों ने एक शोक सभा का आयोजन किया। एवं मृतक प्राणी की आत्मा शांति के लेकर 2 मिनट का मौन रखा।साथ ही साथ उनके परिजनों को सहनशक्ति प्रदान हो भगवान से प्रार्थना किया है।

## 20 मई को वोट करेगा चतरा लोक सभा क्षेत्र के वोटर

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के नामांकन के छट्ठे दिन 11 उम्मीदवारों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया है। जिसमें अर्जुन प्रजापति निर्दलीय से, नब्बू भुइयां निर्दलीय, अमित कुमार सिंह निर्दलीय से, आशेष सिंह निर्दलीय से, दुलेश्वर साव निर्दलीय से, रामलखन प्रजापति निर्दलीय, सुचित्रा सिन्हा बहुजन समाज पार्टी, राजेश कुमार सिंह निर्दलीय, अनुज कुमार निर्दलीय, उमेश गंझू, विक्रांत कुमार सिंह निर्दलीय से अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। इस तरह नामांकन प्रक्रिया के छट्ठे दिन तक कुल 31 उम्मीदवारों ने अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। वहीं आज तक कुल 35 फॉर्म क्रय किए गए थे।

## स्विप कार्यक्रम के तहत प्रखंड में बीएलओ एवं जेएसएलपीएस के साथ बैठक कर चलाया जागरुकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर लो वोटर परसेंटेज वाले बूथ 139,140,141 जागरूकता स्विप कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में कार्यक्रम में जेसेलपीएस समूह के महिलाओं व बीएलओ के द्वारा मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। शुक्रवार को बरवाडीह पंचायत सचिव मोहम्मद असलम की अध्यक्षता में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आजीविका क्षेत्र के विभिन्न सखी मंडल की महिलाएं को मतदाता शपथ दिलाया गया। उन्होंने कहा कि तरह दौरान बीपीएम ने कहा तरह के गतिविधियों के कि शत प्रतिशत मतदान माध्यम से मतदाताओ को मतदान करने के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। और सभी से अपील करते हुवे जागरुकता मतदाता अभियान शत प्रतिशत वोटिंग कराने के साथ संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में बरवाडीह पंचायत सचिव मो.असलम, बीएलओ मिथलेश कुमार, अंजू देवी, व जेसेलपीएस के कई महिलाएं उपस्थित रहे।

# झारखण्ड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के आदेशों को दिखा रहे हैं निजी स्कूल ठेंगा

**नन्हे नन्हे बच्चों को निजी विद्यालय के संचालकों द्वारा आने को कर रहें है मजबूर**

**कड़कती धूप में निजी विद्यालय खोल कमाई का बना रहा है धंधा**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के कई निजी स्कूलों में 1 से लेकर 8 तक के बच्चे विद्यलाय में जाते आते नजर आ रहें हैं। जैसे में डाड़ी कुट्टी गांव के मुख्य ग्रामीण सड़क के मध्य में स्थित प्रगति सेंट्रल स्कूल, राम परमहंस विद्यालय सिमरिया के अलावे अन्य कई विद्यालय है जो चोरी छुपे विद्यालय चला कर अपना कमाई का जरिया बना रहे हैं। और झारखण्ड सरकार स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मिशन के आदेशों का ठेंगा दिखा रहा है। वैसे में कई निजी विद्यालय अपनी कमाई का जरिया बना नन्हे नन्हे बच्चों के जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे है। बच्चे कड़कती धूप में पैदल चल घर वापस आते जाते है। जहां एक ओर झारखण्ड सरकार ने कड़कती दहकती कड़क धूप से बचाव को लेकर क्लास 1 से लेकर क्लास 8 तक के बच्चों को विद्यालय जाने पर रोक लगा दिया है।जिसे लेकर झारखण्ड सरकार स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मिशन ने राज्य के सभी जिलों के जिला पदाधिकारी एवं प्रखण्ड के सभी बीईओ को आदेश जारी कर सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के बच्चों को विद्यालय जाने पर रोक अगले आदेश तक लगा दी गयी है। फिर भी विभाग के चिट्ठी को ताख पर रख प्राइवेट स्कूल के संचालक अपनी लाभ को लेकर बच्चों के जिंदगी से खेल रहे है। और बच्चों के परिजनों से पढाई के नाम पर फीस की वसूली कर रहें है। बच्चे कड़कती धूप में छुट्टी के बाद पैदल घर वापस जाते हैं। क्या निजी विद्यालयों के लिए नियम कानून अलग है। या शिक्षा विभाग से ऐसे विद्यालय को अलग रखा गया है ।क्या इनके ऊपर झारखण्ड सरकार का निकाले गए आदेश इन निजी विद्यालयों पर लागू नहीं होता है। बच्चों के साथ अनहोनी होने पर इसका जिम्मेवार कौन होगा। क्या शिक्षा विभाग ऐसे विद्यालयों पर कार्रवाई करेगी। दुशरी ओर जिला शिक्षा पदाधिकारी चतरा से बात करने पर उन्होंने ने कहा कि ऐसे निजी विद्यालयों पर कार्रवाई अविलंब की जाएगी।

## शादी का झासा देकर यौन शोषण करने को लेकर मामला दर्ज

**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत मनातू गांव के एक विधवा महिला ने शादी के झांसा देकर यौन शोषण करने और पैसे हड़पने को लेकर बारियातू थाना मे मामला दर्ज कराया है. पीड़ित महिला ने बताया की मनातू ग्राम के सुधीर कुमार साव पिता अर्जुन साव ने शादी करने का झांसा देकर मेरे साथ यौन शोषण किया है . साथ ही हमसे पैसा लेकर हड़प लिया है। वहीं 1 सुधीर कुमार साव 2 रुपेश साव दोनों के पिता अर्जुन साव, 3 अर्जुन साव पिता मुनु साव, 4 शांति देवी पति अर्जुन साव पर थाने मामला दर्ज करवाया है. सभी के ग्राम मनातू थाना बारियातू जिला लातेहार है. बारियातू थाना कांड सं.37/24 दिनांक 02.05.24धारा -376(2)(एन )406/420 भादवि के तहत मामला दर्ज कर पुलिस अग्रेतर कार्रवाई कर रही है।

# 81 लाख का अफीम डोडा बरामद, एक गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के अधार पर बारियातु पुलिस ने थाना क्षेत्र के बालूभाँग पंचायत अंतर्गत श्रीसमाद के बेलवाटिकर निवासी भगत गंझु के घर छपामारी कर 81 लाख से भी अधिक मूल्य का अफीम डोडा जब्त कर एक तस्कर को गिरफ्तार करने मे पुलिस बड़ी सफलता हासिल की है। लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि बारियातू थाना क्षेत्र के कुछ गांवों में नशीली पदार्थो का कारोबार करने वाले तस्कर सक्रिय हो रहे हैं। बरियातू थाना क्षेत्र के श्रीसमाध गांव निवासी भगत गंझू के घर में तस्करों द्वारा अफीम डोडा का स्टॉक किया जा रहा है। सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर पुलिस की टीम ने बालूमाथ डीएसपी आशुतोष सत्यम के नेतृत्व में बरियातू थाना क्षेत्र के श्रीसमाध गांव में छापेमारी की गई। पुलिस की टीम ने जब भगत गंझू के घर छापेमारी की तो वहां से 521 किलो अफीम डोडा बरामद किया गया।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी गरिमा सिंह की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रमवार तरीके से सभी की शिकायतों को सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। ज्ञात हो की शुक्रवार को साप्ताहिक जनता दरबार में कुल 13 आवेदन प्राप्त हुए। जो मुख्य रूप से विद्यालय में नामांकन, नियोजन, जमीन रशीद, चापानल अधिग्रहण आदि से संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों




के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

## नेतरहाट में भूमि से अवैध कब्जा हटाने के लिए दिया आवेदन

**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार द्वारा पहाड़ों की रानी नेतरहाट को पर्यटन स्थल के तौर पर विकसित करने के निर्णय लेने के बाद से नेतरहाट को भू माफियाओं की नजर लग गई है। भू माफिया जमीन की दलाली कर मालामाल हो रहे हैं। वही गरीब किसान अपने खेत बचाने में लगे हुए हैं। ऐसा ही एक आवेदन दिन शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी रतन सिंह के पास पहुंचा। जिसमें आवेदक ठेबु किसान ने कुछ अज्ञात और असामाजिक तत्वों के द्वारा अपने खेत के कुल 4.53 एकड़ भूमि पर से अवैध कब्जा हटाने की गुहार लगाते हुए बताया कि उनकी मां भी पिछले कुछ दिनों से गायब है और उनका कुछ भी पता नहीं चल पा रहा है। परिवार पर भी जान का खतरा है। वह गरीब किसान है और खेती पर ही आश्रित है। इसके पूर्व में नेतरहाट थाना में भी आवेदन कर चुका है। वही पीड़ित ठेभु किसान ने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, भूमि सुधार एवं उपायुक्त लातेहार से इस संबंध में ध्यान देते हुए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

## चतरा लोकसभा क्षेत्र से नबु भुईयां ने दाखिल किया नॉमिनेशन



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा लोकसभा प्रत्याशी नबु भुईयां ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ शुक्रवार को नॉमिनेशन पत्र दाखिल किया। इस दौरान मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया इस दौरान नबु भुईयां ने बताया कि चुनाव लड़ने का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र का विकास करना मैं जनता से अनुरोध करता हूं कि इस बार मुझे अपना मत देकर चतरा लोकसभा का सांसद बनने का एक मौका दे मैं जनता को विश्वास दिलाता हूं कि मैं पूरी निष्ठा के साथ क्षेत्र का विकास करने का कार्य करूंगा यहां तक कि युवाओं को रोजगार शिक्षा पानी बिजली सभी सुविधाओं को उपलब्ध कराने का कार्य करूंगा साथ ही साथ गांव में ही रोजगार देने का कार्य करूंगा ताकि हमारे मजदूर भाई बंधु जो बाहर में मजदूरी करते हैं उन्हें गांव में ही रोजगार मिल सके ताकि उन्हें बाहर जाकर मजदूरी करने की जरूरत ना पड़े वहीं मौके पर मौजूद पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सह सांसद प्रत्याशी प्रतिनिधि श्रवण पासवान ने कहा कि बहुत दुर्भाग्य की बात है कि लातेहार जिले में डिग्री कॉलेज बना हुआ है लेकिन इसका पढ़ाई अब तक शुरू नहीं हुआ है जबकि हमारे सुनील सिंह चतरा लोकसभा के दो बार सांसद रह चुके हैं इसके बावजूद भी डिग्री कॉलेज का ताला नहीं खुलना यह काफी चिंता का विषय बना हुआ है आगे श्री पासवान ने चतरा लोकसभा क्षेत्र वासीयों से नबु भुईयां को अपना मत देकर चतरा लोकसभा का सांसद बनाने का अपिल किया है।

# आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शौचालय निर्माण में भारी अनियमितता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** आसन्न लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण और सुविधायुक्त तरीके से कराने को लेकर बूथ स्तर से लेकर क्लस्टर तक आवागमन, पेयजल आपूर्ति, बिजली, शौच की सुविधाएं हर संभव देने को लेकर जिला प्रशासन काफी हद तक सक्रिय है जिसे लेकर बरवाडीह के मॉडल विद्यालय के समीप पीएचईडी विभाग द्वारा टेंडर का लाखों की लागत से शौचालय निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसमें भारी अनियमितता बरती जा रही है। जहां शौचालय निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं हो रहा है। शौचालय निर्माण कार्य में बंग्ला ईट का प्रयोग किया जा रहा है। वहीं निम्न स्तर का सीमेंट से दस अनुपात एक के मसाले का उपयोग ईट जोड़ाई में हो रहा है। जहां शौचालय के प्लिंथ में एक भी स्टील नहीं दिया गया है। वहीं दीवार में पानी भी नहीं डाला जा रहा है। इस संबंध में सहायक अभियंता प्रशांत कुमार पांडेय ने बताया कि प्लिंथ में स्टील डालने का कोई प्रावधान नहीं है। बताया जा रहा है कि शौचालय निर्माण कार्य संवेदक द्वारा किसी दूसरे तीसरे व्यक्ति को पेटी कॉन्ट्रैक्ट में दिया गया है। वहीं मजदूरों की मानें तो निर्माण कार्य एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करना है जिसे लेकर आनन फानन में घटिया निर्माण किया जा रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि चुनाव सम्पन्न होने के बाद शौचालय में ताला जड़ दिया जाएगा फिर शौचालय किसी काम का नहीं होगा यही वजह है कि बस ढांचा खड़ा करना है। बताते चलें कि प्रखंड बरवाडीह में आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पीएचईडी और भवन विभाग से कई शौचालय का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

# जल संकट से जूझ रहा प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नेतरहाट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नेतरहाट समेत आसपास के क्षेत्र में ग्रामीणों को आज भी पानी की गंभीर समस्या से जूझना पड़ रहा है। दिन शुक्रवार को जिला परिषद सदस्य स्तेला नगेसिया निरीक्षण के लिए नेतरहाट पहुंची। जहां नेतरहाट एवं आसपास के क्षेत्रों के ग्रामीणों ने जिप सदस्य को पानी की समस्या से अवगत कराते हुए बताया की ग्रामीण जलापूर्ति योजना के द्वारा भी प्रत्येक दिन पानी की सप्लाई नहीं दी जा रही है। लोगों को?600 खर्च कर टैंकर से पानी मंगना पड़ रहा है। पेयजल विभाग के द्वारा सिर्फ एक कर्मचारी को पानी सप्लाई के लिए लगाया गया है जिसके कारण नियमित रूप से पानी का सप्लाई नहीं किया जा रहा है।नेतरहाट की लाइफ लाइन कहीं जाने वाली तालाब की हालत भी बद्तर नेतरहाट की वादीयों के बीचो-बीच नेतरहाट की लाइफ लाइन कहे जाने वाली तालाब की हालत भी बद्तर होती जा रही है। तालाब का आकार भी दिनों दिन छोटा होता जा रहा है, तालाब में मिट्टी भरता जा रहा है। इसी तालाब से नेतरहाट आवासीय विद्यालय समेत पूरे नेतरहाट में पानी की सप्लाई होती है। जिसमें पिछले बरसात से पूर्व ही तालाब के आउटलेट की दीवार टूट गई थी। जिस पर अभी तक मरम्मती कार्य नहीं किया गया। जिससे तालाब में पानी भी दो से तीन फीट कम रहा। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत भी की थी, जिसे दैनिक जागरण ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। लेकिन विभाग के लापरवाही के कारण अभी तक यह आउटलेट की दीवार नहीं बन पाई।

## केंद्र में भाजपा की सरकार देखना चाहती है जनता : प्रकाश राम

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व विधायक प्रकाश राम ने चतरा लोकसभा भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के समर्थन में शुक्रवार को चंदवा प्रखंड के रुद, बरवाटोली, ढोटी, काली, निंद्रा, गोली पंचायत में समर्थकों के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि इस बार 400 पार का नारा प्रधानमंत्री ने दिया है जिसे पूरा कर के दिखाना है। भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसने का काम उन्होंने किया है। आज भाजपा के विजयरथ को विपक्षियों ने इंडिया महागठबंधन बनाकर रोकने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी में तीसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार देखना चाहती है। चतरा लोकसभा की जनता ने मन बना लिया है की भाजपा प्रत्याशी कालीचरण को भारी मतों से जीताकर संसद में भेजना है। लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह द्वारा लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों से संपर्क कर रहे हैं। मौके पर पूर्व विधायक प्रकाश राम, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता, जयराम साहू, अमित कुमार सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

## सिरमा और पंडरिया गांव में मचान जलकर राख, मुआवजे की मांग की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत सिरमा एवं पंडरिया गांव में पुवाल का मचान जलकर राख हो गया। सिरमा में शाम 6:30 बजे किसान मोहम्मद अलाउद्दीन तथा पंडरिया में रात्रि 11:30 बजे किसान नारायण कुमार महतो के पुवाल की मचान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद आग को बुझाया गया। नारायण कुमार महतो के मचान के नीचे गौशाला बना हुआ था। आग लगने की जानकारी मिलते हीं गौशाला में बंधे जानवरों को बाहर निकाल कर बचाया गया। वही अलाउद्दीन के मचान में कई कीमती लकड़ियां जलकर नष्ट हो गई। पुवाल का मचान जल जाने के कारण पीड़ित किसान को मवेशियों के लिए चारा खिलाने की समस्या उत्पन्न हो गई है। इस बाबत किसानों ने प्रशासन से आपदा राहत कोष के तहत मवेशियों के लिए चारा उपलब्ध कराने तथा मुआवजे की मांग की है। मांग करने वालों में मुख्य रूप से विनोद कुमार, डब्ल्यू सिन्हा के अलावा कई लोग शामिल हैं।

## भीषण गर्मी को लेकर मिशन होस्पिटल द्वारा मरीज एवं आम जनता के लिए ठंडे पानी का किया गया व्यवस्था



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** मिशन रोड रविन्द्र पथ अवस्थित श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में दिन शुक्रवार को भीषण गर्मी को देखते हुए मरीज एवं आम आवाम के लिए मिट्टी से बने गढा एवं ठंडे पानी का व्यवस्था किया गया। इस दौरान प्रचंड गर्मी का प्रकोप से बचने के लिए अस्पताल परिवार द्वारा जन जागरूकता फैलाया गया। लू से बचने का उपाय एवं लक्षण लोगों के बीच साझा किया गया। मिट्टी के गढे ठंडे पानी से मरीज एवं आम आवाम को काफी राहत मिलेगा। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि आम आवाम व मरीजों के लिए गढे का ठंडे पानी से गर्मी से काफी राहत मिलेगा। हजारीबाग बढती गर्मी से लू लगने का खतरा बढते जा रहा है। लू से बचने का उपाय व लक्षण पम्पलेट के माध्यम से आम आवाम में जन जागरूकता के उद्देश्य से फैलाया गया है। उन्होंने कहा कि हर संस्थान को सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए। छोटी सी छोटी कोशिश समाज में बडा बदलाव होता है। उन्होंने हजारीबाग जिला वासियों को गर्मी से बचने एवं स्वास्थ्य का देखभाल करने का अपील किया।

## सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव मंडल के सदस्य अतुल कुमार अंजन का हुआ निधन



**हजारीबाग :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता और पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मंडल के सदस्य अतुल कुमार का निधन लंबे बीमारी के बाद लखनऊ में हो गया। हजारीबाग भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय में 2 मिनट मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता सहित पार्टी के अन्य सदस्यों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि स्व अंजन प्रारंभ से ही राजनीति के क्षेत्र में जिज्ञासा रखते थे और बिहार के बांका जिले से निकलकर लखनऊ में राजनीति की एक मिसाल कायम किया। छात्र जीवन में ही लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्यक्ष चुने गए और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से एआईएसएफ के लिए अध्यक्ष चुने गए। अपनी पूरी जिंदगी किसानों पर न्योछावर कर दी। दिल्ली में किसान आंदोलन जब चल रहा था तो पूरे देश का नेतृत्व किसान आंदोलन के लिए अतुल कुमार अंजन ने किया और पूरे देश को आईना दिखाने का काम किया। उनके निधन से हिंदी भाषी क्षेत्र नेता विहीन हो चुका है जिसकी भरपाई करना असंभव है। सबसे बड़ी बात है कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं ने अतुल कुमार अंजान को पूरे देश में किसान सभा गठन करने की बात कही थी जिस पर देश का काला कानून किस बल के खिलाफ उन्होंने पूरे देश में मोर्चा खड़ा कर आंदोलन किया और इसके बाद उन्हें सफलता मिली और आज पूरा देश का किसान उनके निधन पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे हैं। मौके पर अधिवक्ता शंभू कुमार, निजाम अंसारी, महेंद्र राम, गणेश कुमार सीटू, जमील खान, माजिद अंसारी, बिपिन बिहारी सिन्हा, शौकत अनवर, खतियानी परिवार के हकीम अंसारी, जमाल खान, राजू खंडेलवाल, साबिर खान, प्रेमचंद राम, अनवर हुसैन सहित पार्टी के कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## बरही पुलिस ने कोयला लदा पिकअप वैन पकड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ सुरजीत कुमार के निर्देश पर रसोईया धमना टोल प्लाजा के पास एक पिकअप वैन को पकड़ा। जांच के क्रम में पाया कि उक्त गाड़ी में 40 बोरी कोयला लोड है। मौके पर से चालक संजीत कुमार पिता प्रकाश यादव व उपचालक परमेश्वर कुमार पिता दुखी यादव दोनों ग्राम दरीओरा करमौनी थाना डोभी जिला गया को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में दो अन्य लोगों के खिलाफ भी मामला भी दर्ज किया गया। वहीं चालक व उपचालक को जेल भेज दिया गया।

## इंडी गठबंधन प्रत्याशी जेपी पटेल का केरेडारी दौरा कल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आगामी 5 मई को लोकसभा महागठबंधन प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल का केरेडारी एवं पिपरवार दौरा व जनसंपर्क कार्यक्रम तय हुआ है। जनसंपर्क अभियान को लेकर केरेडारी में महागठबंधन के नेता एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक हुई। उक्त बैठक में स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद मौजूद रही। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार गुप्ता एवं संचालन मो दिलदार अंसारी ने किया। बैठक में लोकसभा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को भारी मतों से विजयी बनाने एवं आगामी रविवार को होने वाले जनसंपर्क अभियान को लेकर तैयारी को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि रविवार को प्रखंड के सभी 16 पंचायत एवं पिपरवार क्षेत्र के तीन पंचायतों में जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा जिसका रूट चार्ट भी बनाया गया है। विधायक अंबा प्रसाद ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विस्थापितों के हक अधिकार को बचाना है तो महागठबंधन प्रत्याशी को जीत दिलाना होगा।पूरे लोकसभा क्षेत्र में जयप्रकाश भाई पटेल को सभी जाति, समुदाय का भरपूर सहयोग मिल रहा है, आने वाले 20 मई को एकजुटता का परिचय देते हुए हाथ छाप का बटन दबाकर लोकसभा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को विजयी बनाना है। महागठबंधन के सहयोगी माले नेता पैरु प्रताप ने अनुशासन में रहकर जनसंपर्क अभियान चलाने की बात कही। वहीं झामुमो नेता विनेश पासवान ने कहा कि महागठबंधन प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए जो भी जिम्मेदारी मिलेगी उसका निर्वहन ईमानदारी से करूंगा।वहीं प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता ने महागठबंधन के घटक दलों से जनसंपर्क अभियान में शामिल होने का आह्वान किया है।

## वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने लगाया निर्मल जैन के नेतृत्व में रक्तदान शिविर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने मजदूर दिवस के अवसर पर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्तियों के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने किया शिविर का शुभारंभ महेंद्र प्रजापति, सोनू कुमार और राजेश गिरी ने रक्तदान करके किया तत्पश्चात कैलाश यादव, दिलीप कुमार केसरी, आकाश गुहा, अर्जुन यादव, फिरोज अंसारी ,योगेश जैन, पुनीत बग्गा, प्रदीप कुमार महतो, लालचंद महतो, मोहम्मद दानिश, मुदस्सिर अब्दुल्ला, आनंद कुमार, विकास पांडे, विवेक मिश्रा, दामोदर पांडे, अविनाश पंडित, दिनेश पंडित, बबलू कुमार, दीपक कुमार, रितेश कुमार ,पिंटू कुमार और दीपक राज समेत अनेक रक्तदाताओं ने इस भीषण गर्मी में भी रक्तदान कर मानवता का परिचय रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया।

## कुंदन कुमार ने राज्य स्तरीय कीक बॉक्सिंग में गोल्ड मेडल जीता



**बड़कागांव :** प्रखंड के पिपराडीह गांव निवासी संजय ठाकुर के पुत्र कुंदन कुमार ने रांची खेलगांव में आयोजित राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर बड़कागांव का नाम रोशन किया है। कुंदन गोवा में 2 से 7 जुलाई तक आयोजित नेशनल गेम में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने बताया कि झारखंड से पांच चयनित सीनियर खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कुंदन ने कहा कि मैं नेशनल स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर राज्य का नाम रोशन करना चाहता हूं एवं आने वाले समय में ओलंपिक में भारत का नेतृत्व करने की ख्वाहिश है। वहीं बड़कागांव के खेल प्रेमियों ने कुंदन की सफलता पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं । जिसमें मुख्य रूप से बड़कागांव के पूर्व खिलाड़ी शशि कुमार बागे, दीपक प्रजापति उर्फ दीपू, फिरोज खान, दीपक गुप्ता, सुरेंद्र राम तूरी के अलावा अन्य खेल प्रेमी शामिल है।

## बरही पुलिस ने 10 पेटी बियर किया बरामद

**बरही :** बरही पुलिस ने गुप्ता सूचना के आधार पर रसोइया धमना मोड़ के समीप एक कार बीआर 01 एस 2134 को पकड़ा। जिससे किंगफिशर के 10 पेटी बियर बरामद किया गया। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर उक्त कार को पीछा किया गया, चालक पुलिस को देख भीड़ का फायदा उढ़ाकर गाड़ी छोड़कर भाग गया। उक्त कार को बरही पुलिस पड़कर थाना लाई है, इस संबंध में मामला भी दर्ज किया जा रहा है।

## जय प्रकाश भाई पटेल का तूफानी जनसंपर्क, एक दिन में किया दर्जनों पंचायत का दौरा

**हज़ारीबाग़ ।** लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने लोकसभा चुनाव को लेकर अपना जनसम्पर्क अभियान तेज कर दिया है। शुक्रवार को उन्होंने कटकमदाग प्रखण्ड अंतर्गत दर्जनों पंचायत का दौरा किया। इस दौरान जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने उनका फूल माला पहना कर स्वागत किया। जनसभा का आयोजन और डोर टू डोर कैंपेन चला उन्होंने लोगों के बीच कांग्रेस के न्यायपत्र के बारे में बताया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश के साथ छल किया है। झूठे वादे कर जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ किया गया है। उन्होंने देश की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जवान, किसान, युवा, महिला सभी आज परेशान है। जवान अग्निवीर योजना से, किसान एमएसपी नीति से, युवा बेरोजगारी से और महिला सुरक्षा कारणों से।

## देश और संविधान को बचाना है, जेपी पटेल को जिताना है : मुन्ना सिंह

**हज़ारीबाग़ ।** समाजसेवी व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने कटकमदाग प्रखंड के सलगांवा, लुटा,नवाडिह पकरार, पदमपुर, बेंदी, सुल्ताना, हत्थामेड़ी इत्यादि क्षेत्रों में जाकर जनसंपर्क किया और लोगों के साथ मुलाकात कर , कांग्रेस पार्टी के उपलब्धियों को बताया , वा अपने घोषणा पत्र में दिए वादे को लोगों को बताया ।समाजसेवी व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार इस देश को पूंजीपतियों के हाथों बेचने का काम कर रही है। यदि इसी तरह व्यवसाइयों को नेता बनाया जाता रहा तो हज़ारीबाग़ को भी पूरी तरह से बेच दिया जाएगा। यह वक्त देश को बचाने का है। यह वक्त हज़ारीबाग़ को बचाने का है। यह तभी मुमकिन है जब हज़ारीबाग़ से यहां की जनता जेपी भाई पटेल को सांसद बना कर दिल्ली भेजने का काम करेगी।

## भारतीय सर्वजन विकास पार्टी प्रत्याशी सुरेश ठाकुर ने लोकसभा के लिए किया नामांकन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** 14 वा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी के लिए शुक्रवार को सुरेश ठाकुर ने उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी हजारीबाग के समक्ष नॉमिनेशन दाखिल किया। कहा कि उनका चुनाव लडने का मुख्य उद्देश्य यह है कि आजादी के इतने साल हो जाने के बाद भी जनता के हक और अधिकार के लिए बने संविधान को अभी तक पूरी तरह से लागू नहीं किया गया है। केंद्र सरकार ने अभी तक भारतीय संविधान को लॉकअप में बंद रखा है। हमारी पार्टी इसे जनता के हक और अधिकार को पूर्ण रूप से लागू करने के साथ हीं पार्टी भारतीय संविधान को पाठ्यक्रम में शामिल कराने का काम करेगी जिसे आम आदमी को जीवन जीने की कला मालूम हो सके। हमारे चुनावी घोषणा पत्र में जातीय जनगणना भी कराएगी। हर एक परिवार को रोजगार की गारंटी दिलवाने का काम करेगी। आधुनिक शिक्षा,सड़क, बिजली,पानी,और स्वास्थ्य सेवा की समुचित व्यवस्था होगी। हमारी पार्टी राष्ट्रीय स्तर का एक अभियान चला रखा है जिसका नाम नए भारत का निर्माण करना है। इसका मुख्य उद्देश्य स्वालंबन, स्वास्थ्य रक्षा, महिला सशक्तिकरण, व्यसन मुक्ति के साथ साथ समता मूलक समाज का निर्माण करना है।

## कानी बाजार स्थित एक कुएं में शव मिलने से सनसनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शुक्रवार सुबह लगभग 8.30 बजे कानी बाजार निवासी संजय कुमार सिन्हा का शव पड़ोसी इनकम टैक्स लॉयर के घर के कुएं में मिलने से सनसनी फ़ैल गई। लोगों ने तत्काल थाने को इसकी सूचना दी। कुएं की गहराई ज्यादा होने से अग्निशमन वालों को लाश निकालने बातचीत में मृतक के भाई ने मामला पारिवारिक विवाद और झगड़े का बताया उन्होंने कहा कि सुबह अचानक कुएं से तेज आवाज आई जिस पर सब लोग दौड़े और उन्होंने देखा कि मृतक कुएं में कूद चुका है और आत्महत्या कर ली है। मृतक का नाम संजय सिन्हा है, जो अन्नदा चौक के पास बुक स्टॉल चलाते थे। उनके एक बेटा और एक बेटी है। फिलहाल उनकी पत्नी और बेटी पटना में है। मौत के कारणों का पता अभी तक नहीं चल पाया है। फिलहाल शव को पुलिस प्रशासन द्वारा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## विष्णुगढ़ वासियों आप सबो के द्वारा मिल रहे जनसमर्थन और प्यार की ऋणी रहूँगी : निशा जायसवाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल के नेतृत्व में हजारीबाग लोकसभा एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल की धर्मपत्नी निशा जायसवाल,छोटे भाई की धर्मपत्नी ट्विंकल जायसवाल,बहन लूना जायसवाल तथा हज़ारीबाग महिला मोर्चा जिलाध्यक्षा रेणुका साहु की गरिमामयी उपस्थिति में नुक्कड़ नाटक, नुक्कड़ सभा तथा अखाड़ा चौक से कसेरा मुहल्ला तक सघन जनसंपर्क किया गया।कार्यक्रम के पूर्व विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अध्यक्षा अंजू देवी समेत अन्य महिलाओं ने निशा जायसवाल,ट्विंकल जायसवाल ,मनीष जायसवाल की बहन लूना जायसवाल,रेणुका साहू को माला पहनाकर पुष्पगुच्छ देते अंगवस्त्र देकर भव्य स्वागत किया गया। तयकार्यक्रमानुसार बंशीधर अखाड़ा चौक विष्णुगढ़,विष्णुगढ़ कसेरा मुहल्ला,बनासो चौक,कुसुम्भा चेतलाल पासवान के दुकान के पास तथा भुताही मुरगाओ शिव मंदिर के पास नुक्कड़ नाटक एवं गीत संगीत के माध्यम से मनीष जायसवाल को भारी मतों के अंतर से जिताने की अपील की गई।इस मौके पर निशा जायसवाल के द्वारा हृदयस्पर्शी नजारा देखने को मिला एक दादी से मिलकर बड़े आत्ममीय अन्दाज से मिली,और नुक्कड़ नाटक के दौरान वृद्ध महिला को कुर्सी में बिठाकर उनसे जीत का आशीर्वाद लिया। इस दौरान बातचीत के क्रम में निशा जायसवाल ने कहा कि विपक्षी प्रत्याशी के गृह प्रखण्ड में इतना आपार जनसमर्थन और प्यार मिल रहा जिसकी मैने कल्पना भी नही की थी।आपलोगो के आपार प्यार और जनसमर्थन से मुझे पूरा विश्वास है,कि इस बार की जीत पिछ्ली जीत से बड़ी होगी और इस बार एक नया कीर्तिमान बनेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से राजेन्द्र दुबे, भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री सत्यभामा,जिला मंत्री मनोरमा राणा, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रानी शुक्ला, कंचन शर्मा, इंदु देवी, गायत्री देवी, राजेश सोनी, नीतीश कुमार बरनवाल, कन्हाई यादव, सुनील कुमार अकेला, राजू श्रीवास्तव, अरविंद कुमार लाहकार, प्रकाश सिंह, सुधीर कुमार कसेरा, बिरजू कसेरा, विजय कसेरा, सुधीर कसेरा, सुनील कसेरा, भोला कसेरा, सुरेश कुमार दास, टेकलाल राम, अमूल्या चंद्र पाण्डेय, विनोद गुप्ता, राजू यादव, संतोष पासवान, अशोक मंडल,सुखदेव मंडल समेत जगह-जगह पर सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुषों की मौजूदगी रही।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय में फैशन शो का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में फैशन शो का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शो के दौरान विभिन्न संस्कृति और पोशाक की झलक देखने को मिली। विश्वविद्यालय के फैशन शो में अलग-अलग परिधानों को पहनकर जब प्रतिभागियों ने रैंप पर वॉक किया तो पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस शो में विभिन्न राज्यों की संस्कृति और परिवेश के विविध रंग देखने को मिले। शो के दौरान जज के रूप में डॉ रोजीकांत, डॉ विनिता कुमारी व डॉ अरविंद कुमार मौजूद रहे। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि भारत विविधताओं का देश है। यहां के अलग-अलग भाषा, वेशभूषा और संस्कृति भारत को खास बनाती है, वहीं अनेकता में एकता के देश भारत की विभिन्न संस्कृतियां, इसकी पहचान है। उन्होंने कहा कि फैशन शो प्रतियोगिता से जहां विद्यार्थी विभिन्न संस्कृतियों से रूबरू होते हैं, वहीं विभिन्न क्षेत्रों या राज्यों के वेशभूषा को भी समझने का मौका मिलता है। बता दें कि विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर बीते 26 अप्रैल से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 16 मई को स्थापना दिवस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। फैशन शो में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में प्रणीत कुमार राणा, शिवम कुमार, ओम सिंह, कुंदन कुमार, विशाल, वासू कुमारी, रौशनी, तन्नू श्री, रविंद्र कुमार, सोनी कुमारी, मिकी राज, हेरा फातिमा, रौशनी सिंह, जेपी सिंह, किशोर कुमार, राज सौरभ, विवेक कुमार सहित अन्य विद्यार्थियों के नाम शामिल हैं। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक समिति प्रमुख डॉ प्रीति कुमारी, डॉ अरविंद कुमार, डॉ रोजीकांत, रितेश कुमार, सीमा कुमारी, सबीता कुमारी, एकता कुमारी, रविकांत कुमार, अमित कुमार सहित अन्य की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्रों ने चुनावी महामत्सव में ब्राह्मण पदाधिकारियों का चयन किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग में कन्या भारती, किशोर भारती एवं तरुण भारती के पदाधिकारी के निर्वाचन हेतु भैया - बहनों ने शुक्रवार को मतदान किया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुसार चुनाव प्रक्रिया की जानकारी देने के उद्देश्य से कन्या भारती, किशोर भारती एवं तरुण भारती के प्रमुख पदाधिकारियों का निर्वाचन पद्धति से मतदान की प्रक्रिया द्वारा चयन किया जा रहा है । उन्होंने भैया-बहनों को मत एवं मतदान के बारे में विस्तार से बताया। लोकतंत्र में मत का क्या महत्व है उन्होंने भैया-बहनों को इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी । विद्यालय में पढ़ने वाले भैया- बहन अध्यक्ष, सेनापति सहित विभिन्न विभागों के दायित्व निर्वहन हेतु प्रत्याशी के रूप में अपना नाम दर्ज कराया एवं विद्यालय में पढ़ने वाले भैया- बहनों ने अपने-अपने मत प्रत्याशियों के लिए डाल कर मतदान किया । मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ राजीव रंजन, पूनम सिंह दीदी , आचार्य बंधु- भगिनी एवं भैया - बहन उपस्थित थे।

## झापा प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा ने बड़कागांव और केरेडारी में चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड पार्टी (झापा) के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार उर्फ बब्लू कुशवाहा ने बड़कागांव और केरेडारी का सघन चुनावी दौरा कर जन संपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने लोगों से मिलकर जन समर्थन की अपील करते हुए कहा कि झारखंड की क्षेत्रीय पार्टी जो माटी की पार्टी है जल जंगल जमीन की पार्टी है से झारखंड पार्टी के उम्मीदवार के रूप में खड़ा हुआ हूं और आप सभी से समर्थन की अपील करता हूं। उन्होंने जनसंपर्क अभियान के दौरान कहा की झारखंड खनिज संपदाओं से भरा पड़ा है मगर झारखंड के लोग बेरोजगारी की जिंदगी जी रहे हैं हमारे पढ़े लिखे शिक्षित बेरोजगार युवा साथी डिग्रियां लेकर घूम रहे हैं और बाहरी लोग हमारी संपत्तियों पर राज कर रहे हैं। कोयला हमारा लोहा हमारा बालू हमारा मगर इन सभी पर अधिकार बाहरी लोगों का है। हमारी जमीनें ?छीनी जा रही है और अंबानी अडानी जैसे बड़े-बड़े उद्योगपतियों को सौंप दी जाती है जो यहां पर हमारे खनिज संपदाओं को लूट कर राज कर रहे हैं मगर किसी भी स्थानीय तौर पर रोजगार की स्थाई व्यवस्था नहीं है जिसके कारण हमारे युवा साथी निराशा की जिंदगी जी रहे हैं और बदहाली की जिंदगी जीने को मजबूर है। इसका सिर्फ एक ही कारण है कि आज तक राष्ट्रीय पार्टियों ने झारखंड में सिर्फ राज किया है। खनिज संपदाओं से परिपूर्ण हजारीबाग की ही बात ले लिया जाए तो यहां कितना विकास हुआ है यह किसी से छिपा हुआ नहीं है हजारीबाग के पढ़े-लिखे युवा आज पलायन करने को मजबूर है क्योंकि यहां पर रोजगार की कोई स्थाई व्यवस्था नहीं है जिस कारण मजबूरी वश पलायन करना पड़ता है। उन्होंने सभी से समर्थन की अपील करते हुए कहा कि आपके समर्थन के बिना कोई भी यहां चुनाव नहीं जीत सकता। क्योंकि जनता जनार्दन होती है।

## सौंदा बस्ती नई सेल कमेटी ने प्रबंधन को सूची सौंपी

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के सयाल डी परियोजना पदाधिकारी कार्यालय में शुक्रवार को सौंदा बस्ती सेल संचालन समिति ने अपने समर्थकों के साथ सयाल डी परियोजना प्रबंधन को अपनी समिति की नई सूची सौंपी है। जिसमें परियोजना पदाधिकारी प्रबंधन को ग्रामीणों की ओर से कहा गया कि वो प्रबंधन को पूरा सहयोग करेंगे और प्रबंधन से भी नई कमेटी को सहयोग करने की अपील किया है। ग्रामीणों ने प्रबंधन को कहा कि आउटसोर्सिंग कंपनी में अविलंब सभी तरह के रोजगार में ग्रामीणों की बहाली की जाए। साथ ही यह भी कहा कि स्थानीय लोगों की ही हाइवा और लोडर चलेगा। इसके पूर्व सौंदा बस्ती के कुछ ग्रामीणों ने पुरानी कमेटी के समानांतर में एक नई कमेटी का गठन कर दिया है। जिससे सयाल प्रबंधन भी सेल संचालन को लेकर उहापोह की स्थिति में दिख रही है। वहीं इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## रामगढ़ में भी बाल विवाह पर लगे रोक

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रदेश में बाल विवाहों की रोकथाम सुनिश्चित करने के राजस्थान हाई कोर्ट के फौरी आदेश के बाद रामगढ़ में भी इस तरह की आवाजें उठने लगी हैं कि जिले में इसी तरह के सख्त कदम उठाए जाएं।जिले में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के सहयोगी संगठन अग्रगति ने राज्य सरकार से अपील किया है कि इस नजीर का अनुसरण करते हुए सुनिश्चित किया जाय कि अक्षय तृतीया के दौरान कहीं भी बाल विवाह नहीं होने पाए। हाई कोर्ट का यह फौरी आदेश 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस' की जनहित याचिका पर आया है। इन संगठनों ने अपनी याचिका में इस वर्ष 10 मई को अक्षय तृतीया के मौके पर होने वाले बाल विवाहों को रोकने के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की थी। जिसपर कोर्ट ने सुनवाई की। हाई कोर्ट का यह आदेश ऐसे समय आया है जब अक्षय तृतीया के मौके पर बाल विवाह के मामलों में खासी बढ़ोतरी देखने को मिलती है।जिसे रोकने के लिए राज्य सरकारें और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर जमीनी स्तर पर काम कर रहे तमाम गैरसरकारी संगठन हरसंभव प्रयास कर रहे हैं।

## सरहुल का त्योहार सोनडीमरा में मनाया गया



**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के नावाडीह पंचायत स्थित सोनडीमरा ग्राम में पुराने रीति रिवाज के अनुसार सरहुल पूजा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सोनडीमरा ग्राम के पाहन बरता मुंडा द्वारा सरहुल पूजा किया गया।सरहुल पूजा में ग्राम की पूरी जनता उपस्थित होकर पूजा किया।पूजा के पश्चात पूरे गांव में जुलुस घुमाया गया। जुलुस में बरलंगा थाना के पुलिस बल शांति व्यवस्था बनाए रखें। जुलुस के दरमियान विभिन्न तरह के झांकियां दिखाई दी। मौके पर बरता मुंडा, हलधार मुंडा, पूरन मुंडा, लक्ष्मीकांत महतो, किशोर महतो, निकेन महतो, हीरालाल महतो, कालेश्वर महतो, सुभाष चंद्र महतो, प्रदीप महतो, जितेन महतो, धर्मेंद्र कुमार महतो, हीरा महतो, मोती महतो, खेलाराम महतो, एवं गांव के लोग उपस्थित थे द्य

## रामगढ़ में एक निजी स्कूल के छात्रावास में रहने वाले बच्चे की हुई मौत

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के एक निजी स्कूल में छात्रावास में रहने वाले पांचवीं कक्षा के छात्र की मौत हो गई. मौत कैसे और क्यों हुई, डॉक्टरों और पुलिस की टीम इसकी जांच कर रही है. जानकारी के अनुसार छात्रावास में रहने वाले सभी छात्र रोजाना की तरह सोकर उठे थे. उन्हें गिनती के लिए ग्राउंड में जाना था. इस दौरान छात्रावास से ग्राउंड में जाने के दौरान पांचवीं कक्षा का छात्र आर्यन गिर गया.छात्र के गिरने के बाद वार्डन और वहां मौजूद छात्रों ने छात्र को पहले झारखंड अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे दूसरे अस्पताल जाने को कहा गया. इसके बाद वे फिर रांची रोड स्थित एक निजी नर्सिंग होम पहुंचे. वहां डॉक्टर ने शरीर में कोई हरकत नहीं होने की बात कही और सदर अस्पताल ले जाने को कहा. सदर अस्पताल में डॉक्टर ने छात्र को मृत घोषित कर दिया।मृतक छात्र आर्यन कुमार उम्र 12 बर्ष बसंतपुर नीम टोला मांडू निवासी नेहरू कुमार गंझू का पुत्र था. मृतक छात्र के शव को पोस्टमार्टम कर परिवार वाले को सौंप दिया गया है।

## सीपीआई के पूर्व राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाकपा- माले, मेन रोड स्थित,रामगढ़ जिला पार्टी कार्यालय में सीपीआई के पूर्व राष्ट्रीय सचिव कामरेड अतुल कुमार अंजान का शुक्रवार को अचानक अहले सुबह हृदय गति रुक जाने से इनके निधन पर सरयू बेदिया,देवानन्द गोप,सरदार गोविन्द सिंह( निक्कू), कपिल यादव अन्य ने 1 मिनट का मौन श्रद्धांजलि अर्पित किया और अतुल कुमार अंजान अमर रहे के नारे के साथ उन्हें सलामी दी गई एवं उनके परिवार जनों के प्रति शोक- संवेदना प्रकट की गई।

## भदानीनगर बीचा कुसमाटांड स्थित चोरधरा रंका टोला निवासी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के बीचा कुसमाटांड स्थित बब्लू उरांव नामक युवक चोरधरा रंका टोला निवासी ने शुक्रवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की खबर गांव में फैलते ही सनसनी फ़ैल गई। वहीं मौके पर भदानीनगर थाना प्रभारी संजय रजक सहित शसक्त पुलिस बल घटनास्थल पहुंचकर शव का पंचनामा किया। और शव को पोस्टमार्टम में भेजा गया। पुलिस घटना का सही कारण पता करने जांच पड़ताल में जुटी है। मृतक बब्लू उरांव के बहन कहा कहना है कि बब्लू बुधवार को बीचा कुसमाटांड आया था और चेन्नई जानें की तैयारी करने की बात कहकर आज सुबह खाना खाकर रूम पर सोने के लिए चला गया था, कुछ देर बाद अचानक घर वालों द्वारा रूम के सीलिंग पर फंदे से लटका हुआ देखा गया, जिसके बाद आसपास के लोगो का भीड़ एकत्रित हो गई। और पुलिस को सूचना दी गई। वहीं इस घटना के बाद मृतक की पत्नी शांति देवी का रो-रो कर बूरा हाल था।

# महिला को बंधक बनाकर अपराधियों ने दिया डकैती की घटना को अंजाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेस्ट बोकारो (मांडू) :** रामगढ जिला के वेस्ट बोकारो थाना क्षेत्र के बड़गांव में अपराधियों ने हथियार के बल पर महिला को बंधक बनाकर लाखों रुपये के जेवरात व नकद की लूटपाट की। इस वारदात को अंजाम दे अपराधी मौके से फरार हो गए। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।भुक्तभोगी से मिली जानकारी के अनुसार लीला देवी अपने घर में अकेली रहती है, इनके पति सीसीएल कर्मी थे और इनका निधन पूर्व में हो चुका है। इनके दो बच्चे बाहर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। गुरुवार रात 10 से 12 की संख्या में आए अपराधियों ने घर का मेन गेट तोड़ दिया और अकेली लीला देवी





को हथियार के बल पर बंधक बना लिया। इसके बाद अपराधियों ने घर में घंटों लूटपाट मचाया और लाखों रुपए के जेवरात और नकद रुपए लूट लिए। इस दौरान उन्होंने घर के सामान को तोड़फोड़ किया।घर में सीसीटीवी कैमरा भी लगा था लेकिन अपराधियों ने कई घंटों तांडव मचाने के बाद सीसीटीवी के डीवीआर को भी अपने साथ लेकर चले गए।देर रात डकैती की घटना की जानकारी आसपास के लोगों को मिली। मौके पर भीड़ इकठ्ठा हो गई। इसके बाद पुलिस को घटना की सूचना दी गयी।

## जांच अभियान के दौरान लाखों के जेवरात पकड़ा गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडू :** बृहस्पतिवार की रात मांडू थाने के पास पुलिस ने गुरुवार को एक गाड़ी से करीब लाखों रुपए का जेवर जांच के दौरान एक गाड़ी से बरामद किया हालांकि पुलिस के द्वारा अभी किसी के प्रकार का पुष्टि नहीं किया गया है। इस मामले में संबंधित अधिकारी कुछ भी कहने से इनकार कर रहें है। लोकसभा चुनाव को लेकर राज्यभर में वाहनों की सघन जांच चल रही है। वहीं सूत्रों के हवाले से बतलाया जाता है कि जांच के दौरान एन एच 33 रोड पर स्थित मांडू थाने के पास मजिस्ट्रेट दीपक कुमार और एएसआई निशिकांत शर्मा ने एक गाड़ी की तलाशी ली।उसमें पेटियों में सोने-चांदी के जेवर मिले। जानकारी मिलते ही एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद भी मांडू पहुंचे। उधर, सूचना मिलते ही आयकर विभाग की टीम भी पहुंच गई।सभी अधिकारी वाहनों में रखे आभूषण और दस्तावेज खंगालने में जुट गए। वहीं दूरभाष पर थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि अभी इसकी जांच हो रही है यह मामला आयकर विभाग देख रही है।

## विकसित भारत का संकल्प लेंकर इसबार फिर एक बार बनाएं मोदी सरकार : मनीष जायसवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के साथ मांडू विधानसभा क्षेत्र की जनता भी कमल का फूल स्वीकार रही है। मांडू विधानसभा क्षेत्र के जनता कमल खिलाने को उत्सुक दिख रही हैं। शुक्रवार को जब हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा (एनडीए समर्थित) प्रत्याशी मनीष जायसवाल मांडू विधानसभा क्षेत्र के चरही, चुरचू और आंगो क्षेत्र के तुफानी जनसंपर्क अभियान में पहुंचे तो स्थानीय मतदाताओं ने जिस प्रकार हरेक गांवों में बड़ी संख्या में अवस्थित होकर उनका अभिनंदन किया वह भाजपा के प्रति उनके प्रेम और समर्थन की झलक को बखूबी प्रदर्शित करता है। यहां पहुंचने पर सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल का स्थानीय भाजपा और आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी से क्षेत्र में स्वागत किया गया। सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने इस क्षेत्र के टूटकी, किमो, चोय, उदलू, आंगो, ओरिया, नगड़ी, चुरचू, बोदरा, चीचीकलां, सरवाहा, चनारो, बहेरा, कजरी, फुसरी, चरही मंडाटांड़, इंदरा, जरबा, दासोखाप, मुकरू, हरहद, नीमाडीह, कारूखाप, हेंदेगढ़ा, कवाड़बंदा, वाकाडीह सहित अन्य गांवों में तुफानी जनसंपर्क के माध्यम से आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में कमल फूल छाप पर वोट देने का अपील किया। सभी



गांवों में मनीष जायसवाल का गाजे- बाजे के साथ फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। मौके पर विशेषरूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, भाजपा के वरिष्ठ नेता रंजीत सिन्हा, पुरुषोत्तम पांडेय, तोकेश सिंह, भाजपा मांडू मंडल अध्यक्ष वकील महतो, भाजपा डांडी मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार, भाजपा मांडू मंडल महामंत्री रवि साहू, आजसू के हजारीबाग विधानसभा प्रभारी परमेश्वर महतो, आजसू चूरचू प्रखण्ड अध्यक्ष गोविंद महतो, जदयू विधानसभा के प्रभारी दुष्यंत पटेल, चूरचू प्रखंड अध्यक्ष विनय यादव, भाजपा के चूरचू मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह, रंगीला महतो, इंद्र कुमार पंडित सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## छत पर और घरों के बाहर पशु पक्षियों के लिए पानी जरूर रखें

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** ज्ञान महिला समिति के द्वारा शुक्रवार को वार्ड नंबर 4 सौदागर मोहल्ला के कोयरीटोला में जल है तो कल हैं। छत पर,घरों के बाहर पशु पक्षियों जानवर के लिए पानी जरूर रखें। कार्यक्रम के तहत 31 महिलाओं के बीच पानी का टॉप का वितरण ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल के अध्यक्षता में विनोद जायसवाल ने कहा कि जल ही जीवन है। चाहे इंसान हो या पशु पक्षियों जानवर इत्यादि इसलिए छत पर या घरों के बाहर पानी का टॉप पानी भरकर छठ के ऊपर दरवाजे के बाहर पेड़ की छांव में जरूर रखें साथ ही ज्ञान महिला समिति परिवार ने जिला प्रशासन रामगढ़ जिले के समाजसेवी से अपील किया है कि चौक चौराहे



में बाजारों में पानी का चौपाल लगाएं महिलाओं ने भी संकल्प लेते हुए कहा जल है तो कल है। छत पर घर के बाहर पशु पक्षियों जानवर इत्यादि के लिए पानी भरा तप रखने का कार्य करेंगे। साथ ही ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल को महिलाओं ने पानी का टॉप वितरण के लिए धन्यवाद कहा। इस मौके पर गुड़िया देवी आरती देवी मंजू देवी गोलचो देवी मधु देवी संगीता देवी मंजू देवी प्रभादेवी बसंती देवी मीना देवी अंजू देवी उर्मिला देवी चिंता देवी सरिता देवी मीना देवी रीना देवी सहित सैकड़ो महिलाएं ने संकल्प लिया जल ही जीवन है जल है तो कल है। बेफिजूल पानी का बर्बादी नहीं करेंगे जरूरतमंदों को पानी पिलाने का कार्य करेंगे।

## मिआ बाय तनिष्क ने अक्षय तृतीया के लिए प्रस्तुत किया पारंपरिक कला से प्रेरित कलेक्शन नेटिव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अक्षय तृतीया के पवित्र पर्व के लिए, भारत के सबसे ट्रेंडी मूल्यवान फाइन ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक, मिआ बाय तनिष्क ने प्रस्तुत किया है नया कलेक्शन नेटिव जो संस्कृति, कला और आध्यात्मिकता से प्रेरित है। पवित्रता और असीमित अवसरों का पर्व अक्षय तृतीया इस शानदार कलेक्शन को लॉन्च करने के लिए सबसे बेहतरीन अवसर है। नेटिव कलेक्शन अक्षय तृतीया के सार को बखूबी दर्शाता है।देखते ही मन मोह लेने वाली वारली कला, मिट्टी के बर्तनों की सादगी की खूबसूरती, आदिवासी नक्काशी की सुंदरता, कच्चे आम की ताज़गी और मंडला चित्रों का मंत्रमुग्ध कर देने वाले संतुलन से प्रेरित होकर बनाए गए नेटिव कलेक्शन का हर एक आभूषण धरोहर और आधुनिक हुनर का खूबसूरत मिलाप है। नाजुक स्टड्स से स्टेटमेंट नेकवेयर तक इस कलेक्शन में 22 कैरेट सोने में, बहुत ही बारीकी से बनाए गए कई अलग-अलग डिज़ाइन्स शामिल हैं जो किसी भी पोशाक के साथ बखूबी जचते हैं। मिआ ने अक्षय तृतीया की स्पेशल ऑफर प्रस्तुत की हैं, जिनमें ग्राहक 5000 रुपयों से आगे के डायमंड उत्पादों पर 1 की खरीदारी पर 3 प्रतिशत छूट, 2 की खरीदारी पर 10 प्रतिशत छूट और 3 की खरीदारी पर 15 प्रतिशत छूट पा सकते हैं और सोने के आभूषणों के मेकिंग चार्ज पर फ्लैट 10 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

## इंडिया गठबंधन के जयप्रकाश भाई पटेल की जीत निश्चित है : सुजीत पटेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पतरातू प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल के आवासीय कार्यालय में कांग्रेस पार्टी से बरही विधानसभा के विधायक उमाशंकर अकेला जी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि हजारीबाग से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की जीत निश्चित एवं सुनिश्चित है ।हम अब जीत की मार्जिन अधिक से अधिक करने के लिए जी तोड मेहनत कर रहे हैं और इसी क्रम में आज पतरातू प्रखंड का दौरा कर गठबंधन के साथी दल राजद , झारखंड मुक्ति मोर्चा सहित क्षेत्र के बुद्धिजीवियों सामाज सेवियो तथा विभिन्न यूनियन के नेता एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात किया। बड़कागांव सहित पांचो विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी की ही लहर है और हम अपने संगठन एवं गठबंधन दलो के त नेता कार्यकर्ताओं को के उत्साह को सलाम करते हैं और उन्हें चुनाव में अपने-अपने बुथो को मजबूती से बढत करने का संदेश देने आए हैं। मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल , राजद के प्रदेश महासचिव गिरधारी गोप ,प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव, प्रदेश सचिव संजय यादव ,समाजसेवी रामेश्वर गोप सहित कांग्रेस से जयप्रकाश सिंह ननकी , डाँ के के शर्मा , अमर यादव , मो. नयुम , सीमा राय , कुलदीप यादव ,कमलेश कुमार , अशोक प्रसाद , रामयज्ञ सिह , मिथिलेश सिह , बाल्मिकी यादव ,गौरव कुमार , युवा नेता लोकेश आनंद ,दिनेश दास , मो. हबीब , तारिक राजा , परवेज आलम , नवीश कुमार ,सहित दर्जनों उपस्थित थे।

## भुरकुंडा के सुंदरनगर में युवक ने की आत्महत्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** बिरसा चौक स्थित सुंदरनगर पंचायत के गांधीनगर मोहल्ला में शुकवार को युवक ने गमछी से झूल कर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार दोपहर 11ः 30 बजे मो आमान अंसारी ( 30 वर्ष ) पिता मो इजहार अंसारी बाहर से घर आया और घरवालों को कहा की मैं सोने जा रहा हुद्यकोई डिस्टर्ब न करे और अपने रूम में चला गया। थोड़ी देर बाद घर के लोगो ने खिड़की से देखा की आमान अंसारी घर के पंखे से झूल रहा था। जिसके बाद घर के लोगो ने कमरे का दरवाजा तोड़ कर गमछा को काट कर उसे निजी अस्पताल ले गए। जहा डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।जिसके बाद इसकी सूचना भुरकुंडा पुलिस को दिया गया। जिसके बाद पुलिस पंचनामा कर शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## रामगढ़ कॉलेज में डॉ बलवंती मिंज बनी परीक्षा नियंत्रक, गर्मजोशी से हुआ स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ के राजनीति शास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक सह विभागाध्यक्ष डॉ बलवंती मिंज की नियुक्ति विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग की पत्रांक संख्या विभायू/स्थापना/1703/16/1036 /24 दिनांक 02/05/2024 द्वारा रामगढ़ महाविद्यालय की परीक्षा नियंत्रक के रूप में हुई। डॉ बलवंती मिंज के परीक्षा नियंत्रक बनने पर सभी शिक्षक एवम शिक्षकेत्तर कर्मी खुश नज़र आए विशेष रूप में परीक्षा विभाग के उप परीक्षा नियंत्रक डॉ शालिनी प्रकाश, दशरथ महतो, राकेश कुमार, मो उस्मान और गौरव प्रधान ने प्रसन्नता जाहिर की और उन्हें बधाई देने का तांता लग गया। प्राचार्य कक्ष में एक सादा समारोह अयोजित कर नई परीक्षा नियंत्रक डॉ बलवंती मिंज का शिक्षकों एवम शिक्षकेत्तर कर्मचारियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इनमें परिवेश और दायित्वों के प्रति उच्च स्तर की जागरूकता भी है। स्वागत करने वालों में डॉ कामना राय, डॉ रामाज्ञा सिंह, डॉ प्रीति कमल, डॉ मालिनी डीन, डॉ अनामिका, डॉ विजेता तिग्गा, डॉ राहुल गुप्ता, डॉ असीम खलको, डॉ शाहनवाज खान, डॉ साजिद हुसैन, डॉ बीरबल महतो, जितेंद्र कुमार राणा, सरजू महतो और सुमंत कुमार महली शामिल थे।

## ग्रामीण ने परियोजना पदाधिकारी कार्यालय में नवगठित समिति की सूची सौंपी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** सौंदा बस्ती सेल संचालन समिति के तत्वाधान में शुक्रवार को सुबह 11 बजे सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण परियोजना पदाधिकारी कार्यालय में नवगठित समिति की सूची सौंपी जिसकी अध्यक्षता दयानंद प्रसाद एवं संचालन अंबर कुमार ने किया साथ ही सीसीएल द्वारा ग्रामीणों को सहयोग परस्पर करने की बात कही रोड संचालन में समिति के मार्गदर्शन में ग्रामीण सीसीएल सयाल डी को पूर्णता सहयोग करेंगे । सीसीएल प्रबंधन से भी ग्रामीणों के प्रति सेवाभाव रखने की बात समिति के द्वारा कही गई उपस्थित लोग उपस्थित लोग कोषाध्यक्ष किशोर प्रसाद संरक्षक बासुदेव साहू सुजीत कुमार उर्फ डब्लू नरेंद्र प्रसाद, हरिहर प्रसाद शशिकांत गुप्ता हरिनारायण प्रसाद रमेश मुंडा उर्फ भगत जी अंजू प्रजापति मंजू ,देवी अंजू बाउरी, संजू देवी ,रेखा देवी ,सुषमा देवी ,परमिला देवी, संगीता देवी, उर्मिला देवी ,पार्वती देवी गायत्री देवी शशिकांत गुप्ता मुकुल प्रसाद अनूप साहू नितेश प्रसाद श्रीकांत प्रसाद पवन बाउरी धर्मवीर भुईयां बंधु करमाली निरंजन कुमार चितरंजन कुमार अभिषेक कुमार मुकेश करमाली नंदू ,गिरी राजकुमार आदि उपस्थित थे।

## बरही विधायक उमाशंकर अकेला पहुंचे भुरकुंडा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए बरही विधायक ऊमाशंकर अकेला उर्फ अकेला यादव भुरकुंडा पटेल नगर स्थित कोलफिल्ड मजदूर यूनियन के कार्यालय पहुँचेद्य जहाँ यूनियन के क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रामाकांत दुबे एवं केंद्रीये कार्यसमिति के सदस्य और भुरकुंडा शाखा सचिव पप्पू सिंह के द्वारा इन्हें शॉल ओढ़ाकर और फुल माला से स्वागत किया गयाद्य मजदूरों को सम्बोधित करते हुए अकेला यादव ने कहा कि लोक उपक्रम और संविधान की रक्षा के लिए तो दुसरी ओर महंगाई बेरोजगारी से छुटकारा दिलाने के लिये भाजपा को सता से हटाना जरूरी है।मौके पर मुख्य रूप से राजद के प्रदेश महासचिव गिरधारी गोप,संतोष यादव,संजय यादव,दयानंद प्र केशरी, रामानुज प्रसाद, बसंत बसपत ,रामदेव महतो, उमेन्द्र कुमार, मनोज राम ,बिंदु बेदिया, सुलेन्द्र ,शनिचरवा बेदिया, वासुदेव ,अर्जुन ,रवि कुमार सनोज हरिजन, बैजनाथ केवट ,धर्मेंद्र कुमार वीरेंद्र ठाकुर आदि लोग मौजूद रहे।

## शीतलपुर निवासी कृष्णकांत का चयन फ्रेंच विषय के शोध के लिए हुआ

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले के शीतलपुर निवासी देवकी राणा जिला महासचिव, झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के पुत्र कृष्णकांत राणा ने फ्रेंच विषय में शोध के लिए क्वालीफाई कर अपने परिवारजनों का नाम रोशन किया है। कृष्णकांत की 10वीं तक की शिक्षा दीक्षा कार्मेल स्कूल गिरिडीह से, व 12वीं तक की पढ़ाई बीएनएस डीएवी पब्लिक स्कूल से संपन्न हुई है। इसके बाद उन्होंने बीएचयू बनारस से फ्रेंच इंग्लिश में ग्रेजुएशन और पीजी कंप्लीट किया। इसके बाद उन्होंने आर्यन इंटरनेशनल स्कूल बनारस में प्लस टू का फ्रेंच विषय का शिक्षक रहते हुए रेट की परिक्षा दी और पहला स्थान हासिल किया द्य जिसके पश्चात फ्रेंच बिषय में पी एच डी करने हेतु बीएचयू में चयनित किया गया।



## काली मंदिर में लगा चापानल, लोगों में हर्ष



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के विधायक मद से आज शुक्रवार को पुरनाडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम धधकीटांड काली मंदिर में चापानल निर्माण कार्य प्रारंभ होने से ग्रामीणों में काफी हर्ष देखा जा रहा है। प्राप्त समाचार के अनुसार टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने अपने विधायक कोटा से धधकीटांड काली मंदिर में चापानल निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया है इस कार्य को लेकर लोगों ने विधायक को भूरि भूरि प्रशंसा कर रहे हैं यह चापानल निर्माण के लिए अगले बर्ष ही आवेदन किया गया था। ग्रामीणों के बीच इस कार्य के प्रति काफी उत्साह देखा जा रहा है लोग कह रहे हैं कि भगवान को जल अर्पण करने के साथ साथ इस भीषण गर्मी में पानी की भारी कमी थी जिससे दूर होगा लोग अपनी प्यास आसानी से बुझा सकेंगे। टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो को इस कार्य के लिए हमेशा याद किया जाएगा वैसे तो टुंडी के लिए समर्पित विधायक हैं ही काली मां का यह आशीर्वाद उन्हें इस बार जरूर मिलेगा और वह? सांसद बनने में कामयाब होंगे। खुशी जाहिर करने वालों में समाजसेवी गगन पाण्डेय, पार्वती चरण पाण्डेय, अधिवक्ता राजीव रंजन पाण्डेय, रविन्द्र पाण्डेय, रंजीत पाण्डेय समेत सैकड़ों युवा उपस्थित थे।

## नगर पंचायत ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान




**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बड़की सरैया नगर पंचायत के द्वारा बूथ संख्या 201 तथा 202 में स्वीप गतिविधि के तहत रंगोली के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । उक्त कार्यक्रम में मतदाताओं को सिटी मैनेजर के द्वारा मतदाता प्रतिज्ञा दिलवायी गई तथा सभी से अनुरोध किया गया की दिनांक 20 मई को सभी मतदाता अपने क्षेत्र के मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें । इस कार्यक्रम में मतदाताओं को वोटर इनफार्मेशन स्लिप भी वितरित किया गया । इस कार्यक्रम में मतदाताओं के साथ BLO, कम्युनिटी ऑर्गनाइज़र , सीआरपी तथा नगर पंचायत के कंप्यूटर ऑपरेटर ने भाग लिया ।

## 3 ने लिया नोमिनेशम फॉर्म

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोकसभा चुनाव के लिए 3 लोगों ने नोमिनेशम फॉर्म लिया है। अपर नगर आयुक्त प्रकाश कुमार ने बताया कि सामान्य वर्ग में 3 लोगों ने नोमिनेशम फॉर्म लिया है। नोमिनेशन फॉर्म के काउंटर पर जिला पंचायती राज विभाग के प्रधान सहायक रमेश कुमार तिवारी, शंभु मालतो, नंदलाल चौहान मौजूद थे।

## 4 उम्मीदवारों ने किया नामांकन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोकसभा चुनाव के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के समक्ष 4 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। लक्ष्मी देवी, अनिन्दिता दास, मोहम्मद जहिरूद्दीन खान तथा सुनैना किन्नर ने नामांकन पत्र दाखिल किया। मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला व अन्य लोग मौजूद थे।

## आजसू पार्टी ने किया विभिन्न गांव का दौरा



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** तोपचांची क्षेत्र के विभिन्न गांव का दौरा आजसू पार्टी द्वारा शुक्रवार को किया गया। इसके तहत करमाटांड़, भंवरदाहा तथा साहूबहियार में पंचायत प्रभारी तथा ग्राम प्रभारी की संयुक्त बैठक की गई। जिसमें आजसू पार्टी के जिला संगठन सचिव सदानंद महतो भी मौजूद थे। बैठक में सदानंद महतो ने कहा कि एनडीए प्रत्याशी सी पी चौधरी एकमात्र विकल्प है। देश को मजबूत बनाना चाहते हैं तो मजबूत प्रधानमंत्री बनाने के लिए एनडीए को मतदान करें।

# धनबाद : मछली कारोबारी को मारी गोली जख्मी हालत में अस्पताल में भर्ती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** जिला में एक बार फिर से गोलीबारी की घटना घटी है। गोविंदपुर थाना क्षेत्र के जीटी रोड पर गोविंदपुर मोड़ के पास बाइक सवार अपराधियों द्वारा फायरिंग की गई है। मछली के कारोबारी चिरकुंडा निवासी मनोज यादव को कमर में गोली लगी है। जख्मी अवस्था में मनोज को एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है।

मनोज यादव ने बताया कि वो पिकअप वैन के जरिए मछली की ट्रांसपोर्टिंग का कारोबार करता है। उनके साथ एक अन्य साथी भी पिकअप वैन में मौजूद रहते हैं। हर दिन पश्चिम बंगाल से बिहार पिकअप वैन के जरिए मछली ले जाते हैं। गुरुवार को भी पिकअप वैन से वे दोनों मछली ले जा रहे थे। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से मछली लोड पिकअप वैन में जहर डाल दिया जा रहा था। वैन के ऊपर जाली लगा है उसी के ऊपर से ही मछली में जहर डाला दिया जाता है जिससे मछलियां मर जाती हैं।

मनोज यादव ने बताया कि गुरुवार को भी मछली के पिकअप वैन में गोविंदपुर में बाइक सवार दो लोगों के द्वारा जहर डालने की कोशिश की जा रही थी। इसके बाद उन लोगों की नजर उन पर पड़ी। अपने साथी के साथ खड़े मनोज ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इतने में वो मौके से बाइक लेकर फरार हो गए। लेकिन मनोज द्वारा बाइक से उनका पीछा करने के दौरान गोविंदपुर मोड़ के पास अपराधियों ने उसपर फायरिंग कर दी।

एसएनएमएमसीएच में जख्मी मनोज यादव का इलाज चल रहा है। डीएसपी दीपक कुमार, सरायढेला थाना प्रभारी फागुनी पासवान, गोविंदपुर थाना प्रभारी रविकांत प्रसाद अपनी टीम के साथ अस्पताल पहुंचे। पुलिस पदाधिकारियों के द्वारा मनोज यादव से पूछताछ की जा रही है। इसके अलावा पुलिस का एक दल जीटी रोड समेत अन्य सड़कों की तलाशी भी ले रही है।

## कांग्रेस के विजन से ही बदलेगा धनबाद : अनूपमा सिंह



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का जनसंपर्क अभियान धनबाद लोकसभा के बोकारो जिला से होते हुए धनबाद सखी कुंज अपार्टमेंट मटकुरिया में मारवाड़ी समाज की महिलाओं के साथ बैठक कर आशीर्वाद प्राप्त किया और उपस्थित सभी को अपने विजन के बारे में बताया। साथ ही साथ धनबाद की ज्वलंत समस्या पर चर्चा किए। अनुपमा सिंह ने कहा कि यहां अच्छे कॉलेज नहीं है जिस कारण बच्चों को पढ़ने के लिए बाहर जाना पड़ता है। रोजगार के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं है। इतने बड़े आउटसोर्सिंग में होने के बावजूद यहां के युवा बेरोजगार हैं। जाम की भारी समस्या है वहीं विभिन्न मेट्रोपॉलिटन सिटीज के लिए यहां से ट्रेन नहीं है, एयरपोर्ट नहीं है, अच्छे हॉस्पिटल नहीं है। मुझे एक बार आशीर्वाद दें, निश्चित रूप से मैं आपकी उम्मीदों पर पूर्ण रूप से खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगी। कहा की कांग्रेस के विजन से ही धनबाद मे बदलाव और विकास संभव है।

## स्ट्रांग रूम का निरीक्षण सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने किया



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा विधान सभा क्षेत्र 043 का इन्टरमिडिएट स्ट्रांग रूम उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुँजी, के0बी0आर0 उच्च विद्यालय छत्रुटाँड़ और डी0पी0एल0 एम0उच्च विद्यालय नावाढ़ को चुनाव कार्य के लिए बनाया गया हैं, जिसका भवन का निरीक्षण सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉश्र सुषमा आनन्द ने किया। निरीक्षण के क्रम में प्रभारी प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी रधुवंश भारती , प्रखण्ड चुनाव प्रभारी रंजीत कुमार, बीएलओ पर्यवेक्षक भागीरथ सिंह, बिनोद महतो, मुमताज अंसारी,राम प्रसाद महतो, जमुना रवानी, बीएलओ गीता कुमारी, निलम प्रभा ,शिक्षक बारिद वरण तिवारी, सुमन कुमारी, सीमा देवी, मुखिया प्रतिनिधि दिनेश कुमार प्रमाणिक, अमर कुमार पासवान, दिनेश कुमार पासवान आदि मौजूद थे ।

# जमीन विवाद पर असर्फी कैंसर संस्थान के पक्ष में आया फैसला, सुप्रीम कोर्ट ने लगाई मुहर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** भूली इलाके में असर्फी कैंसर संस्थान को आवंटित 11.92 एकड़ जमीन पर सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट द्वारा पॉल बंधुओं के पक्ष में दिए गए आदेश को रद्द कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए 26 अप्रैल 2024 को असर्फी कैंसर संस्थान के पक्ष मे अपना फैसला सुनाया। लगभग 4 वर्षों से फैसला की सुनवाई विभिन्न न्यायालय में चल रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मात्र 6 महीने के अंदर हाई कोर्ट के निर्णय को रद्द कर दिया। उक्त बातें 2 मई को असर्फी कैंसर संस्थान में आयोजित प्रेस वार्ता में असर्फी कैंसर संस्थान के सीईओ हरेंद्र सिंह ने कही। मौके पर असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ हरेंद्र सिंह के अलावा निदेशक उदय प्रताप सिंह, गोपाल सिंह, जयप्रकाश सिंह, शुभांशु राय, संतोष सिंह, डॉ. विप्लव मिश्रा समेत अन्य मौजूद थे। हरेंद्र सिंह ने कहा कि इस संस्थान के बारे में कई भ्रांतियां फैलाई गई थी कि यह संस्थान बंद हो गया है, चल नहीं रहा है। कुछ लोगों ने फर्जी कागजात बनाकर इस जमीन पर दावा ठोका था। फर्जी कागजात से कोर्ट में मुकदमा लड़ रहे थे। अब कोर्ट के सामने वे लोग खुद को कैसे प्रस्तुत करते हैं, यह उन्हीं लोगों पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने फैसले की कॉपी हाई कोर्ट को भी भेजा है। यह संस्थान जिस जमीन पर बना है वह आज भी सरकार के खाते में है। कैंसर संस्थान में मरीजों का इलाज चल रहा है। वैसे कुल जमीन 85 एकड़ है, जिसमें 11.92 एकड़ इस संस्थान को आवंटित है। झारखंड सरकार ने पूरे 85 एकड़ जमीन पर अपना दावा ठोका है। इस जमीन को लेकर



किसी तरह का विवाद नहीं होना चाहिए था, लेकिन विवाद का होना दुर्भाग्यपूर्ण रहा। ज्ञात हो कि रेंगुनी मौजा में कुल 85 एक ड़ जमीन पर विवाद चल रहा था। इसमें 11.92 एकड़ जमीन को राज्य सरकार ने असर्फी हॉस्पिटल को कैंसर संस्थान संचालन एवं अन्य कार्यों के लिए दिया था, लेकिन इस जमीन को विवादित घोषित कर दिया गया था। ज्ञात हो की इस जमीन विवाद में 9 अक्टूबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि सरकारी जमीन के विवाद में निचली अदालत में सुनवाई के दौरान झारखण्ड सरकार को पक्षकार नहीं बनाया गया था और पॉल बंधुओं द्वारा फर्जी कागजात लगाकर जमीन को अपना होने का दावा किया गया था। सरकार ने 11.92 एकड़ आवंटन मिलने के बाद असर्फी हॉस्पिटल ने कैंसर संस्थान का निर्माण कर दिया है। संस्थान में कई कैंसर रोग विशेषज्ञ अपनी पूर्णकालिक सेवाएं दे रहे हैं तथा सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज संभव हो गया है।

# भाकपा माले ने बेंगाबाद प्रखंड में चलाया विनोद सिंह के लिए जन संपर्क अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** बेंगाबाद प्रखंड के बसमत्ता तथा मुंडराडीह में भाकपा माले ने जन संपर्क अभियान चलाकर कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से इंडिया प्रत्याशी कॉमरेड विनोद सिंह को जिताने की अपील की। अभियान की अगुवाई कर रहे माले नेता राजेश यादव ने कहा कि, भाजपा सरकार देश के गरीबों के लिए अभिशाप बन चुकी है। मोदी सरकार आम जनता के लिए तबाही और कंपनियों के लिए खुशहाली लाने के लिए याद की जाएगी। इस सरकार ने देश के युवाओं को रोजगार के नाम ठगा है।

जनता मोदी सरकार को माफ नहीं करेगी। यादव ने लोगों से घर घर से सहयोग करते हुए इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कॉमरेड विनोद सिंह को वोट देने की अपील की। मौके पर अन्य के अलावा शिवनंदन यादव, रामलाल मंडल, दिनेश यादव, पियारी यादव, दशरथ पासवान, अशोक पासवान, सुरेंद्र पासवान, महेश यादव, टिंकू यादव, संदीप पासवान, सुरेश त्रिवेदी, जनाब अंसारी, आजाद अंसारी, मकसूद अंसारी, समशुल अंसारी, एतवारी अंसारी, जब्बार अंसारी, संजीत यादव, डेगन यादव, सूरज दास सहित अन्य मौजूद थे।

## आजसू नेता अर्जुन बैठा ने गांडेय से निर्दलीय किया नामांकन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में शुक्रवार को गांडेय विधानसभा सीट में नया मोड़ आ गया है। जहां एक तरफ पहले ही एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी दिलीप वर्मा ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है, वहीं दूसरी तरफ भाजपा के मान मनोबल के बावजूद बात नहीं बनने पर आजसू के केंद्रीय सचिव अर्जुन बैठा ने नामांकन के अंतिम दिन शुक्रवार को अपना नामांकन दाखिल कर दिया है।गिरिडीह, 31-गांडेय विधानसभा उप चुनाव की दिशा दशा तय करने में जनता को भारी मशक्कत करनी पड़ेगी। भाजपा और उसके गठबंधन की पार्टी आजसू के बीच बात नहीं बनी और नामांकन के अंतिम दिन शुक्रवार को केंद्रीय सचिव अर्जुन बैठा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपने समर्थकों के साथ गिरिडीह समाहरणालय पहुंचकर निर्वाची पदाधिकारी सह आपूर्ति पदाधिकारी गुलाम समदानी के समक्ष अपना



नामांकन दाखिल कर दिया। एक तरफ तो जेल में बंद हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने गांडेय विधानसभा सीट को हॉट बना ही दिया था और अब और भी मुश्किलें बढ़ गई है।अर्जुन बैठा के नामांकन होने से भाजपा के वोट का बिखराव होना तय माना जा रहा है। इधर भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा ने पहले ही नामांकन दाखिल कर दिया है और विधानसभा क्षेत्र भ्रमण में निकल पड़े हैं पर जनता है कि सब जानती है। आगामी 20 मई को ही तय हो जाएगा की गांडेय विधानसभा की जनता किसको वोट करेगी।

**आजसू एनडीए के साथ : गुड्डू यादव**

आजसू ज़िला अध्यक्ष गुड्डू यादव ने कहा कि अर्जुन बैठा का नामांकन करना उनका निजी निर्णय है। वे निर्दलीय उमीदवार है। आजसू पार्टी का समर्थन नही है। उन्होंने कहा कि आजसू गांडेय में एनडीए के साथ है आजसू ।इस बार गांडेय विधानसभा में भारी मतों से विजयी होगा ।

## डीसीएलआर ने की मास्टर ट्रेनरों के साथ बैठक

# जीरो एरर चुनाव संपन्न कराने के लिए बनाई रणनीति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर संतोष गुप्ता ने आज श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय में सभी मास्टर ट्रेनरों के साथ बैठक कर जीरो एरर चुनाव संपन्न करने के लिए रणनीति बनाई।

डीसीएलआर ने बताया कि लोकसभा चुनाव से पहले मतदान दलों को अंतिम चरण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के पूर्व एसएसएलएनटी महिला कॉलेज में सभी मास्टर ट्रेनरों के साथ बैठक कर रणनीति तैयार की गई।

जिसमें गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के लिए सभी मतदान दलों को डमी मैटेरियल उपलब्ध कराकर उसमें इंट्री करवाने के साथ साथ अन्य अभ्यास करवाने, ईवीएम व वीवीपैट पर पुनः हैंड्स ऑन करवाने पर जोर दिया गया।

निर्वाचन की प्रक्रिया में कोई चूक न हो इसलिए प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणार्थियों का टेस्ट भी लेने का निर्णय लिया गया। बैठक में मास्टर ट्रेनरों की शंकाओं का समाधान किया गया।

मौके प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर संतोष गुप्ता, सामग्री कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश बाउरी, मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, संजय कुमार, राज कुमार वर्मा सहित अन्य प्रशिक्षक उपस्थित थे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय गुमला
(पोस्टल बैलेट कोषांग)
(Email id – postalballotcellgumla@gmail.com)

आदेश

भारत निर्वाचन आयोग के निदेश एवं Conduct of Election Rule 18 में निहित प्रावधानानुसार निर्वाचन कर्तव्य में संलग्न कर्मियों एवं आवश्यक सेवा के अनुपस्थित मतदाताओं को डाक मत पत्र द्वारा मतदान की सुविधा प्राप्त है। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के क्रम में डाक मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न कराने के निमित मतदान सुविधा केन्द्र (FC) एवं डाक मतदान केन्द्र (PVC) का तिथिवार निम्न रूपेण अधिष्ठापन किया जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| FACILITATION CENTRE सुविधा केन्द्र (Votor on election duty) | महिला महाविद्यालय पुग्गु, गुमला। | दिनांक –03.05.2024 से 06.05.2024 समय प्रातः 09 वजे से 05 बजे तक। |
| | पुलिस लाईन चन्दाली, गुमला। | दिनांक –07.05.2024 से 09.05.2024 समय प्रातः 09 वजे से 05 बजे तक। |
| | वाहन कोषांग, गुमला। | दिनांक –10.05.2024 से 12.05.2024 समय प्रातः 09 वजे से 05 बजे तक। |
| POSTAL VOTING CENTRE डाक मतदान केन्द्र (Absentee votor of essential services) | जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, गुमला का कार्यालय भवन –01 कक्ष सं0–10 | दिनांक –07.05.2024 से 09.05.2024 समय प्रातः 09 वजे से 05 बजे तक। |

निर्वाचन कार्य में संलग्न मतदाता एवं आवश्यक सेवा के अनुपस्थित मतदाता उपरांकित समय एवं स्थल पर डाक मतदान द्वारा अपने मतदान का प्रयोग करेगें।

नोडल पदाधिकारी डाक मतपत्र –सह– परियोजना निदेशक आई0टी0डी0ए0 गुमला

जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, गुमला

PR 324366 Election(24-25).D

# कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखेर भगत की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव को लेकर हुई बैठक

## लोकतंत्र की गरिमा को मिटाने का काम कर रही है भाजपा : गुलाम अहमद मीर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी की एक आवश्यक बैठक आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बक्शी डीपा स्थित होटल रेड रॉक में जिला अध्यक्ष सुखेर भगत की अध्यक्षता में की गई जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर,विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव मुख्य रूप से शामिल हुए। चुनाव को लेकर प्रदेश प्रभारी ने जिला कमेटी के तमाम पदाधिकारी प्रखंड अध्यक्ष पंचायत अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं को विशेष निर्देश दिए और कहा यह लड़ाई न्याय की लड़ाई है भाजपा सरकार देश को तोड़कर खोखला करने का काम कर रही है लोकतंत्र की गरिमा को मिटाने का काम कर रही है ऐसे में कांग्रेस पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कमर कस लें और चुनाव में अपने-अपने क्षेत्र में जाकर मेहनत करें और राहुल गांधी की न्याय की गारंटी कुछ जन-जन तक पहुंचाएं। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा की आगामी लोकसभा चुनाव काफी महत्वपूर्ण चुनाव है और जनता की आवाज है की निश्चित रूप से तानाशाही सरकार बदलने वाली है पार्टी के सभी कार्यकर्ता सिपाही हैं सभी के सहयोग और मेहनत के द्वारा हम लोग लोहरदगा सीट जीतने का काम करेंगे। विधायक से मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि गठबंधन सरकार ने अपने कार्यों के द्वारा जनता को भरोसा दिलाया है कि गठबंधन की सरकार ही राज्य और देश में खुशहाली ला सकती है वर्तमान राज्य के गठबंधन सरकार ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सभी वर्गों का विकास सुनिश्चित किया है जनता को यह विश्वास है की गठबंधन की सरकार उनके सारे जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करेगी। राहुल गांधी के पांच न्याय, पच्चीस गारंटी को सभी कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचाएं। इस मौके पर समन्यवक प्रदीप तुलस्यान, जिला प्रभारी आशिक अंसारी, जिला सह प्रभारी बेलस तिर्की, कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ अजय शहदेव, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, मुस्ताक अहमद, संभू प्रजापति, विनय उरांव, सीमा प्रवीन, विशाल डुंगडुंग, प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत, तनवीर गौहर, अनिल उरांव, विनोद खेरवार, अनिस अहमद, सत्यदेव भगत, संतोषी उरांव, दिनेश प्रसाद, आदि उपस्थित थे।

### खुंटी लोकसभा के लिए कालीचरण मुंडा ही हैं एकमात्र विकल्प : विधायक भूषण बाड़ा

# लोकसभा प्रत्यासी कालीचरण मुंडा एवं विधायक भूषण बाड़ा ने पालकोट में चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा एवम् खूँटी लोक सभा प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने गुरुवार को पालकोट प्रखंड के विभिन्न पंचायत और गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। साथ ही कालीचरण मुंडा के पक्ष में भारी मतों से वोट देने की अपील की। क्षेत्र भ्रमण के क्रम जनता का भरपूर सर्मथन भी कांग्रेस नेताओं को मिला। जनता का साफ कहना है कि देश की वर्तमान स्थिति काफी खराब है। इसे ठीक करने के लिए इंडिया गठबंधन की केंद्र में सरकार बनना जरूरी है। इधर जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी कालीचरण मुंडा को भारी मतों से वोट देकर जिताने की अपील की। मौके पर सिमडेगा जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता, वरीय विधायक प्रतिनिधि बसंत कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि सह पालकोट प्रखंड प्रभारी तिलक रमन, झारखंड मजदूर यूनियन संघ अध्यक्ष राजेश सिंह, जे एम एम प्रखंड अध्यक्ष अनूप लकड़ा, ए सी मोर्चा जिला अध्यक्ष भुनेश्वर राम, विधायक प्रतिनिधि अशोक सिंह(मारवाड़ी सिंह), युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष रोहित एक्का, मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि सुषमा केरकेट्टा, विधायक प्रतिनिधि केशवर सिंह, जिला महासचिव विजय ठाकुर, मंडल अध्यक्ष निमरोद एक्का, संजय शर्मा, दामोदर सिंह, पंचायत अध्यक्ष पुरोसोत्तम उरांव, उर्मिला केरकेट्टा, रघुबीर प्रधान, अरबिन्द सिंह, नवीन सिंह,अनुज गोप ,बिट्टू सिंह, समीर कुल्लू,अमित सिंह, पंचायत अध्यक्ष बिनोद उरांव, निर्मल उरांव, संजय साहू, माथा खरिया, सूरज साहू, रोहित नायक, छोटेलाल नायक, रामदयाल नायक, राजेश नायक, राजू खरिया, सतीश नायक, सहदेव नायक, अनिल डुंगडुंग, प्रेमकुमार मुंडा, संजय खरिया, लल्लू साहू, संजय गोप, शतीश साहू विनोद गोप, अतीस कुल्लू, सावन लकड़ा, असित नायक, मनोज भगत, जगरनाथ नायक, पीसीसी डेलीगेट सुसेना लकड़ा, नालकेश्वर सिंह, दुर्गा किसान, राम कृष्ण प्रधान, कुलदीप खरिया, निर्मल सिंह, दिनेश सिंह, जगजीवन खरिया, बैजेंद्र एडवार, सुनील खरिया, बसंत किसान संतोष प्रधान, संतोष सिंह, पेरू उरांव, अनुज सोरेंग उपस्थित थे।

### वीर शहीदों की कुर्बानी व्यर्थ नही जायेगी : वेदांत शंकर

# सेन्हा थाना परिसर में धधरिया प्रारूप स्थल पर 11 शहीद जवानों को पुष्प अर्पित करते पुलिस कर्मी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** थाना परिसर में में स्थित धधरिया जलप्रपात प्रारूप स्थल पर 3 मई 2011 को नक्सली हमला द्वारा पेरेशर बम के चपेट में आने से झारखण्ड पुलिस व सीआरपीएफ के 11 जवान शहीद हो गये थे। जिसे जिले के एसपी हरीश बिन जमा के निर्देश पर प्रशिक्षु एस पी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर की अगवाई में वीर शहीद जवानों की याद में चित्र पर माल्यार्पण कर और दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। मौके पर उपस्थित स अ नि जमशेद खान जो घटना में घायल हो गए थे। और वर्तमान समय में सेन्हा थाना में पदस्थापित हैं। जिन्हें प्रशिक्षु एस पी वेदांत शंकर द्वारा साल देकर सम्मानित किया गया। साथ उन्होंने कहा की सेन्हा सहित देश के वीर जवानों की कुबानी कभी व्यर्थ नही जा जायेगा। 3 मई की घटना में शहीद जवानों के कारण आज लोहरदगा पुलिस में हौसला बढ़ा और नक्सली गति विधि में कमी आई है। जिसे जनता अमन चैन की नीद सो रही है। साथ ही कहा कि जब तक दुनिया रहेगा तब तक 3 मई की घटना को याद किया जायेगा। उन्हनो जवानों से कहा की अपराध उग्रवाद के प्रति हमेशा जागरूक और सजग रहें। और वीरता का परिचय दें। मौके पर पुलिस निरिक्षक सचितानंद साहू,पु अ नि मनोज कुमार, अभिनव कुमार राम, शिवशंकर मार्डी, पंकज कुमार, जमशेद खान सहित अन्य सभी पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

# टेटईटांगर प्रखंड मुख्यालय में झारखंड पार्टी के चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पार्टी के के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने फीता काटकर कार्यालय का किया उद्घाटन। मौके पर उन्होंने कांग्रेस और भाजपा लोगों को धर्म के नाम पर ठगने का काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी कांग्रेस और भाजपा दोनों को जवाब देगी। एनोस एक्का ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद झारखंड पार्टी महागठबंधन के साथ मिलकर आदिवासी, मुलवासी, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, सामान्य सभी के उत्थान के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टी झारखंड पार्टी के खिलाफ दुष्प्रचार कर लोगो को बरगलाने का काम कर रही है। कांग्रेस पार्टी सिर्फ आदिवासी समाज और अल्पसंख्यक समाज को ठग कर केवल वोट लेने का काम करती है। मौके पर संदेश एक्का, ओम प्रकाश अग्रवाल, मतियस बागे, ललित समद, सुरसेन तिर्की, प्रियंका केरकेट्टा, अबनेजर, अजर कुल्लू, पावेल मुंडू, बाबूराम लकड़ा, मो अशरफ, मो सोनू सहित कई लोग उपस्थित थे।

## असमाजिक तत्वों ने लगाई आग, किसान की फसल जल कर हुई राख



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** घटना सेन्हा प्रखंड क्षेत्र की है जहां गेंहू फसल में आग लगने से फसल जल कर राख हो गया। जिसमे किसान को हजारों का आर्थिक नुकसान हो गया है। असमाजिक तत्वों के शरारत से किसान के मेहनत पर फिर पानी गया।बताया जा रहा है कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के अलौदी पंचायत के उरु ग्राम निवासी स्व0 रघुनाथ महतो के पुत्र गांसा महतो गेंहू खेत में असमाजिक तत्वों द्वारा आग लगा दिया गया। जिससे किसान का फसल जल कर राख हो गया। इस घटना में किसान को लगभग 30 से 35 हजार का आर्थिक नुकसान होने की बात बताई जा रही है। विदित हो कि किसान के गेहूं फसल में आग लगने से नुकसान के साथ परिवार का भरण पोषण करने का समस्या उत्पन्न हो गई है। किसान गांसा महतो ने जानकारी देते हुए कहा कि लगभग 60 डिसमिल में गेंहूं का फसल लगाया था। जो फसल तैयार हो गया था। लेकिन असमाजिक तत्वों द्वारा गुरुवार को दोपहर में आग लगा दिया गया।आग लगने की सूचना ग्रामीणों द्वारा मिला जब तक खेत पंहुचते तब तक गेंहूं जल कर रख हो चुका था। साथ ही किसान ने कहा कि गेंहू जलने से परिवार का भरण पोषण की समस्या उत्पन्न हो गई है।

## 7 मई को चलाये जानेवाले इस हैशटैग अभियान का हिस्सा बने आप

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के निदेश पर आगामी 7 मई 2024 को संध्या 6 बजे से रात्रि 8 के बीच सभी सोशल मीडिया हैण्डल्स पर हैशटैग में मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर कैंपेन चलाया जाएगा। इस दिन विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां शामिल की जाएंगी जिसका फोटो व वीडियो ट्विटर (एक्स), फेसबुक, इंस्टग्राम और यूट्यूब पर हैशटैग के साथ अपलोड किया जाएगा। इस दिन सभी मतदान केंद्रों पर गठित बूथ अवेयरनेस ग्रुप की बैठक भी आयोजित की जाएगी एवं मतदाता शपथ भी दिलायी जाएगी। 7 मई को चलाये जानेवाले इस हैशटैग अभियान का हिस्सा कोई भी बन सकते हैं। वे अपनी सेल्फी के साथ अपना फोटो व वीडियो सोशल मीडिया हैण्डल्स पर अपलोड करें और उसे जिला निर्वाचन पदाधिकारी, लोहरदगा के एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम व यू-ट्यूब हैण्डल्स पर टैग करें। अपना फोटो व वीडियो मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखण्ड और भारत निर्वाचन आयोग को भी टैग करें। साथ ही, हैशटैग में भी इलेक्शन एम्बेसडर का इस्तेमाल करना ना भूलें।

# इंडिया गठबन्धन के प्रत्यासी का खुला चुनावी कार्यालय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहतदग :** इंडिया गठबन्धन के प्रत्यासी सुखदेव भगत का चुनावी कार्यालय प्रखंड मुख्यालय में वरिष्ठ कांग्रेसियों राम टाना भगत, लाल सत्यदेव नाथ शाहदेव, रोजउद्दीन अंसारी, लक्ष्मण टाना भगत द्वारा राजू महतो के आवास पर संयुक्त रूप से फीता काट कर कार्यालय का उद्घाटन किया गया। वही कार्यालय उद्घाटन से पूर्व शिवाजी मैरिज हॉल में कार्यकर्ता सम्मेलन किया गया। जिसे कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कॉंग्रेस के लोहरदगा लोकसभा प्रत्यासी सुखदेव भगत ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा की केंद्र की भाजपा सरकार को जनता मुँहतोड़ जबाब देगी और इस बार केंद्र में कॉंग्रेस का सरकार बनेगी। साथ कहा कि चमरा लिंडा निर्दलीय चुनाव लडकर गठबन्धन धर्म का पालन नही किया वे वोटकटवा हैं। परन्तु इस बार लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से जनता कांग्रेस को जिताने का मन बना चुकी है। मौके पर बिशुनपुर विधानसभा प्रभारी जगदीप भगत, नन्दकिशोर शुक्ला, जयनाथ साहु, सगीर अंसारी, नूरी खातून, बसन्ती उराँव, सफीक अंसारी, जमील अंसारी, महेश्वर उराँव, सुशीला उराँव, दीपक ठाकुर सहित कॉंग्रेस व इंडिया गठबन्धन के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## तीसरा राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए खिलाड़ी देवघर के लिए हुए रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राज्य में तीसरा झारखंड राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए लोहरदगा जिले से 15 खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए शुक्रवार को देवघर रवाना हुए। महल बॉमपास टाउन देवघर में सब जूनियर कैडेट जूनियर और सीनियर वर्क की दो दिवसीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता होनी है।इस दो दिवसीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता का आयोजन 4 एवं 5 मई को होगा। प्रतियोगिता में शामिल होने जा रहे खिलाड़ियों में आयुष्मान कुमार, आकांक्षा कुमारी, राखी कुमारी, साक्षी कुमारी, संतोषी कुमारी, आर्यमन प्रताप सिंह, आयुष्मान प्रताप सिंह, प्रिंस कुमार, रोशन कुमार, ऋतिक पाल, बिजेंदर उरांव, पंकज उरांव, राहुल कुमार राम, आर्यन पाल, प्रिंस दुबे शामिल हैं। वहीं इस दौरान ताइक्कांडो कोच अरविंद यादव एवं खिलाड़ियों को डिवाइन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर ज्ञान गंगा सिंह और एच एस इंपीरियल पब्लिक के डायरेक्टर इरशाद अंसारी, डिवाइन पब्लिक स्कूल बारीडीह के डायरेक्टर आनंददीप सिंह, प्रिंसिपल किरण सिंह, सहित अन्य लोगों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देकर रवाना किया है।

## जनता ने तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का बनाया मन : लखन उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी कैरो मंडल कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष लखन उराँव के नेतृत्व में गुड़ी पंचायत अंतर्गत नगडा, बरवा टोली, चीपो, गढ़टोली,गुड़ी बाघी आदि गांवों में भाजपा के पक्ष में प्रचार प्रसार किया गया। जिसमें भाजपा के प्रत्यासी श्री समीर उराँव जी को भारी मतों से विजय बनाने का आह्वान किया गया। ग्रामीण जनता भी इस बार देश मे मोदी सरकार बनाने का मन बना लिया है। गाँव के सभी जनता देश का विकास चाहती है। केंद्र सरकार के द्वारा दिये गए योजना प्रधानमंत्री आवास, गैस, नल जल, आयुष्मान कार्ड, 80 करोड़ गरीब को मुफ्त राशन,कृषि सम्मान निधि आदि से जनता बहुत खुश है। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्यासी समीर उराँव से उनकी सादगी से जनता बहुत प्रभावित है। क्षेत्र के उत्तरोत्तर विकास के हमारे प्रत्यासी कृतसंकल्पित है। चुनाव प्रचार में बजरंग उराँव भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा लोहरदगा विधानसभा प्राभारी, कैलाश महतो पूर्व मंडल अध्यक्ष, विशेस्वर प्रसाद दीन, अन्तोष साहू (विकास) आदि मुख्य रूप से भ्रमण कर रहे थे।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को लेकर चलाया गया अभियान



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा के आचार्य आचार्या तथा भैया बहनों द्वारा प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र के सरना टोली एवं धोबी मुहल्ला में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। वही ग्रामीण मतदताओं से सम्पर्क कर मतदान के लिये जागरूक करते हुए प्रधानाचार्य व आचार्य अचर्याओ ने कहा कि लोकतंत्र में अपना एक मत देना सभी का अधिकार है। सभी लोग अपना अपना मत देकर देश का नवनिर्माण में सहभागी बनें साथ ही कहा कि 13 मई को सभी लोग सबसे पहले मतदान करेंगे फिर उसके बाद अपना अन्य काम करेंगे। सभी लोगो के बीच मतदान पर्ची का वितरण किया गया। मौके पर प्रतिभा देवी, डॉली कविता, रामशिला उराँव, जयप्रकाश सिंह, सुषमा देवी, राजकिशोर उराँव, चांदनी कुमारी सहित सभी आचार्य आचार्य व भैया बहन मौजूद रहे।

## अनीश अहमद ने कैरो ब्लॉक थाना मोड पर चुनावी कार्यालय का किया उद्घाटन

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो ब्लाक थाना मोड़ के बगल में इंडिया गठबंधन दल के कांग्रेस प्रत्यासी सुखदेव भगत का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन कैरो पहान बीरेंद्र उरांव, प्रखण्ड सह प्रभारी शरत कुमार विद्यार्थी,प्रखण्ड अध्यक्ष अनीश अहमद खान, जे एम एम प्रखण्ड अध्यक्ष मो सजादव अन्य अतिथियों द्वारा फीता काटकर किया गया।इससे पूर्व पहान बीरेंद्र उरांव के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया किया गया।मौके पर शरत कुमार विद्यार्थी ने कहा कि हम सभी को मिलजुलकर इंडिया गठबंधन दल के कांग्रेस प्रत्यासी सुखदेव भगत के पक्ष में काम करना है ताकि प्रखण्ड क्षेत्र में हमारा जीत सुनिश्चित हो।प्रखण्ड अध्यक्ष अनीश अहमद ने कहा कि भा ज पा सरकार आज तानाशाह हो गई है।जब से भा ज पा सरकार आई है देश मे महंगाई चरम पर है,लोग त्राहि त्राहि कर रहे हैं इस बार लोकसभा चुनाव में देश की जनता भा ज पा को सबक सिखाने का काम करेगी।

# चमरा लिंडा के जनसभा के बाद और गरमाई राजनीति, कार्यकर्ताओं के साथ साथ उड़े उम्मीदवारों की भी नींद







**राजेश गुप्ता@प्रभात मंत्र**

**लोहरदगा :** लोक सभा चुनाव 2024 को लेकर देखा जाय तो लोक सभा प्रत्याशीयो में से सबसे पहले चमरा लिंडा ने चुनावी बिगुल फूंक कर जनसभा का आयोजन किया है,गुरुवार को भंडरा प्रखंड में चमरा लिंडा ने चुनावी जनसभा का आयोजन कर इस बात अंदाजा जताया है की लोहरदगा लोकसभा चुनाव इस बार रोचक तथा मुस्किल भरा होने जा रहा है।आदिवासियों का मसीहा कहे जाने वाले चमरा लिंडा ने जन सभा में हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के लोगो की मौजूदगी देखकर अन्य उम्मीदवारों के नींद उड़ा दी है।इस बार लोहरदगा लोकसभा का चुनाव का सबसे महत्वपूर्ण बात यह होगी कि निर्दलीय चमरा लिंडा के इंट्री से लोकसभा श्रेत्र का चुनाव दिलचस्प होने के पूरे आसार है। साथ ही साथ चुनाव मे बनती बिगड़ती राजनीतिक गणित को देखकर राजनीतिक जानकार भी कुछ भविष्यवाणी करने मे अब कतराने लगे है। क्योंकि प्रत्याशियों के अपने ही समर्थक मुस्लिम, आदिवासी वर्ग समान रुप से रहस्यमयी चुप्पी व मतों के बंदरबांट की अंशका भी परेशानी मे डाले हुए है। वैसे जानकारों का कहना है कि लोहरदगा मे भाजपा व कांग्रेस के बीच हमेशा से मुकाबला होता रहा है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत को इस चुनाव में अपना राजनीतिक भविष्य का अहम चुनौती है उनकी एक जीत राजनीतिक कैरियर को पुनर्जीवित कर देगी। फलतः सुखदेव भगत लोहरदगा लोकसभा सीट पर विजय पताका लहराने के लिए हर कोशिश कर रहे है। वहीं दूसरी ओर भाजपा भी इस सीट पर पुनः अपना कब्जा बरकरार रखने के लिए वर्तमान सांसद सुदर्शन भगत के स्थान पर जमीन से जुडे राज्य सभा सदस्य समीर उरांव को मैदान मे उतार कर विश्वास जताया है कि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के वावजूद विजय तिलक लगायेंगे। भाजपा नेता अपनी जीत की सम्भावनाओं को लेकर आशान्वित नजर आ रहे है। दुसरी तरफ झारखंड मुक्ति मोर्चा के विशुनपूर विधायक चमरा लिंडा बगावत कर निर्दलीय चुनाव मैदान में है। कहा जाता है चमरा लिंडा जिनकी अपनी एक अलग व्यक्तिगत पहचान व जमीन से जुड़े नेता है। कुल मिलाकर देखा जाए तो लोहरदगा लोकसभा सीट को अपने पक्ष में करने को लेकर भाजपा,कांग्रेस व निर्दलीय प्रत्याशी ने अपनी पूरी ताकत झोकते हुए आदिवासी तथा मुस्लिम वोटरो के बीच हर राजनीतिक प्रयास शतंरज की चाल के अनुसार जमीनी स्तर पर रहस्यमयी तरीके से कार्य कर रहे है। ऐसे परिस्थिति में मुकाबला काफी दिलचस्प होने के पुरे आसार नजर आ रहे है। कुल मिलाकर अभी से जीत का दावा ठोकना आसमान के तारे तोड़ने वाली बात होगी। वैसे भी राजनैतिक जानकारों का कहना है कि इस बार नेताओं को अपनी पार्टी की जीत के समीकरण के अनुकूल मानना महंगा भी पड़ सकता है। लोहरदगा लोकसभा सीट रांची गुमला और लोहरदगा जिला मे फैला है जो अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। इस सीट मे पांच विधानसभा श्रेत्र आता है जिसमें लोहरदगा, गुमला, विशुनपूर, सिसई व मांडर है। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र मे कुल 14,37,018 मतदाता है जिसमें से महिला मतदाता 7,29,616 व पुरुष मतदाता 7,07,402 है। करीब 64 फ़ीसदी आदिवासी मतदाता है। ज्ञात हो कि कांग्रेस पार्टी के कार्तिक उराँव वर्ष 1967,1971 और 1980 मे तीन बार लोहरदगा के सांसद बने वही कांग्रेस के ही सुमति उरांव 1982 के उपचुनाव 1984 और 1989 मे जीत दर्ज की। वहीं भाजपा के प्रत्याशी सुदर्शन भगत 2009, 2014 व 2019 मे लगातार तीन बार जीत दर्ज की। कहा जाता है कि लोहरदगा कभी कांग्रेस का गढ़ था लेकिन पिछले तीन दशक से भाजपा का कब्जा रहा है। कांग्रेस ने अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा को प्राप्त करने के लिए एक बार फिर पूर्व विधायक सुखदेव भगत को चुनाव में उतारा है। बहरहाल लोहरदगा लोकसभा सीट पर इस बार बड़ा ही रोचक तथा मुस्किल भरा चुनावी मुकाबला होने जा रहा है। जिसको लेकर जनता के साथ साथ उम्मीदवारों की भी नींद उड़ा रखी है।

# लड़ाई वीडी राम का नहीं, शहर के विकास का है : अरुणा शंकर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर अपनी पूरी टीम के साथ स्टेशन रोड, वेलवाटिका, गुरुद्वारा रोड और कई जगह पंजाबी ढोल बाजे के साथ दौरा कर 4 तारीख की सुबह 8 बजे चियाकी एयरपोर्ट सभा स्थल पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में आने का आमंत्रण दिया। साथ ही उन्होंने लोकप्रिय सांसद प्रत्याशी वीडी राम को अपार मतों से विजई बनाने के लिए 13 तारीख की सुबह मतदान करने की अपील की। प्रथम महापौर ने कहा कि हम सब इस बार पहले से भी ज्यादा वोट से बीडी राम जी को जीताकर सिर्फ संसद नहीं बल्कि मंत्री बनाने का दावा करेंगे। ताकि हमारे क्षेत्र का विकास हो। यह लड़ाई सिर्फ वीडी राम का नहीं बल्कि क्षेत्र के विकास का है। प्रथम महापौर ने कहा कि हम सब चेंबर के सदस्यों के साथ घूम-घूम कर प्रयास कर रहे हैं। इस बार हमारे शहर का वोट प्रतिशत बढ़ेगा, हमें पूरा विश्वास है। हम सब को अवश्य ही सफलता मिलेगी। प्रथम महापौर अरुण शंकर ने कहा कि मेदीनीनगर शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने में पलामू लोकसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी वीडी राम का अहम योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के विकास में भी उनकी महती भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि एक पढ़े-लिखे व्यक्ति को संसद भवन में पहुंचने से क्षेत्र का तेज गति से विकास होता है। बीडी राम ने अपने 10 वर्षों के कार्यकाल के दौरान पलामू लोकसभा क्षेत्र का जितना विकास किया है उतना विकास आजादी के बाद किसी भी सांसद ने नहीं किया। इसलिए जरूरी है कि इस बार भी वीडी राम को अपार मतों से विजई बनाना है। अरुण शंकर ने कहा कि यह चुनाव विकास का चुनाव है, आत्म सम्मान का चुनाव है। वीडी राम के तीसरी बार सांसद बनने से जो काम अधूरे रह गए हैं उसको पूरा करने में वह कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। अरुण शंकर ने कहा कि पलामू लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बीडी राम इस बार रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे। साथ ही केंद्र सरकार में मंत्री बनना भी इस बार फाइनल है।

# पीएम मोदी का चुनावी जनसभा ऐतिहासिक होगा : अमित तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी चार मई को पलामू में चुनावी दौरे पर आ रहें है।इसको लेकर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है।पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ता पूरी तन्मयता के साथ जुटे हुए है। उक्त बातें भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने हुसैनाबाद शहर के रिद्धि सिद्धि होटल में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी चार मई को चियांकी हवाई अड्डे पर एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इस जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिऐ भाजपा परिवार पलामू संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक गांव में जाकर लोगों को आमंत्रित करने का काम कर रही है। हुसैनाबाद विधानसभा प्रभारी अविनाश वर्मा ने कहा की देश की जनता विकास के नाम पर तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनते देखना चाहती है। हुसैनाबाद विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी वीडी राम भारी मतों से आगे रहेंगे। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमीति सदस्य विनोद कुमार सिंह ने कहा की विधानसभा के भाजपा कार्यकर्त्ता पीएम मोदी की जनसभा को सफल बनाने और लोकसभा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर पुरी ताकत के साथ लगे हुऐ है। इस बार हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र से रिकार्ड मत मिलेगा। पिछली बार से अधिक मतों से पलामू लोकसभा से वीडी राम चुनाव जीतेंगे। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह, अशोक सिंह, कर्नल संजय सिंह, रामप्रवेश सिंह,संतोष सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।




## झारखण्ड सरकार

## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग

### -:अति आवश्यक सूचना:-

पशुपालन निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–521 नि0 दिनांक–23.04.2024 के अनुसार क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, राँची में H5N1 Avian Influenza की पुष्टि की गई है। पक्षियों में संभवतः बर्ड फ्लू नामक बीमारी के कारण अधिक संख्या में असामान्य मृत्यु होती है। बर्ड फ्लू मुर्गी, बत्तख एवं अन्य पक्षियों में होनेवाली एक जानलेवा बीमारी है जो कि पक्षियों से मनुष्यों में भी फैल सकती है। अतएव हमें सजग एवं सतर्क रहना अति आवश्यक है।

| पक्षियों में बर्ड फ्लू के लक्षण | बर्ड फ्लू संक्रमण रोकने के उपाय |
|---|---|
| ➢ बहुत अधिक संख्या में अचानक मृत्यु होना।<br>➢ कलगी फूल जाना।<br>➢ कलगी, बाली एवं पैरों का रंग नीला हो जाना।<br>➢ नाक से पानी आना।<br>➢ पतला दस्त होना।<br>➢ सांस लेने में तकलीफ होना।<br>➢ चलने में लड़खड़ाना | ➢ मृत पक्षियों को देखने पर उसे छुएं नहीं, ना ही नजदीक जाए।<br>➢ आस–पास रहने वाले व्यक्ति मास्क का इस्तेमाल करें।<br>➢ कुक्कुट फार्म में यदि कुक्कुट की अत्यधिक संख्या में आकस्मिक मृत्यु होती है तो अविलम्ब स्थानीय पशु चिकित्सा पदाधिकारी से सम्पर्क कर उनके निर्देशानुसार कार्य करें।<br>➢ जब तक उनके फार्म में बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं हो जाती है कुक्कुटपालक घबराऐं नहीं। |

यदि पक्षियों में असामान्य मृत्यु अधिक संख्या में हो रही है तो अपने निकटतम पशु चिकित्सालय या प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी से अविलम्ब सम्पर्क करें।
साथ ही पशु चिकित्सा पदाधिकारियों को जाँच हेतु पक्षियों के Cloacal, Tracheal Swab लेने में सहयोग करें।

PR NO -324397 (Agriculture, Animal Husbandry And Co-opretive Department) 24-25

## झारखण्ड सरकार

## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग

### उष्म लहर (Heat Wave) से बचाव हेतु परामर्श

कृषि :–
क्या करें –

- खड़ी फसलों में हल्की एवं बार–बार सिंचाई करें।
- नर्सरी अवस्था वाली सब्जियों को पुआल से ढकें।
- फसलों के नाजुक स्थिति में आवश्यकतानुसार सिंचाई की आवृत्ति को बढ़ाएँ।
- मिट्टी की नमी को बनाए रखने के लिए फसलों के अवशेष जैसे–पुआल तथा पॉलिथिन आदि से ढ़कें, जिससे मिट्टी में नमी बरकरार रहे।
- खड़ी फसलों में सिंचाई सुबह एवं शाम के समय ही करें।
- सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर एवं टपक सिंचाई (Drip Irrigation) का प्रयोग करें।
- आम, नींबु, पपीता आदि के बागों में शाम के समय सिंचाई की जाय, ताकि बागों में पर्याप्त नमी बनी रहे।
- यदि आपके क्षेत्र में लू का प्रकोप हो तो हवादार एवं छायादार स्थानों में आश्रय लें।

पशुपालन :–
क्या करें :–

- **पर्याप्त आश्रय प्रदान करना** :– जानवरों को पूरे दिन छायादार जगहों पर रखें। पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों से अस्थायी आश्रयों (झाला) का निर्माण करें या उन्हें सीधे सूर्य की रौशनी से बचाने के लिए पेड़ों या अन्य संरचनाओं से प्राकृतिक छाया प्रदान करें।
- **पानी के कटोरे और बर्तन रखना** :– जलसंचय योजना गर्मी के तनाव से निपटने की कुँजी है। पानी के कटोरे में साफ, ताजा पानी नियमित रूप से भरें और अधिक गर्मी से बचने के लिए उन्हें छायादार क्षेत्रों में रखें, साथ ही कुओं/हैंडपंप आदि के पास चौड़े खुले वाले बड़े मिट्टी के बर्तनों या ऐसे कंटेनरों का उपयोग करना चाहिए, जिन्हें जानवर आसानी से पलट न सकें।
- **गर्मी से तनाव के लक्षणों की निगरानी करें** :– गर्मी की थकावट या हीटस्ट्रोक (लू) के लक्षणों के प्रति सतर्क रहें, जिनमें अत्यधिक हांफना, सुस्ती, लार टपकना, तेजी से दिल की धड़कन और पतन आदि शामिल है। यदि संकट के कोई भी लक्षण दिखाई दें तो **ओ0आर0एस0** का उपयोग करें एवं तुरंत पशु चिकित्सक से संपर्क करें।
- **जागरूकता** :– अपने समुदाय के भीतर जानवरों को अत्यधिक गर्मी से बचाने और सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाएं। यदि आवश्यक हो तो सहायता प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करें।
  पशु क्रुरता की रोकथाम के अधिनियम 1965 के नियम 06 के उप–नियम 03 में कहा गया है कि जहाँ तापमान 37 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो वहाँ दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे के बीच कोई भी व्यक्ति उन क्षेत्रों में वाहन खींचने या भार ढ़ोने के लिए किसी जानवर का उपयोग नहीं करेंगे।
  सभी पशुपालकों से अपील किया जाता है कि अत्यधिक गर्मी के प्रतीकूल प्रभावों से बचाने के लिए अपने जानवरों को गर्मी से संबंधित बीमारियों और संकटों से बचाने के लिए सक्रिय उपाय करें, ताकि अत्यधिक गर्मी की स्थिति के कारण जनवरों को कोई अनावश्यक दर्द या पीड़ा न हो। किसी भी आकस्मिक स्थिति में निकटम पशु चिकित्सालय में संपर्क करें।

क्या न करें :–

- **दोपहर के समय मवेशियों/पशुओं को चराने या चारा देने से बचें।**

PR-324396(Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department)24-25